आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अखबार

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 26 | उज्जैन, मंगलवार 10 फरवरी, 2026 | फाल्गुन कृष्ण 9 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** विपक्ष लोकसभा स्पीकर के खिलाफ लामबंद होने की तैयारी में जुट गया है। विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को घेरने के लिए उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर ली है। सभी दल इस प्रस्ताव को लेकर सहमति जता चुके हैं। हालांकि अब तक किसी भी प्रकार का आधिकारिक बयान या जानकारी किसी भी दल के द्वारा नहीं दी गई है। गौरतलब है कि सदन में विपक्ष का हंगामा जारी है। इसी बीच सूत्रों के हवाले से यह खबर आ रही है कि विपक्ष ने लोकसभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की तैयारी कर ली है। इसके लिए सभी दल लामबंद हो गए हैं। सभी दलों ने प्रस्ताव को लेकर अपनी सहमति भी जता दी है।

### एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे

**नई दिल्ली/कोलकाता।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह इस प्रक्रिया में किसी भी तरह की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने कहा कि यह बात सभी राज्यों के लिए है। जरूरत पड़ने पर आदेश जारी किए जाएंगे। कोर्ट ने बंगाल एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की तारीख 14 फरवरी से बढ़ाकर 21 फरवरी कर दी है। वहीं चुनाव आयोग ने कोर्ट में एफिडेविट दाखिल कर आरोप लगाया था कि कुछ बदमाशों ने बंगाल में एसआईआर से जुड़े नोटिस जला दिए और अब तक इस मामले में कोई एफआईआर नहीं हुई।

उर्फी जावेद ने छोड़ा इस्लाम धर्म

### नाम गीता भारद्वाज रखने पर रिएक्शन



एक्ट्रेस ने खुद बताई सच्चाई

**मुंबई।** उर्फी जावेद को इन दिनों उनके धर्म और पहचान को लेकर खूब ट्रोल किया जा रहा है। अब उर्फी ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। उर्फी ने इस पर साफ तौर से कहा कि वो किसी भी धर्म को नहीं मानती हैं। दरअसल, हाल ही में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर फैजान अंसारी ने दावा किया है कि उर्फी को मुसलमानों ने इस्लाम से बाहर कर दिया है। इतना ही नहीं उनका नाम भी बदलकर गीता भारद्वाज कर दिया है। अब उर्फी ने फैजान के दावों को खारिज कर दिया है और इसे बकवास बताया है। आईएएस से बात करते हुए उर्फी ने कहा,'मैं खुद बहुत पहले धर्म छोड़ चुकी हूं। अब ये लोग ये सब बातें क्यों बना रहे हैं।' 'मैं नास्तिक हूं।' अपना नाम गीता भारद्वाज रखने पर रिएक्शन देते हुए उर्फी ने कहा,' ये किसने कहा? ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं है। ये लोग खुद ही बना रहे हैं। मैं कोई धर्म नहीं मानती। मैं नास्तिक हूं। तो आप मुझे कहां से निकालेंगे? जिसे कहीं होना ही नहीं है, उसे आप कहां से निकालेंगे।' दरअसल, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर फैजान अंसारी ने कहा था कि उर्फी को इस्लाम से बाहर कर दिया गया है और उनकी नाम गीता भारद्वाज होगा। फैजान ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर कहा कि उर्फी जावेद को समुदाय से मुसलमानों ने अलग करने का फैसला किया है, क्योंकि वो अपने समुदाय का लगातार अपमान कर रही हैं। अंसारी ने वीडियो में कहा,'हैलो दोस्तों, कैसे हैं आप सब? मैं फैजान अंसारी, एक लड़की है जो सिर्फ भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मुसलमानों का नाम खराब कर रही है। वो खुद कहती है कि उसे कुरान पर विश्वास नहीं है, उसे इस्लाम पर विश्वास नहीं है, उसे मुस्लिम धर्म पर विश्वास नहीं है। उसका नाम अब तक मुश्लिम था, उर्फी जावेद। वो बहु खराब लड़की है, जिसने पूरी दुनिया में मुसलमानों का नाम खराब कर दिया है और हर मुसलमान उसे गाली देता है।'

### जी20 देशों में इंडियन इकोनॉमी की ग्रोथ सबसे तेज

**नई दिल्ली।** ग्लोबल रेटिंग एजेंसी मूडीज ने सोमवार को भारतीय इकोनॉमी को लेकर नए अनुमान जारी किए हैं। मूडीज के मुताबिक, अगले वित्त वर्ष (2026-27) में भारत की जीडीपी 6.4% की दर से बढ़ सकती है। मूडीज ने कहा कि यह रफ्तार दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं वाले जी20 देशों के ग्रुप में सबसे ज्यादा होगी। एजेंसी ने इसके पीछे मजबूत घरेलू खपत, सरकार के नीतिगत फैसलों और देश के स्थिर बैंकिंग सिस्टम को मुख्य वजह बताया। मूडीज का यह अनुमान भारत सरकार और रिजर्व बैंक के अनुमान के मुकाबले थोड़ा कम है। पिछले महीने संसद में पेश हुए इकोनॉमिक सर्वे में वित्त वर्ष 2027 के लिए 6.8% से 7.4% की ग्रोथ का अनुमान बताया गया था।

### शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ, सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार 9 फरवरी को भारतीय बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर आशावाद देखने को मिली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और रियल एस्टेट शेयरों में जोरदार खरीदारी के चलते बेंचमार्क इक्विटी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी ने सोमवार को लगातार दूसरे सत्र में अपनी बढ़त जारी रखी। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 9 पैसे गिरकर 90.74 (अस्थायी) पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 485.35 अंक या 0.58 प्रतिशत बढ़कर 84,065.75 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, बेंचमार्क 734.28 अंक या 0.87 प्रतिशत बढ़कर 84,314.68 के अंतर्देशीय उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

भोपाल में पिछले एक महीने से सुर्खियों में बने गोमांस और गंदे पानी की सप्लाई के मुद्दे पर बड़ा प्रदर्शन

# घेराव कर महापौर मालती और एमआईसी का रावण रूपी पुतला फूंका

## पहले पुलिस के साथ हुई धक्का-मुक्की और फिर की जोरदार नारेबाजी, कांग्रेसी महापौर का 11 सिर वाला कटआउट लेकर पहुंचे थे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल में पिछले एक महीने से सुर्खियों में बने गोमांस और गंदे पानी की सप्लाई के मुद्दे पर सोमवार को बड़ा प्रदर्शन हुआ। कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झूमरवाला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आईएसबीटी स्थित निगम दफ्तर का घेराव किया और महापौर मालती राय और एमआईसी का रावण रूपी पुतला फूंका। इससे पहले पुलिस के साथ धक्का-मुक्की हुई और जोरदार नारेबाजी की गई। बता दें कि कांग्रेसी महापौर का 11 सिर वाला कटआउट लेकर पहुंचे थे, जिसमें 10 सिर अन्य जिम्मेदारों के हैं।




बता दें कि इंदौर में दूषित पानी पीने से 33 लोगों की जान चली गई। भोपाल में भी ऐसा ही खतरा मंडरा रहा है। कई इलाकों में सीवेज के साथ ही पानी की लाइन है। इससे पानी गंदा आ रहा है। दूसरी ओर, वार्ड ऑफिसों में जल सुनवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति ही हो रही है। नाले के पानी को भी पीने योग्य बताया जा रहा है। पिछले दिनों वार्ड के कर्मचारी ने नाली के पानी को पीने योग्य बता दिया था। कांग्रेस नेता साहू ने बताया कि कहीं पानी के चैंबर में सीवेज का पानी मिल रहा है तो कहीं गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। इससे लोग बीमार भी हो रहे हैं। इसके अलावा स्लॉटर हाउस में गोमांस मिलने का मामला भी गंभीर है। अब तक छोटे कर्मचारियों पर ही कार्रवाई हुई है, लेकिन जिम्मेदार महापौर और एमआईसी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। एमआईसी मीटिंग से ही स्लॉटर हाउस का प्रस्ताव पास हुआ था।

### यह है गोमांस का मामला

- बता दें कि जहांगीराबाद थाना प्रभारी मान सिंह चौधरी ने 24 दिसंबर 2025 को एक एफआईआर दर्ज की। इसमें 7 दिन पहले, 17 दिसंबर को कंटेनर नंबर यूपी 15 जेटी 4286 में मांस मिलने का हवाला दिया।
- 18 दिसंबर को वेटनरी अस्पताल जहांगीराबाद में कंटेनर में भरे 265 क्विंटल (26.5 टन) मांस में से वेटनरी डॉक्टर की टीम ने अलग-अलग 5 डिब्बों में सैंपल लिए। बाकी मांस कंटेनर के ड्राइवर शोएब पिता कमालउद्दीन को ही सुपुर्दगी में दे दिया गया।

### मथुरा की लैब में भेजे गए सैंपल

पुलिस ने जो सैंपल कंटेनर में मिले मांस के लिए थे, उन्हें पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक लेबोरेटरी मथुरा को भेजे। संदिग्ध मांस के सैंपल की जांच रिपोर्ट भी मिल गई। जिसमें मांस में गोमांस का होना सामने आया। गोमांस की पुष्टि होने के बाद हिंदूवादी संगठनों ने अरेरा हिल्स थाने के सामने प्रदर्शन किया। इसके बाद पुलिस ने जिंसी स्थित आधुनिक स्लॉटर हाउस का संचालन करने वाली लाइव स्टाक फूड प्रोसेसर प्राइवेट लिमिटेड में पहुंचकर दस्तावेज जब्त किए थे।

यूपी : गंगा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा

## 7 महिलाओं को कार ने रौंदा, 4 की मौत

एजेंसी ▶▶ रायबरेली

उत्तर प्रदेश के गंगा एक्सप्रेस-वे पर रविवार 8 फरवरी की देर रात रायबरेली जिले के सुलतानपुर जनौली के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। एक्सप्रेस-वे पर एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने पैदल चल रहे 7 यात्रियों को रौंद दिया। जिसमें से 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं 3 अन्य लोग गंभीर घायल हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार, सुलतानपुर जनौली क्षेत्र के चूली गांव में आयोजित भंडारे में शामिल होकर लौट रहीं थी, इसी दौरान एक्सप्रेस-वे पर तेजी से आ रही कार ने अनियंत्रित होकर सभी को रौंद दिया। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में भीड़ एकत्रित हो हई। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंचा। वहीं पुलिस अधीक्षक भी घटना स्थल पर पहुंचे।



### आधे घंटे तक नहीं खुला एंबुलेंस का दरवाजा

वहीं घटना को लेकर स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर सूचना मिलने के आधे घंटे बाद एंबुलेंस पहुंची। लेकिन आधे घंटे तक एंबुलेंस का दरवाजा ही नहीं खुला। वहीं दूसरी तरफ लक्ष्मणपुर रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के कारण जगतपुर-डलमऊ मार्ग पर जाम लग गया। जिससे की एक अन्य एंबुलेंस सीएचसी तक नहीं पहुंच सकी।

गतपुर के कोडर निवासी रिया पटेल, प्रिया पटेल, हिमांशी, शालिनी, रश्मि, साधना और आसमा इस एक्सीडेंट में घायल हो गए। जिसमें से हिमांशी और शालिनी की मौके पर ही मौत हो गई। आनन-फानन में सभी घायलों को जगतपुर सीएचसी व जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान आसमा और रशिमी की मृत्यु हो गई। इनमें से एक किशोरी भी है। अन्य तीन महिलाओं का इलाज जारी है।

### बैंक कर्मचारी ने खुद को गोली मारी



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के विजय नगर में एक बैंक कर्मचारी हेमंत पिता एसडी ब्रह्मवंशी ने खुद को गोली मार ली। कर्मचारी के घर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र के अधिकारी मकान खाली कराने पहुंचे थे। घटना सोमवार शाम को सिनर्जी अस्पताल के पास की है।

इस दौरान बैंक के कर्मचारी ऊपर के कमरे में लिखा-पढ़ी कर रहे थे। इस दौरान यह कदम उठा लिया। बताया जाता है कि उनके मकान पर ढाई करोड का कर्ज था। जिसमें डेढ़ साल से बैंक में बकाया चल रहा था। मृतक के परिवार में दो लड़के एक लड़की और मां है।

ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई

## सीएम के विधानसभा क्षेत्र में सगे भाइयों ने जमीन दान दी

एजेंसी ▶▶ संगरूर

पंजाब के सीएम भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धूरी में एक ब्राह्मण परिवार ने मस्जिद बनवाई। दो भाइयों ने मस्जिद के लिए 5 मरला जमीन दान दी। इसके साथ ही उन्होंने खुद और गांव से चंदा जोड़कर इमारत बनवाई, जिसमें दो कमरे और एक बरामदा है।

उन्होंने कहा कि गांव में करीब 2500 लोग रहते हैं, इसमें करीब 30 मुस्लिम परिवार हैं। मस्जिद न होने के कारण इन परिवारों को नमाज अदा करने के लिए दूसरे गांव जाना पड़ता था। उनकी इस परेशानी को देखते हुए जमीन दान की गई और सभी के सहयोग से मस्जिद का निर्माण कराया गया। धूरी तहसील के गांव पूनेवाल में बनी मस्जिद का 8 फरवरी को शाही इमाम मौलाना मोहम्मद



उस्मान रहमानी लुधियानवी ने उद्घाटन किया। इस मौके पर हिंदू और मुस्लिम परिवारों ने शाही इमाम का स्वागत किया। उद्घाटन के बाद मस्जिद में पहली बार नमाज अदा की गई। इसके बाद शाही इमाम मौलाना मोहम्मद उस्मान रहमानी लुधियानवी ने जमीन दान करने के लिए गांववासियों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि संगरूर जिले में एक हिंदू परिवार द्वारा किया गया यह काम पूरे देश के लिए मिसाल है। धूरी तहसील के गांव पुनेवाल के रहने वाले पंडित जसपाल राम और पंडित विजय कुमार खेतीबाड़ी करते हैं।

## संसद और दिल्ली के स्कूलों में बम की धमकी

### मेल में लिखा- 13 फरवरी को संसद में ब्लास्ट होगा, दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के 15 स्कूलों को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी भरे ई-मेल मिले। मेल में दावा किया गया कि 13 फरवरी को दोपहर 1.11 बजे संसद में ब्लास्ट होगा और दिल्ली को खालिस्तान बना देंगे।



अधिकारियों ने बताया कि आठ धमकियां बाद में फर्जी पाई गईं। ईमेल में आतंकी अफजल गुरु और पंजाब को खालिस्तान बताने का भी जिक्र था। धमकी के बाद स्कूलों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दिल्ली फायर सर्विस के मुताबिक, सुबह अलग-अलग इलाकों के स्कूलों से इमरजेंसी कॉल आईं। इसके बाद फायर टेंडर, बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड तुरंत मौके पर पहुंची।

कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी

## अमेरिका भारत को 25% पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50% से घटाकर 18% किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25% टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है।

## फरीदाबाद जेल में आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या

### राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी, हमलावर और अब्दुल एक ही बैरक में थे

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की फरीदाबाद जेल में बंद आतंकी अब्दुल रहमान की हत्या कर दी गई। रविवार देर रात जेल में मर्डर केस में बंद अरुण चौधरी उर्फ अब्बू जट नाम के कैदी ने उस पर नुकीली चीज से हमला किया। दोनों को हाई सिक्योरिटी वाली बैरक में एक साथ बंद किया गया था।

कत्ल का पता चलते ही जेल अधिकारी बैरक में पहुंचे। इसके बाद आतंकी की लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया। 20 साल के आतंकी अब्दुल को गुजरात एटीएस ने मार्च 2025 में पकड़ा था। जांच में पता चला कि वह अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट के कुख्यात आतंकी अबू सूफियान के संपर्क में था। उसने अयोध्या में राम मंदिर उड़ाने की साजिश रची थी। वहीं कत्ल करने वाला कैदी अरुण चौधरी का नाम भी चर्चित अक्षय शर्मा हत्याकांड में आया था। उसे पंजाब में हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 2 साल पहले ही उसे कठुआ जेल से फरीदाबाद की इस नीमका जेल में शिफ्ट किया गया था।







खंडवा में बारात में डीजे की आवाज से बिदकी घोड़ी ने लगाई दौड़

## कुएं में जाकर गिरी, दूल्हे बचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खंडवा

प्रदेश के खंडवा जिले के ग्राम फतेहपुर में रविवार की रात को एक शादी समारोह के दौरान बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बारात में शामिल घोड़ी ढोल-डीजे की तेज आवाज से अचानक बेकाबू हो गई और पास ही बने खुले कुएं में जा गिरी। गनीमत रही कि दूल्हे ने समय रहते घोड़ी से छलांग लगा दी और सुरक्षित बच गया।

जानकारी के अनुसार छैगांवमाखन क्षेत्र के ग्राम आवल्या विठ्ठल से बारात दोपहर करीब 2 बजे फतेहपुर पहुंची थी। दूल्हे को घोड़ी पर बैठाकर बारात गांव में प्रवेश कर रही थी। बाराती ढोल और डीजे की तेज धुनों पर नाचते-गाते आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज आवाज से घोड़ी घबरा गई। देखते ही देखते घोड़ी का संतुलन बिगड़ गया और वह पास में स्थित खुले कुएं में जा गिरी। घटना इतनी तेजी से हुई कि लोगों को संभलने का मौका नहीं मिला। घोड़ी के बेकाबू होते ही दूल्हे ने सूझबूझ दिखाई और तुरंत नीचे कूद गया। इससे उसकी जान बच गई और बड़ा हादसा टल गया।



### मौके पर मची अफरा-तफरी

घटना के बाद बारात में अफरा-तफरी मच गई। बाराती और आसपास के ग्रामीण तुरंत कुएं की ओर दौड़े। कुएं में पानी भरा होने के कारण घोड़ी की जान पर खतरा बन गया था। लोग तुरंत उसे बचाने में जुट गए। काफी प्रयासों के बाद ग्रामीणों ने मिलकर घोड़ी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली।

## महाकाल श्रृंगार



शिव नवरात्रि के चौथे दिन महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### गंदे पानी के प्रबंधन में कभी भी हो सकती है कार्रवाई, अधिकारियों का व्यक्तिगत नुकसान भी होगा कार्रवाई में

# नगर निगम पर भी लटक रही एनजीटी की तलवार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन में लगातार लापरवाही सामने आने पर एनजीटी ने सख्त रूख अपनाया हुआ है। इधर उज्जैन शहर में तरल अपशिष्ट के प्रबंधन की स्थिति को किसी भी हाल में ठीक नहीं कहा जा सकता है। इसके चलते गंदे पानी के प्रबंधन को लेकर कभी भी कार्रवाई संभावित नजर आ रही है। उज्जैन नगर निगम पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। इसमें संस्थागत रूप से तो कार्रवाई होगी ही अधिकारियों का व्यक्तिगत नुकसान भी होना संभावित बताया जा रहा है। हाल ही में सप्त सागरों को लेकर नगर निगम को ताबडतोड कार्रवाई करना पडी है।

शहर में गंदे नालों का पानी बराबर शिप्रा में बहाया जा रहा है। कुछ समय पूर्व इनमें से कुछ नालों को टाटा कंपनी की पाईप लाईन में जोडते हुए नए बनाए गए सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट सुरासा में जोडा गया है। शहर में घरों से निकलने वाले सिवरेज का अधिकांश हिस्सा अब भी इस लाईन से नहीं जुडा है। शहर में पूर्व में मात्र सदावल में एसटीपी था, टाटा के सिवरेज लाईन डालने के दरमियान ही सुरासा में भी एसटीपी बनाया गया है। इसके बाद भी बराबर नालों में ही सिवरेज जा रहा है और यह कहीं न कहीं नदी में मिल रहा है। इसके चलते तरल अपशिष्ट की स्थिति में प्रबंधन कमजोर ही पड रहा है। इस मामले में नगर निगम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं सहायक यंत्री से उनका पक्ष जानने के लिए मोबाईल संपर्क किया गया। कार्यपालन यंत्री नो रिप्लाय होते रहे और सहायक यंत्री का मोबाईल बराबर बंद आता रहा।

### सुरासा में 92 एमएलडी का प्लांट

शहर में पूर्व में सिवरेज वाटर के ट्रीटमेंट के लिए मात्र सदावल में प्लांट था। हाल ही के वर्षों में आगर रोड पर सुरासा के नजदीक एसटीपी बनाया गया है। इसकी क्षमता विभागीय सूत्रों के अनुसार 92 एमएलडी की है। इसमें वर्तमान में 13 में से मात्र कुछ ही नाले जोडे गए हैं जिनमें गऊघाट एवं वाल्मिकी धाम के नजदीक वाला नाला के साथ ही मंगलनाथ के पीछे वाला नाला भी शामिल बताया जा रहा है।




### नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का सख्त रुख

हरित क्षेत्रों, जलाशयों के आसपास अवैध रूप से कचरा फेंकने और जलाने के साथ ही पुराने कचरे के निपटारे पर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने सख्त रुख अपनाया है। एनजीटी की सेंट्रल जोन बेंच ने स्पष्ट किया कि स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण अनुच्छेद 21 के तहत नागरिकों का मौलिक अधिकार है। राज्य सरकार और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है कि वे पर्यावरण की रक्षा करें। इस संबंध में में सुप्रीम कोर्ट के कई फैसलों का भी हवाला दिया गया। इसके साथ ही निकायों पर नियमों के पालन में विफल रहने पर पर्यावरण जुमार्ना भी लगाया गया है जिसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर जैसे दस लाख से अधिक आबादी वाले नगर निगमों को प्रति माह 10 लाख रुपये राशि देनी होगी। पांच लाख रुपये प्रति माह का जुमार्ना पांच से दस लाख आबादी वाले निकायों पर लगेगा। एक लाख रुपये प्रति माह अन्य छोटे स्थानीय निकायों के लिए तय की गई है। पांच से दस लाख रुपये प्रति माह का जुमार्ना गंदे पानी को सीधे जल निकायों में छोड़ने या सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) न लगाने पर प्रति माह देना होगा। यह जुमार्ना प्रति प्लांट या नाला के अनुसार होगा। स्थानीय निकाय जुमार्ना भरने में असमर्थ रहते हैं, तो यह राशि राज्य सरकार को देनी होगी। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों की गोपनीय चरित्रावली (एसीआर) में प्रतिकूल प्रविष्टि (एडवर्स एंट्री) करने के निर्देश भी दिए गए हैं, जिससे उनका प्रमोशन और करियर प्रभावित होगा।एनजीटी ने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिए हैं कि उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई करते हुए क्षति की भरपाई कराई जाए और पर्यावरण बहाली के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। नगर निगम में पर्यावरण सेल गठित कर प्रशिक्षित अधिकारियों की नियुक्ति भी अनिवार्य की गई है।

### सदावल में 83 एमएलडी का प्लांट

शहर में सुरासा के पहले से सदावल में एसटीपी बना हुआ है। यह प्लांट 83 एमएलडी का विभागीय सूत्र बता रहे हैं। खास यह है कि सदावल प्लांट मोटरपंप और इलेक्ट्रिक आधार पर होने से आए दिन किसी समस्या के आने पर सिवरेज वाटर सीधे ही नदी में मिल रहा था। कई जगह पर शहर में लाईन डायवर्ट करने से अभी सदावल पर पानी पूरी तरह से नहीं पहुंच रहा है जिससे इस प्लांट का उपयोग बराबर नहीं हो पा रहा है।

### मोतीनगर से शुरू है सिवरेज की लाईन

शहर में टाटा ने सिवरेज के लिए जो लाईन डाली है वो मोती नगर त्रिवेणी के सामने के हिस्से से शुरू हुई है। इसके विपरित पिछले दस साल में शहर का विकास त्रिवेणी से भी आगे तक पहुंच चुका है और वहां की कालोनियों का सिवरेज पानी पुरी तरह से नालों के माध्यम से सीधे नदी में ही पहुंच रहा है। ऐसे में पूर्व के नदी में मिल रहे 13 नालों में बढोतरी हो गई है और उससे शिप्रा के साथ उज्जैन में आकर कान्ह में भी सिवरेज वाटर मिलने की स्थिति विभागीय सूत्र बता रहे हैं।

### चैंबर 25 मीटर गहरे

टाटा ने सिवरेज के पानी को सुरासा ले जाने के लिए जो मूल लाईन डाली है उसमें शिप्रा के त्रिवेणी मोती नगर से डाउन स्ट्रीम में चेंबर बनाए गए हैं। ऐसे में मोतीनगर के यहां जो 3 मीटर गहराई पर बने नदी किनारे के चेंबर की गहराई मंगलनाथ तक जाते झजाते 25 मीटर के लगभग हो गई है। एसटीपी के पास के इन चेंबरों में कचरा या गंदगी जाम होने की स्थिति में इनकी सफाई करना टेढी खीर साबित होना तय है। 25 मीटर गहरे चेंबर यानिकी करीब तीन मंजिल से अधिक गहराई के इन चेंबरों को साफ करने के लिए मशीनों से ही काम लेना होगा। ऐसे में आगे चलकर यह कठिनाई से भरा ही साबित होना तय है।

## समस्या का हल मुस्कान के साथ चुटकियों में




एक बार फिर वर्दी में मुस्कान एवं हर समस्या का हल चुटकियों में करने की क्षमता आ गई है। संभाग के वर्दी मुखिया के तौर पर हर समय चेहरे पर मुस्कान लेकर काम करने वाले अधिकारी ने एक बार फिर से अपनी मुस्कान से बैठक को तनाव मुक्त कर दिया है। हाल ही में चौथी बार संभागीय मुख्यालय पर अपना पदभार संभालने के बाद वे विभागीय बैठक में बडे ही सहज और मिलनसारिता के साथ शामिल हुए और मंदिर में आने वाले दिनों में श्रद्धालुओं के समागम पर्व की तैयारियों को लेकर उन्होंने बैठक के बिंदुओं पर सहजता से ही चर्चा की। सुरक्षा को लेकर पुरी संवेदनशीलता के साथ तैयारी के टिप्स अपने अनुभव के आधार पर दिए । महिला सुरक्षा से लेकर वीआईपी व्यवस्था तक तैयारी की जानकारी भी उन्होंने हासिल की । दर्शन में लगने वाले समय से लेकर तमाम जानकारियों को उन्होंने ने बारिकी से जाना और अपनी और से उसमें सुझाव देते हुए कम समय में दर्शन करवाने का टिप्स भी दे दिया। मंदिर में श्रद्धालुओं की दर्शन के साथ सुरक्षा व्यवस्था में उनका लंबे समय तक योगदान होने से वे यहां के चप्पे झचप्पे से वाकिफ हैं। बैठक से बाहर आने के उपरांत अधिकारियों में उनके मुस्कान और सहजता के साथ गंभीरता से विषयों की पकड के समन्वय को लेकर खुसूर-फुसूर सूनी गई।

# बख्तावर मार्ग पर टूटे पेयजल पाइप

### दो दिन से लोग पानी के लिए हो रहे परेशान





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पानी की नई पाइपलाइन डालने से वार्ड क्रमांक 44 के रहवासी खासे परेशान हो चुके हैं। पाइपलाइन डालनेवाले ठेकेदार ने जेसीबी मशीन से ऐसी खुदाई करवाई कि बख्तावर मार्ग के रहवासियों के नल के पाइप टूट गये या बुरी तरह खींचा गये। इस कारण क्षेत्र मे दो दिन से नलों मे पानी नहीं आ पा रहा है। नई पाइपलाइन का ठेका इंदौर के एक ठेकेदार को मिला है जिसने इसे पेटी ठेके पर दे दिया। पेटी ठेकेदार को कुछ खुदाई मैन्युअल करवाना थी जो उसने न कराते हुए सीधे जेसीबी मशीन से करवा दी फलतः दस, बारह घरों के पेयजल कनेक्शन पाइप क्षतिग्रस्त हो गए। लगातार कोशिश के बाद भी पाइप मे सुधार नही हुआ और पेटी ठेकेदार रातोंरात टूटे पाइप के ऊपर मिट्टी और मलबा डालकर रफूचक्कर हो गया। संपर्क करने पर वह फोन भी नहीं उठा रहा है।

### मजबूत कांक्रीट कैसे टूटे

कुछ रहवासियों ने प्रायवेट प्लंबर बुलाकर सुधार कार्य करवाना चाहा किन्तु पाइप मजबूत कांक्रीट के अंदर दबे होने से प्लंबर रिपेयर करने मे असमर्थता बताते रहे और समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

### पार्षद ने फोन लगाए पर हल न निकला

इस समस्या से रहवासियों ने वार्ड 44 के पार्षद पति राजा कालरा से संपर्क किया तो उन्होने ठेकेदार को समस्या बताई किन्तु ठेकेदार ने निष्क्रियता दिखाते हुए अभी तक सुधार नहीं किया जिससे क्षेत्र के नल रीते पडे हैं।

# आज से माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी परीक्षा का श्रीगणेश, संवेदनशील 10 परीक्षा केंद्रों पर अलग से प्रेक्षक नियुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार से माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा 2025-26 का आगाज होने जा रहा है। इसके तहत जिले के कुल 77 परीक्षा केंद्रों में से संवेदनशील 10 केंद्रों पर निगरानी के लिए अलग से 10 प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा अपने निर्धारित समय 9 से 12 में आयोजित की जाएगी। हायर सेकेंडरी की परीक्षा की शुरूआत अंग्रेजी के प्रश्न-पत्र से होने जा रही है। जिले के 77 केंद्रों पर इस वर्ष 16463 विद्यार्थी हायर सेकेंडरी की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले हैं।

माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं का दौर मंगलवार से शुरू होगा। इसके तहत जिले में 77 केंद्र परीक्षार्थियों के लिए बनाए गए हैं। जिले के घट्टिया विकासखंड से इस वर्ष एक भी प्रायवेट परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो रहा है।

### करीब 900 का स्टाफ लेगा परीक्षा

जिला शिक्षाधिकारी महेन्द्र खत्री के अनुसार जिले के 77 परीक्षा केंद्रों के लिए करीब 900 का स्टाफ परीक्षक एवं अन्य कार्य सहयोग के लिए लगाया गया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमों के अनुसार प्रति 20 परीक्षार्थियों पर एक परीक्षक को नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही 10 प्रतिशत रिजर्व दल भी बनाए गए हैं और केंद्राध्यक्ष को सहयोग के लिए भी शिक्षक दिए गए हैं।

### मंडल ने 12 केंद्रों पर लगाए जैमर

श्री खत्री बताते हैं कि जिले के कुल 77 परीक्षा केंद्रों में से 10 केंद्र संवेदनशील हैं। इन केंद्रों पर माध्यमिक शिक्षा मंडल की सीधी नजर रहेगी। इसके साथ ही दो अन्य केंद्रों पर भी नजर रहेगी। इस तरह से मंडल ने कुल 12 केंद्रों पर जैमर लगाए हैं। इन केंद्रों से मोबाईल एवं अन्य आनलाईन संचालन व्यवस्था पूरी तरह से बंधनकारी रहने वाली है। यहां से किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों का संचालन नहीं हो सकेगा।

### नकल पर रहेगी 10 दलों की नजर

परीक्षा में नकल की रोक के लिए कलेक्टर रोशनकुमारसिंह के अनुमोदन के साथ 10 दस्ते गठित किए गए हैं। इनमें से 4 दल जिला स्तर के रहेंगे एवं 6 दल विकासखंड स्तरीय हैं। प्रत्येक दल में 3 सदस्य शामिल किए गए हैं। दलों को वाहन भी निगरानी के लिए दिए गए हैं। इसके अलावा परीक्षा की गतिविधि पर निगरानी रखने के लिए प्रशासनिक स्तर पर विकासखंडों में एसडीएम भी निरीक्षण कर सकेंगे।

# 'शिव विवाह' से पहले 'हल्दी खेला' पर आपत्ति, पुजारी बोले- शास्त्रों में उल्लेख नहीं, रोक लगे

**उज्जैन।** उज्जैन के महाकाल मंदिर परिसर में महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को हल्दी लगाकर नाच-गाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मंदिर के पुजारियों ने इसे सनातन परंपरा के विपरीत बताते हुए इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। महाशिवरात्रि से पहले मनाए जा रहे महा शिवनवरात्रि के दौरान महिलाएं नाच-गा रही हैं। मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर भगवान महाकाल को दूल्हा बनाने से पहले शिवनवरात्रि के नौ दिनों तक हर दिन विशेष शृंगार किया जाता है। इस दौरान सुबह मंदिर परिसर में कोटेश्वर भगवान का पूजन-अर्चन होता है।

पूजन के बाद रोजाना दर्शन के लिए आने वाली करीब 50 से 100 महिलाएं भगवान शिव के विवाह का उत्सव मनाती हैं। भजन मंडली के साथ नाच-गाना करते हुए एक-दूसरे को हल्दी लगाती हैं।

**पुजारी बोले- ऐसी परंपरा एक तरह का मजाकः** महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि शिव नवरात्रि में केवल पूजा, आराधना और संकल्प की परंपरा है। यह पंचमी से शुरू होता है। इसे भगवान के प्राकट्य दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजकल लोग इसे शिव विवाह के रूप में मानते हैं। इसे मजाक के रूप में हल्दी लगाने और खेलने के रूप में ले लिया गया। जबकि शिव पुराण और अन्य शास्त्रों में शिवरात्रि पर शिव विवाह और इस प्रकार मनाने का जिक्र नहीं है। हल्दी खेलना सनातन परंपरा के विपरीत है। हल्दी लगाने की परंपरा भी घातक न हो जाए। इसलिए मंदिर समिति से इस पर समय रहते प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

**मंदिर प्रशासन को भी मिली हल्दी खेलने की शिकायतः** मंदिर प्रशासन को भी इस संबंध में शिकायतें मिली हैं कि मंदिर परिसर में परंपरा के विपरीत हल्दी खेलने का आयोजन किया जा रहा है। इसके बाद प्रशासक ने संकेत दिए हैं कि इस पर रोक लगाई जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही प्रशासक इस संबंध में आदेश जारी कर देंगे।

# शिव नवरात्रि के चौथे दिन रुद्रपाठ के साथ किया अभिषेक; गुलाब से सजा गर्भगृह

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि पर्व के चौथे दिन भगवान महाकाल का घटाटोप स्वरूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर प्रांगण स्थित कोटितीर्थ के तट पर सुबह श्री कोटेश्वर महादेव भगवान का पूजन-अभिषेक और आरती हुई। मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के आचार्यत्व में 11 ब्राह्मणों ने रुद्रपाठ के साथ अभिषेक किया। दोपहर 3 बजे के बाद संध्या पूजन किया गया। इसके पश्चात महाकालेश्वर को नवीन वस्त्र, रजत मुकुट और शेषनाग का कुंडल अर्पित कर घटाटोप स्वरूप में श्रृंगारित किया। बता दें, 15 फरवरी तक प्रतिदिन संध्या समय अलग-अलग स्वरूपों में भगवान के दर्शन होंगे।

# महाशिवरात्रि पर 200 कैमरे सहित 5 ड्रोन से होगी निगरानी

### 1500 पुलिसकर्मी होंगे तैनात, 40 मिनट में दर्शन की व्यवस्था



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

12 ज्योतिलिंगों में विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में महाशिवरात्रि का पर्व 15-16 फरवरी को मनाया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सोमवार को बैठक आयोजित की गई है।

पुलिस कंट्रोल रूम पर एडीजी राकेश गुप्ता की मौजूदगी में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के साथ दर्शन व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान डीआईजी नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर, आलोक शर्मा, सीएसपी स्तर के अधिकारी और थाना प्रभारी शामिल हुए। बैठक के दौरान अनुमान लगाया गया कि महाशिवरात्रि पर्व पर देशभर के 10 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं को बाबा के आसानी से दर्शन हो सके और सुरक्षा व्यवस्था बेहतर हो इसको लेकर 1500 पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में 150 महिला पुलिसकर्मी भी तैनात रहेगी। वीआईपी दर्शन व्यवस्था के लिए 250 पुलिसकर्मियों को जिम्मा सौंपा जाएगा। मंदिर के आसपास मार्गों पर यातायात व्यवस्था ना बिगड़े इसकी जिम्मेदारी यातायात के पुलिस जवानों पर रहेगी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 200 सीसीटीवी कैमरो के साथ पांच ड्रोन से निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एआई प्रणाली का इस्तेमाल किया जाएगा। यातायात व्यवस्था की सबसे बड़ी समस्या को देखते हुए वाहन पार्किंग स्थल तैयार किया जा रहे हैं। मंदिर के आसपास और मार्गो पर व्यवस्था बनी रहे इसके लिए यातायात पुलिस लगातार निगरानी करेगी, भीड़ का दबाव बढ़ाते ही आने जाने वाले वाहनों का रूट बदलकर व्यवस्था संभाली जाएगी।

### 40 मिनट में दर्शन करने का लक्ष्य

पुलिस के साथ ही प्रशासन द्वारा भी महाशि-ावरात्रि की व्यवस्थाओं को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। श्रद्धालुओं को 40 मिनट में दर्शन करने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए महाकाल लोक से मंदिर परिसर तक विशेष मार्ग प्रणाली लागू की जाएगी। श्रद्धालु आराम से बाबा के दर्शन कर सके इसको लेकर मंदिर परिसर के सभी स्थानों पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। भीड़ के दबाव से श्रद्धालुओं की तबीयत ना बिगड़े इसका भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मेडिकल हेल्थ पाइंट बनाए जाएंगे। श्रद्धालुओं के पेयजल की व्यवस्था भी मंदिर समिति की ओर से की जा रही है वहीं दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों को आसानी से दर्शन इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। महाशिवरात्रि को लेकर तैयारी अब अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। जिसे 13 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा।



नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर




# शराब ठेकेदार की मौत का मामला: जिसे मुख्यमंत्री ने सस्पेंड किया, वो जांच कागजों में दब गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

शराब ठेकेदार दिनेश मकवाना की मौत का मामला सामने आने के बाद वीडियो भी आया था, जिसमें देवास की आबकारी अधिकारी मंदाकिनी दीक्षित को मुख्यमंत्री ने सस्पेंड कर दिया था, लेकिन इस मामले की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पाई। 8 नवंबर को कनाडिया थाने में रहने वाले मकवाना ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

इस घटना के बाद 29 नवंबर को दिनेश के परिवार ने थाने में शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि देवास जिले में दिनेश की शराब की दुकानें थी और उसे वसूली के लिए परेशान किया जा रहा था। 4 दिसंबर 2025 को दिनेश का वीडियो सामने आया था, जिसमें उसने मंदाकिनी दीक्षित पर आरोप लगाया था और कहा था कि मैं रिश्वत के तौर पर 22 लाख रुपए दे चुका हूं और मुझे परेशान किया जा रहा है। इस वीडियो के सामने आने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने दीक्षित को सस्पेंड कर दिया था। वीडियो सामने आने के बाद कनाडिया पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी थी, लेकिन साठ दिन बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाई है, जबकि मकवाना के कर्मचारियों के अलावा परिवार के भी बयान हो चुके हैं।

### कार्रवाई दो महीने पहले ही हो चुकी

बड़े अफसर से मामला जुड़ा होने के कारण बयान के लिए भी नहीं बुलाया गया है, जबकि सस्पेंड होने की कार्रवाई दो महीने पहले ही हो चुकी है, बावजूद इसके पुलिस गंभीर मामले को नजरअंदाज कर रही है। बताते हैं कि अगर किसी का वीडियो सामने आता है, तो उसी आधार पर केस दर्ज हो जाता है, लेकिन सरकारी नुमाइंदे से मसला जुड़ा हुआ है और यही वजह है कि अफसर को रियायत दी जा रही है। ऐसी स्थिति में अब सारे अधिकारी भी शक के घेरे में आ गए हैं। पीड़ित परिवार को भी अब समझाने की कोशिशें चल रही हैं, ताकि मामला निपट जाए और केस दर्ज न हो सके।

### अभी तक कोई केस दर्ज नहीं हो पाया

मंदाकिनी ने भी आवेदन दिया था, उस पर भी अधिकारियों के बयान हुए हैं, लेकिन पुलिस इस केस को अब दबाने में लग गई है। पहले जांच सहायक थानेदार कर रहे थे, लेकिन बाद में टीआई सहर्ष यादव ने इस पर काम करना शुरू कर दिया था और अभी तक कोई केस दर्ज नहीं हो पाया है। बताते हैं कि इस केस में जानबूझकर ढीलपोल की जा रही है।

## 12 से 16 फरवरी तक होगा भव्य आयोजन, विशाल डोम और दुकानों के स्टाल सजने लगे

# महाशिवरात्रि पर वन विभाग का विंध्य हर्बल वन मेला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

बाबा महाकाल की नगरी मे इस वर्ष महाशिवरात्रि का उल्लास दोगुना होने वाला है, क्योंकि वन विभाग द्वारा 12 से 16 फरवरी 2026 तक दशहरा मैदान में आयोजित होने वाला ह्यविंध्य हर्बल वन मेलाह्न अपने भव्य स्वरूप में नजर आने लगा है। मेले की तैयारियां इन दिनों युद्ध स्तर पर जारी हैं और मैदान में विशाल डोम और दुकानों के स्टाल सजने लगे हैं।




वन विभाग के डीएफओ अनुराग तिवारी ने बताया कि इस पांच दिवसीय मेले का विधिवत शुभारंभ 12 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन को लेकर उज्जैनवासियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि उन्हें एक ही छत के नीचे जंगल के शुद्ध और दुर्लभ उत्पाद मिलने वाले हैं। मेले का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि आम जनता को बाजार की मिलावट से दूर सीधे वनों से प्राप्त शुद्ध देशी घरेलू उत्पाद खरीदने का सुनहरा मौका मिलेगा।

### नाड़ी परीक्षण और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के सिखाए जाएंगे गुर

वन मण्डलाधिकारी उज्जैन अनुराग तिवारी ने बताया कि लगभग 200 स्टालों पर महुआ बॉडी लोशन, शुद्ध शहद, च्यवनप्राश और शिलाजीत जैसे 140 से अधिक विंध्य हर्बल ब्रांड के उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। केवल खरीदारी ही नहीं बल्कि सेहत से जुड़ी सलाह देने के लिए प्रदेशभर से नामी वरिष्ठ डॉक्टर और आयुर्वेद के बड़े ज्ञाता भी इस मेले में शिरकत करेंगे, जो आगंतुकों को नाड़ी परीक्षण और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के जरिए स्वस्थ रहने के गुर सिखाएंगे। यह मेला न केवल व्यापार का केंद्र होगा बल्कि पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के प्रति भी लोगों को जागरूक करेगा।

### 200 आयुर्वेदिक चिकित्सक निशुल्क परामर्श देंगे

मेले के दौरान अंतर्राष्ट्रीय हर्बल कार्यशाला और क्रेता-विक्रेता सम्मेलन आयोजित होंगे। प्रतिदिन 200 से अधिक आयुर्वेदिक चिकित्सक निशुल्क परामर्श देंगे। उक्त मेले में मध्य प्रदेश वन विभाग की विभिन्न शाखाओं की योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। बच्चों और युवाओं के लिए मेले का सबसे बड़ा आकर्षण चीता परिवार का विशाल स्कल्पचर रहेगा।

मेले में लोकनृत्य, लोकसंगीत, नाट्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के लिए चित्रकला एवं प्रकृति आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही जंगली वन्य प्राणियों को पकड़ने में उपयोग होने वाला बोमा भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को वन, जैव विविधता की जानकारी दी जाएगी। मेले के आयोजन के दौरान विविधता और चीतों के पुनर्स्थापन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मेले के दौरान महाकाल मंदिर से मेला परिसर तक निःशुल्क बस सेवा चलेगी।

### चीता परिवार का भव्य स्कल्पचर रहेगा आकर्षण का केंद्र

वन्यजीवों की सुरक्षा का संदेश देता चीता परिवार का भव्य स्कल्पचर यहां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा महाकालेश्वर मंदिर से मेला परिसर तक निःशुल्क बस सेवा भी संचालित की जाएगी। शहरवासी इस मेले का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह उनके लिए सेहत, संस्कृति और शुद्धता का एक अनूठा संगम साबित होने वाला है।

उक्त मेले में संपूर्ण मध्य प्रदेश से हर्बल उत्पादक, प्रसंस्करणकर्ता, हर्बल उत्पादन के क्रेता-विक्रेताओं द्वारा भाग लिया जाएगा। मेले में विंध्य हर्बल के 140 से अधिक उत्पाद रखे जाएंगे। इनमें महुए से बना बॉडी लोशन, एंटी एजिंग क्रीम, बच्चों के लिए ग्रोविट, महुआ युक्त च्यवनप्राश, लैब टेस्टेड जंगल की शहद और शिलाजीत शामिल हैं। सरकारी ब्रांड होने, लैब टेस्ट रिपोर्ट और आयुर्वेदिक प्रोसेसिंग के कारण इन उत्पादों की विशेष पहचान रहेगी।

# ऑटो और ई रिक्शा के चक्रव्यूह में फंसा ट्रैफिक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

जवाहर मार्ग पर शनिवार को लंबे समय तक जाम लगा रहा। दरअसल, बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे ऑटो, ई रिक्शा कहीं पर भी रुककर सवारी बैठाने और उतारने लगते हैं। इससे ट्रैफिक फंसने लगता है। ई रिक्शा की इसी समस्या को देखते हुए शहर को 7 सेक्टर में बांटकर ई रिक्शा के रूट तय किए गए थे। जनवरी 2026 में यह योजना बनाई गई थी, लेकिन अब तक इसे लागू नहीं कर सके हैं। प्रत्येक सेक्टर को अलग-अलग रंग-कोडिंग और स्टिकर/पहचान दी जाएगी, ताकि यह पता चले कि किस ई-रिक्शा को किस सेक्टर में चलने की अनुमति है। साथ ही ई-रिक्शा स्टैंड भी चिन्हित किए जाएंगे और वैध दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्रेशन, सीरियल नंबर, रंग कोड आदि दिए जाएंगे। अभी तक सेक्टर-वाइज संचालन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है। लगभग 3,000+ ई-रिक्शाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

इंदौर में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि वृत्त आंतरिक- 2 की प्रभारी सुश्री जया मुजाल्दे और पलासिया प्रभारी सुश्री प्रियंका रानी चौरसिया ने अपनी टीम के साथ सिंहासा क्षेत्र में सुबह गश्त के दौरान दो बड़ी कार्रवाई की। पहली कार्रवाई में जवाहर टेकरी से कुख्यात ब्लेकर आनंद चौहान के घर के सामने से दोपहिया वाहन एमपी 09 वीएच 7357 से 95 पाव देशी मदिरा मसाला जब्त की गई। साथ ही दूसरी कार्रवाई शांति नगर के एक कुख्यात ब्लेकर सुभाष पवार के घर के सामने से एक बिना नंबर प्लेट की दोपहिया वाहन हीरो डेस्टिनी की डिक्की और हरे रंग के एक झोले से कुल 75 पाव देसी मदिरा बरामद की गई।

# हरी सब्जियों की आवक सामान्य, भाव बढ़ सकते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हरी सब्जियों की आवक सामान्य होने से भाव वृद्धि शुरू हो गई। हालांकि इन दिनों टमाटर ही सस्ता बिक रहा है। वहीं हरे बटले की आवक भी कम पड़ गई।

देखा जाए तो गोभी बटला गत माह से चलन में खूब रहा। अब इसे कम ही खरीदा जा रहा है और इसकी आवक भी कम पड़ गई है। भाव अधिक हो गए हैं। होली के बाद हरी सब्जियों की आवक में भारी कमी के चलते महंगे भाव रहेंगे। ऐसा सब्जी विक्रेताओं द्वारा बताया। मंडी में सब्जी के थोक भाव मे फेरबदल भी हो रहा है। कम ज्यादा भाव रहने की स्थिति भी कभी-कभी बन जाती है। सब्जियों के थोक भाव इस प्रकार है- टमाटर 8 से 10 रुपए, मैथी की भाजी 20 से 25, भिंडी 25 से 40, गिलकी 20 से 30, पालक 9 से 12, धनिया 7 से 10, हरी मिर्च 45 से 70, शिमला मिर्च 15 से 20, बैंगन 12 से 15, लौकी 15 से 20, अरबी 16 से 21, पत्तागोभी 7 से 9, करेला 40 से 50, गाजर 8 से 10, कद्दू 12 से 15, सुरजने की फली 45 से 70, ग्वारफली 50 से 60, नींबू 16 से 22, चंवला 20 से 25, बालौर 10 से 15 रुपए है। इसके अलावा अन्य हरी सब्जियों के भाव सामान्य हैं।

### चौबीस घंटे में दिन के साथ रात का तापमान गिरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

चौबीस घंटे में दिन के साथ रात का तापमान गिर गया है। शासकीय जीवाजी वेधशाला के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री रहा जो कि शनिवार के अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री से एक डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 12 डिग्री दर्ज किया गया जो कि शनिवार के न्यूनतम तापमान 13 डिग्री से एक डिग्री कम है। आर्द्रता सुबह 86 फीसदी और शाम को 44 फीसदी रही। मौसम विभाग के अनुसार 9 फरवरी से एक नया पश्चिमी विभोक्ष हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। इसके प्रभाव से मैदानी क्षेत्रों में सर्दी का दौर अभी विदा नहीं होगा। हालांकि दिन में धूप के तेवर तीखे होने लगेंगे। शाम ढलने के बाद सर्द हवा चलेगी।

### राष्ट्रीय पेसा महोत्सव में खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

भोपाल के बरखेड़ी कला स्थित क्षेत्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय सूचना, शिक्षा एवं संचार प्रशिक्षण सह कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित करते हुए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि पेसा अधिनियम मात्र एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि जनजातीय समाज के स्वाभिमान, परंपराओं और अधिकारों की संवैधानिक पुनर्स्थापना का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जल-जंगल-जमीन अब केवल नारा नहीं, बल्कि शासन की नीतियों और जमीनी क्रियान्वयन के माध्यम से ठोस वास्तविकता बन चुका है। मंत्री श्री पटेल ने कार्यशाला में मध्यप्रदेश की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पेसा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य आज महाराष्ट्र के बाद पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। हाल ही में आंध्रप्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित राष्ट्रीय पेसा महोत्सव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के जनजातीय खिलाड़ियों ने पुरुष वर्ग कबड्डी में स्वर्ण तथा महिला वर्ग में रजत पदक अर्जित कर उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है, जो राज्य के लिए गौरव का विषय है।

## लंबे समय से लंबित नंबर रिटेंशन सुविधा अब अंतिम चरण में

# पुरानी गाड़ी का रजिस्ट्रेशन नंबर नई गाड़ी पर फिर से अलॉट कराया जा सकेगा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वाहन मालिकों के लिए यह राहत भरी खबर है। मध्यप्रदेश में लंबे समय से लंबित नंबर रिटेंशन सुविधा अब अंतिम चरण में पहुँच गई है। इस सुविधा के लागू होने के बाद दोपहिया और चार पहिया वाहन बेचने या स्क्रेप कराने पर भी वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर मालिक के पास सुरक्षित रहेगा। यानी नया वाहन खरीदने पर पुराना नंबर फिर से अलॉट कराया जा सकेगा।

एक ओर तो प्रदेश की सड़कों से 15 साल पुरानी गाडियों को हटाने का अभियान चल रहा है। वहीं दूसरी ओर परिवहन विभाग ने इनके नंबरों को लेकर चल रही ऊहापोह को भी समाप्त कर दिया है। अब परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को यह सुविधा दी है कि आप चाहें तो अपनी पुरानी गाड़ी का नंबर जस का तस रख सकते हैं। हालांकि इसके लिए वाहन मालिक को शुल्क भुगतान करना होगा। इस व्यवस्था को लागू करने के लिए मप्र परिवहन विभाग नियमों में संशोधन करने जा रहा है। विभाग ने इसका प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। मंजूरी मिलते ही नई व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। यह सुविधा लागू होने के बाद वीआइपी, फैंसी और विशेष नंबर लेने वाले वाहन मालिकों को सबसे अधिक लाभ मिलेगा। ऐसे नंबरों के लिए लोग हजारों से लेकर लाखों रुपए तक खर्च करते हैं, लेकिन वाहन बेचते ही अब तक नंबर भी हाथ से निकल जाता था।

**नंबर रिटेंशन लागू होने के बाद-** वाहन बिकेगा, लेकिन नंबर विक्रेता के नाम सुरक्षित रहेगा। नया वाहन खरीदने पर वही नंबर दोबारा लगाया जा सकेगा। पसंदीदा और वीआईपी नंबर हमेशा मालिक की पहचान बने रहेंगे।




### अन्य राज्यों में पहले से लागू

देश के कई राज्यों में यह सुविधा पहले से सफलतापूर्वक चल रही है। पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में वाहन मालिक अपने पसंदीदा नंबर सुरक्षित रख पा रहे हैं। इन राज्यों में नंबर रिटेंशन के लिए ऑनलाइन आवेदन और निर्धारित शुल्क की व्यवस्था है, जिससे प्रक्रिया आसान हो जाती है। नंबर रिटेंशन का मतलब है कि वाहन मालिक अपने पुराने वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर अपने नाम पर सुरक्षित रख सकेगा, भले ही वह वाहन बेच दिया जाए या स्क्रैप कर दिया जाए।

## कमिश्नर के आदेश को भी हवा में उड़ा रहे जिम्मेदार

# समय की कीमत नहीं समझने को है तैयार...

## भागीरथपुरा में जिम्मेदारों की गैरहाजिरी ने खोली व्यवस्था की पोल

### भागीरथपुरा में उजागर हुआ निगम का अनुशासन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर नगर निगम के जिम्मेदार समय और आदेशों को लेकर कितने गंभीर हैं, इसका ताजा उदाहरण सोमवार सुबह सामने आया। एक दिन पहले ही नगर निगम कमिश्नर द्वारा संबंधित अधिकारियों के ग्रुप में स्पष्ट संदेश डाला गया था कि सोमवार सुबह साढ़े छह बजे भागीरथपुरा का निरीक्षण किया जाएगा।

संदेश सभी जिम्मेदारों ने पढ़ा, लेकिन, गंभीरता किसी ने नहीं दिखाई। नतीजा यह रहा कि कमिश्नर तय समय पर सुबह साढ़े छह बजे भागीरथपुरा पहुंच गए, लेकिन मौके पर एक भी जिम्मेदार अधिकारी मौजूद नहीं था। हैरानी की बात यह रही कि मौके की जिन एडिशनल कमिश्नर को जोन का दायित्व सौंपा था वो भी नदारद रहें और संबंधित जोनल अधिकारी तक निरीक्षण स्थल पर नहीं पहुंचे।

कमिश्नर तय समय पर, जिम्मेदार नदारद...।

कमिश्नर करीब 20 मिनट तक अकेले मौके पर खड़े रहे और अन्य कर्मचारी से चर्चा करते रहे। इसके काफी देर बाद एक-एक कर जिम्मेदारों का आना शुरू हुआ। यह दृश्य अपने आप में निगम की कार्यप्रणाली और अनुशासनहीनता की खुली तस्वीर पेश करता है।

### यह उठ रहे निगम की व्यवस्था पर सवाल

जब कमिश्नर के स्पष्ट आदेश को भी गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है, तो आम जनता की शिकायतों और समस्याओं के प्रति रवैया कैसा होगा? यह घटना इस बात का संकेत है कि निगम में आदेशों का सम्मान नहीं, समय की कोई कद्र नहीं और जिम्मेदारी सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। ऐसे हालात में यह कहना गलत नहीं होगा कि निगम में अराजकता का माहौल धीरे-धीरे पैर पसार रहा है। अब देखना यह है कि क्या इस लापरवाही पर जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होगी, या फिर यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा, क्योंकि अगर समय पर नहीं संभला गया, तो सवाल सिर्फ अधिकारियों का नहीं रहेगा, बल्कि पूरी व्यवस्था कटघरे में खड़ी नजर आएगी।

### सीएसआई को शोकाज नोटिस, दरोगा को फटकारा

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ भागीरथपुरा और जोन क्रमांक-2 के अंतर्गत लोहारपट्?टी इलाके का दौरा किया। इस दौरान लोहारपट्?टी में कचरा समय पर नहीं उठाने और सफाई में लापरवाही पर दरोगा को फटकार लगाई और क्षेत्रीय सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने इलाके में पूरी तरह से सफाई के निर्देश दिए हैं। इससे पहले आयुक्त भागीरथपुरा पहुंचे और जलप्रदाय और ड्रेनेज लाइन से संबंधित कामों को देखा। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से काम की जानकारी ली और सभी काम तय समय में क्वालिटी के साथ जल्दी पूरा करने को कहा।

### पेंशन प्रकरणों को निराकृत कराने के लिए दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार इंदौर संभाग में लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये 9 फरवरी से 13 फरवरी तक पेंशन प्रकरण शिविर का आयोजन संभागीय पेंशन कार्यालय सेटेलाइट भवन इंदौर में किया जा रहा है। संभागायुक्त डॉ. खाड़े द्वारा इंदौर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि उक्त शिविर अवधि में 31 जनवरी 2026 तक के समस्त सेवानिवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में ऑनलाईन ऑफलाईन प्रस्तुत कर निराकरण करायेंगे। इसके पश्चात प्रकरण लंबित पाये जाते हैं तो कार्यालय प्रमुख व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। निर्देश दिए गये हैं कि शिविर कार्यक्रम के दिवसों में समस्त कार्यालय प्रमुख अपने कार्यालय के पेंशन प्रकरणों को निराकृत कराना सुनिश्चित करें।


# अगले 2 दिन तेज सर्दी...फिर तापमान बढ़ेगा: कटनी-शहडोल में टेम्परेचर सबसे कम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

मध्य प्रदेश में अगले 2 दिन तक तेज सर्दी रहेगी। इस दौरान ग्वालियर-चंबल के साथ रीवा और शहडोल संभाग के शहरों में रात का पारा 10 डिग्री से नीचे रहेगा। अभी कटनी और शहडोल में टेम्परेचर सबसे कम है। वहीं, भोपाल और इंदौर में भी पारे में गिरावट देखी गई है।

इससे पहले बीती रात प्रदेश के 13 शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रहा। 5 बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 10.4 डिग्री, इंदौर में 10.6 डिग्री, ग्वालियर में 11.2 डिग्री, उज्जैन में 12 डिग्री और जबलपुर में 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

प्रदेश में सबसे ठंडे शहर कटनी का करौंदी, शहडोल का कल्याणपुर रहे। करौंदी में 5.6 डिग्री, कल्याणपुर में तापमान 6.1 डिग्री दर्ज किया गया। पचमढ़ी,



उमरिया और खजुराहो में 8.4 डिग्री, राजगढ़ में 8.5 डिग्री, शिवपुरी में 9 डिग्री, रीवा-मलाजखंड में 9.1 डिग्री, नौगांव में 9.5 डिग्री, मंडला में 9.6 डिग्री और दतिया में 9.8 डिग्री रहा।

इधर, रविवार सुबह ग्वालियर-चंबल में हल्का कोहरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल कोहरे और बारिश की संभावना नहीं है। दिन में तेज धूप खिलेगी, लेकिन भोपाल, सीहोर, गुना, ग्वालियर, भिंड, मुरैना आदि जिलों में सर्द हवाएं भी चलेगी। देर रात और अलसुबह ठंड ज्यादा असर दिखाएगी।

## न्यूज-कॉलम



### शासकीय पहल से सक्षम कार्यक्रम की एक दिवसीय अनुभव कार्यशाला संपन्न

**आलीराजपुर।** जिले के आलीराजपुर विकासखंड में शासकीय पहल से संचालित सक्षम जीवन कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विकासखंड स्तरीय एक दिवसीय अनुभव साझा कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर संचालित सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों की संक्षिप्त समीक्षा करना तथा शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में प्राप्त शैक्षणिक अनुभवों को साझा करना रहा। यह कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्त्रोत समन्वयक के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान 'मेरी सीख की कॉपी', 'मेरी सीख का कोना' तथा चार्ट-पोस्टर प्रदर्शनी के माध्यम से सक्षम कार्यक्रम की गतिविधियों की प्रभावशाली प्रस्तुति की गई। शिक्षकों ने बच्चों में आए आत्मविश्वास, सहभागिता और व्यवहारगत सकारात्मक बदलावों पर अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एवं मास्टर ट्रेनरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों द्वारा यह सुझाव भी रखा गया कि पाठ्यक्रम में रोजगार शिक्षा के अंतर्गत रोजगार से जुड़े अवसरों को और अधिक जोड़ा जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को व्यावहारिक लाभ मिल सके।

### स्व. नारायणप्रसाद गुप्ता नानाजी की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन



**खण्डवा ।** वैश्य समाज संस्थापक स्व. नारायणप्रसाद गुप्ता नानाजी की स्मृति में वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई द्वारा जिला चिकित्सालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्य साथियों ने रक्तदान कर रक्त ब्लड बैंक को सौंपे। रक्तदान करने वाले सदस्यों को प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। इस रक्तदान शिविर में अखिलेश गुप्ता (इंजी.) ने कहा कि रक्तदान कर मानव सेवा के काम में हम सभी को रक्तदान कर पुण्य का भागी बनना चाहिए। आपके एक बार खून देने से तीन जिंदगियां बच सकती हैं आपके एक कार्य से लाखों लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। रक्तदान आपके लिए चंद मिनट हो सकता है लेकिन किसी और के लिए यह उसकी पूरी जिंदगी है अतः आपके खून की कुछ बूंदे किसी के लिए खुशियों का सागर बन सकती हैं। संजय तापडिया ने कहा कि रक्त दान एक ऐसा पुण्य हैं जिसे अगर आप जिंदगी में कुछ भी करे तो उससे ज्यादा पुण्य आपको किसी और चीज से नहीं कमा सकते और आपके रक्तदान की वजह से किसी की जिन्द?गी बचती हैं तो आपको जो संतुष्टि का एहसास होगा।

### 10 फरवरी को कृषि वर्ष के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जायेंगे कृषि रथ

**बड़वानी ।** प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के 7 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में रूट चार्ट अनुसार कृषि रथ भ्रमण करेगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, विभागीय योजनाएं, ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन से संबधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कृषि रथ 10 फरवरी को विकासखण्ड सेंध्वा की ग्राम पंचायत पांजरिया(ध), धावड़ा(ध) एवं कालकुण्डी में भ्रमण करेगा।

### कलेक्टर ने सौंपा श्रीमती अंजना मुजाल्दे को अनुकंपा नियुक्ति पत्र

**बड़वानी ।**कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने ग्राम मुण्डियापुरा निवासी श्रीमति अंजना मुजाल्दे को प्रयोगशाला परिचारक के पद अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार श्रीमति अंजना मुजाल्दे के पति प्राथमिक शिक्षक के पद पर शासकीय प्राथमिक विद्यालय मोरानी में पदथ रहते हुए 26 मार्च 2023 को मृत्यु हो गई थी।

### पंचायत एव ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी ।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल 9 फरवरी को रात्रि 11.40 बजे चंगा आश्रम, दतवाड़ा आकर रात्रि विश्राम करेंगे ।

# कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में टी.एल. बैठक आयोजित

## ई-केवाईसी में सन्तोषजनक प्रगति नहीं होने पर जताई नाराजगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा पत्रकों (टी.एल.) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निराकरण कर ए-ग्रेड में आना सुनिश्चित करे तथा कोई भी विभाग बी या सी ग्रेड में नहीं रहे। साथ ही 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी विभागों को विभाग स्तर पर परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने एवं उसकी कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर द्वारा बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री का प्रस्तावित दौरा 27 फरवरी को चंद्रशेखर आजाद नगर में है, जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करें।कलेक्टर श्रीमती माथुर ने ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। ई-केवाईसी में संतोषजनक प्रगति नहीं पाए जाने पर उन्होंने सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर परिषद सीएमओ पर नाराजगी व्यक्त की और निर्धारित समय-सीमा में ई-केवाईसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत शिविर आयोजित कर ई-केवाईसी की प्रगति सुनिश्चित करे। साथ ही संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी विभागों को प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि कोई भी पात्र नागरिक हितग्राही मूलक योजनाओं से वंचित न रहे। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने टी.एल. बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने वाले जिला अधिकारियों को नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे, सुश्री दीपिका पाटीदार, सीएमएचओ डॉ. राजेश अतुलकर सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का जिले में प्रस्तावित दौरे को लेकर कलेक्टर नीतू माथुर ने किया चंद्रशेखर आजाद नगर में स्थलों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



चंद्रशेखर आजाद नगर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने हेलिपैड, आजाद कुटिया एवं सभा स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्रीमती माथुर सर्वप्रथम चंद्र शेखर आजाद नगर पहुंचीं, जहां उन्होंने हेलिपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने शहीद क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद के जन्म स्थल आजाद कुटिया पहुंच कर उनकी प्रतिमा को नमन किया और परिसर में मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन कार्यक्रम को लेकर आवश्यक तैयारियां करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने हेलिपैड से आजाद कुटिया तथा सभा स्थल तक के पहुंच मार्ग का भी जायजा लिया और अधिकारियों को साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल, विद्युत एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का चंद्र शेखर आजाद के शहादत दिवस पर आलीराजपुर जिले के दौरे का प्रस्तावित कार्यक्रम है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उनके द्वारा सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी सुश्री निधि मिश्रा, तहसीलदार श्री जितेंद्र तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर पालिका बड़वानी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की दिशा में बढ़ाए कदम

**बड़वानी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के कड़े मानकों को पूरा करने और शहर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने के लिए नगर पालिका बड़वानी द्वारा कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीक और 'वेस्ट टू वेल्थ' (कचरे से कमाई) के मॉडल पर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। सूखा कचरा प्रबंधनः प्लास्टिक से बन रहे पेवर ब्लॉक सर्वेक्षण टूलकिट के इंडिकेटर अनुसार, नगर पालिका की डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ियाँ शहर का कचरा सीधे प्रसंस्करण केंद्र पहुंचाती हैं। यहाँ कचरे को 8 अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित किया जाता है।एकत्र किए गए प्लास्टिक और पॉलीथीन को मेल्ट (पिघलाकर) कर उससे मजबूत पेवर ब्लॉक और गट्टे तैयार किए जा रहे हैं।अन्य सूखे कचरे को विभिन्न घटकों में वगीर्कृत कर कबाड़ी को विक्रय किया जाता है, जिससे निकाय के राजस्व में निरंतर वृद्धि हो रही है। टूलकिट के कंपोनेंट के अनुपालन में, नगर पालिका द्वारा गीले कचरे का शत-प्रतिशत वैज्ञानिक निपटान सुनिश्चित किया जा रहा है।गीले कचरे को कंपोस्ट पिट के माध्यम से उपचारित कर उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद तैयार की जा रही हैं।

## अन्याय के सामने न झुकने का साहस ही असली आजादी - क्रिया सेकेट्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग

आज के समय में आजादी का अर्थ केवल अधिकारों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह सही और गलत के बीच खड़े होने की शक्ति का नाम बन गया है। जब-जब समाज में अन्याय को चुपचाप स्वीकार किया गया, तब-तब सच्चाई कमजोर होती गई और गलत को बढ़ावा मिला। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि अन्याय के सामने न झुकना ही वास्तविक स्वतंत्रता की पहचान है। आज हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहाँ आवाज उठाने से ज्यादा चुप रहना आसान समझा जाता है।

डर, दबाव और स्वार्थ के कारण लोग अन्याय को देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। यही चुप्पी धीरे-धीरे समाज को भीतर से खोखला बना देती है। अगर आजादी केवल अपने लिए सुरक्षित जीवन जीने का नाम होती, तो शायद अन्याय के खिलाफ खड़े होने की जरूरत ही नहीं पड़ती। लेकिन सच्ची आजादी वही है, जिसमें हम गलत को गलत कहने का साहस रखते हों। डर को हराना आसान नहीं होता, लेकिन डर के साथ जीना उससे भी ज्यादा मुश्किल होता है। जिस समाज में लोग डर की वजह से चुप रहते हैं, वहाँ आजादी सिर्फ शब्द बनकर रह जाती है। इसलिए जरूरी है कि हम सच का साथ दें, भले ही रास्ता आसान न हो। क्योंकि अन्याय के सामने न झुकना कोई असाधारण काम नहीं, बल्कि सही चीज चुनने की हिम्मत है और यही हिम्मत असली आजादी है। इसी साहस से समाज में परिवर्तन की नींव पड़ती है। जब कोई एक व्यक्ति भी अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाता है, तो वह अकेला नहीं रह जाता, बल्कि उसके विचार कई और लोगों के मन में चेतना जगा देते हैं। धीरे-धीरे यह चेतना एक आंदोलन का रूप ले लेती है, जो जड़ हो चुकी सोच को हिलाने की क्षमता रखती है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि हर बड़ा बदलाव पहले एक छोटे से विचार और एक निडर मन से ही जन्मा है। इसलिए यह आवश्यक नहीं कि हर संघर्ष तुरंत सफल हो, आवश्यक यह है कि हम सत्य का साथ छोड़ें नहीं। आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती यही है कि हम अपनी सुविधा और भय से ऊपर उठकर सोच सकें। जब हम चुप रहना चुनते हैं।

## एक दिवसीय शिक्षक सेमिनार का सफल आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



शिक्षा विभाग बाग एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से बाग स्थित अंबेडकर भवन में एक दिवसीय शिक्षक सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य विद्यालयों में हो रहे बेहतर शैक्षिक कार्यों एवं नवाचारों को शिक्षकों के साथ साझा करना तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं को सशक्त बनाना था। इस आयोजन में बाग ब्लॉक के 8 संकुलों से कुल 14 शिक्षकों ने भाग लिया और भाषा, गणित, पर्यावरण अध्ययन, बाल सभा, किचन गार्डन एवं पुस्तकालय जैसे विषयों पर अपनी-अपनी प्रस्तुतियाँ दीं। प्रस्तुतियों के माध्यम से कक्षा शिक्षण में किए जा रहे नवाचारों, बाल-केन्द्रित गतिविधियों एवं अनुभव आधारित शिक्षण पर विशेष प्रकाश डाला गया, जो नई शिक्षा नीति 2020 की मूल भावना–समग्र, गतिविधि आधारित और आनंददायक सीख–से सीधे जुड़ा हुआ है।

सेमिनार में बीआरसी एवं बीईओ की उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक संवाद एवं अनुभव साझा करने से बाग ब्लॉक में शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अजीम प्रेमजी फाउंडेशन द्वारा जिन विद्यालयों में शैक्षिक संवाद किया जा रहा है, वहाँ के शिक्षक नियमित रूप से अपनी गतिविधियाँ साझा कर रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप पिछले छह महीनों में कई छोटे-छोटे लेकिन सकारात्मक बदलाव देखने को मिले हैं।

सेमिनार को लेकर शिक्षकों ने कहा कि यह बाग का पहला शिक्षक सेमिनार था, जिसमें एक साथ विभिन्न विषयों पर समझ विकसित हुई। शिक्षकों ने यह विश्वास जताया कि प्रस्तुत की गई गतिविधियाँ वे शीघ्र ही अपने-अपने विद्यालयों में लागू करेंगे, जिससे बच्चों के सीखने में और अधिक सुधार होगा।

कार्यक्रम के दौरान भाषा एवं गणित के अलग-अलग कोने भी बनाए गए थे। कक्षा में भाषा व गणित का कोना कैसे विकसित किया जाए, इस विषय पर आकर्षक एवं उपयोगी प्रदर्शनी देखने को मिली, जो एनईपी 2020 के तहत सीखने के अनुकूल वातावरण निर्माण की अवधारणा को मजबूत करती है।

सेमिनार के अंत में आगामी वर्ष में अधिक संख्या में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुति देने की इच्छा भी व्यक्त की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रस्तुतकर्ता शिक्षकों को बीआरसी एवं बीईओ द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित

# केन्द्रीय बजट में हर वर्ग के कल्याण के प्रावधान है -सांसद पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी




खरगौन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने जिला अध्यक्ष अजय यादव की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर रविवार को राजपुर विधानसभा के शिखरधाम नांगलवाड़ी में पत्रकार- वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, अजय कानूनगो, छोटू चौधरी, धीरेंद्र सिंह दरबार, दिनेश यादव जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार, मण्डल अध्यक्ष शशिकांत साहू, शैलेन्द्र भंडारकर, जि.प. सदस्य दरबार डावर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और वित मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्पों को सिद्ध करने वाला है। केंद्रीय बजट मध्यप्रदेश के आर्थिक-औद्योगिक और सामाजिक विकास का ऐतिहासिक अवसर सिद्ध होगा। पूंजीगत व्यय में वृद्धि, शहरों के विकास व लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम का विकास प्रदेश के लिए वरदान बनेगा। यह बजट सतत आर्थिक विकास के साथ जनअपेक्षाओं को पूरा करने वाला है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने समय-समय पर अपने निर्णयों से देश को सशक्त बनाने के साथ दुनिया को भारत की ताकत का अहसास कराया है। इस बजट के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा मिलने के साथ अलग-अलग क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर पैदा होंगे। यह केंद्रीय बजट सभी वर्गों की आशा-आकांक्षाओं को पूरा करने के साथ उन्हें सशक्त बनाने में निर्णायक सिद्ध होगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहा की गरीब, युवा, नारी शक्ति और अन्नदाता के साथ मध्यम वर्ग, उद्यमियों और हर वर्ग के कल्याण व शक्तिकरण के लिए प्रावधान किए गए हैं। केंद्रीय बजट सिर्फ बजट नहीं है, यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत का विजन डॉक्यूमेंट है। यह आने वाले वर्षों में भारत की दिशा तय करने वाला बजट सिद्ध होगा। यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्वसमावेशी बजट है। बजट में तीन कर्तव्यों-आर्थिक विकास, जन-आकांक्षाओं की पूर्ति और सबका साथ, सबका विकास की परिकल्पना को साकार किया गया है। और यह बजट वर्ष 2047 के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट मध्यप्रदेश को सतत विकासशील राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक भूमिका अदा करेगा।

## थाना महिला बड़वानी द्वारा काउंसलिंग से बिछड़े दंपति का पुनर्मिलन कराया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर के निर्देशन में महिला थाना बड़वानी में आने वाली महिलाओं के साथ न्याय एवं बिछड़े परिवारों को मिलाने के उद्देश्य से कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में आवेदिका परिवर्तित नाम संगीता निवासी बड़वानी द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया कि उसका विवाह लगभग ०१ वर्ष पूर्व खरगोन निवासी संजय (परिवर्तित नाम) के साथ हुआ था। विवाह के एक माह तक पति द्वारा बातचीत की गई, इसके पश्चात लगभग एक वर्ष से बातचीत बंद कर दी गई तथा परेशान किया जाने लगा। जिस पर महिला थाना बड़वानी में दोनों पक्षों को तलब कर निरीक्षक श्रीमती सुनीता मुजाल्दा द्वारा काउंसलिंग करते हुए पति-पत्नी को आपसी समझाइश दी गई कि पति-पत्नी का रिश्ता पवित्र होता है तथा एक-दूसरे का मान-सम्मान किया जाना चाहिए। काउंसलिंग के दौरान पति द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में पत्नी को पूरी जिम्मेदारी के साथ रखने, प्रेम-स्नेह एवं सम्मानपूर्वक साथ रहने की सहमति दी गई। आपसी समझाइश उपरांत पति-पत्नी दोनों द्वारा पुनः साथ रहकर गृहस्थ जीवन प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया तथा दोनों परिवारजनों की उपस्थिति में आपसी सहमति से पुनर्मिलन कराया गया। दंपत्ति को मिलवाने में निरीक्षक श्रीमती सुनीता मुजाल्दा, प्रधान आरक्षक श्रीमती आशा डुडवे, काउंसलर श्रीमती अनीता चोयल, आरक्षक हेमता की सराहनीय भूमिका रही।

## कायथा कॉलेज में अल्पावधि रोजागारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन


शासकीय महाविद्यालय कायथा में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल, सही प्रारूप में सी.वी. बनाने का प्रशिक्षण, स्वॉट एनालिसिस, एप्टीट्यूड रीजनिंग, डेटा इंटरप्रिटेशन, मैथेमेटिकल एप्टिट्यूड, सम्प्रेषण कौशल, औपचारिक पहनावा, समूह में कार्य करना, समूह चर्चा एवं मॉक साक्षात्कार हेतु श्रीजी तकनीक एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र उज्जैन द्वारा एक महीने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन संभाग के अतिरिक्त संचालक एवं विशिष्ट अतिथि शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य सम्मिलित हुए। स्वागत के पश्चात डॉ. पुराणिक ने अपने विशिष्ट उदबोधन में व्यक्तित्व विकास और उद्यमिता की चर्चा की तथा कायथा के प्राचीन इतिहास और इसमें कायथा पात्र परम्परा तथा वराहमिहिर के योगदान का वर्णन किया।

अतिथियों ने कहा कि छात्रों को अपना ज्ञान अद्यतन करते रहना चाहिए। वर्तमान में शासन ने सॉफ्ट स्किल, स्वरोजगार और स्टार्टअप के अनेक साधनों को हमारे सम्मुख प्रस्तुत किया जिससे रोजगार के अनेक द्वार खुल चुके हैं। इस अवसर का लाभ वर्तमान पीढ़ी को उठाना चाहिए। मुख्य अतिथि डॉ. अनिजवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्तित्व विकास एक निरंतर चलने और लगातार सीखने वाली प्रक्रिया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अतिथियों के सम्मुख फीडबैक भी प्रस्तुत किया।

## छात्र-छात्राओं को वाटर प्लांट का भ्रमण कराया

**उज्जैन।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय नयापुरा के छात्र-छात्राओं को वाटर प्लांट का भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को जल शुद्धिकरण प्रक्रिया और जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी देना था। वाटर प्लांट साइट इंचार्ज राहुल पटेल, साइट सुपरवाइजर युवराज पवार, फीटर धर्मेंद्र यादव ने बच्चों को जल शुद्धिकरण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी दी और प्लांट ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कार्तिक प्रजापति, प्लांट ऑपरेटर दीपक धाकड़ ने प्लांट का दौरा करवाया। बच्चों ने इस भ्रमण के दौरान बहुत कुछ सीखा और अपने अनुभव को बहुत रोमांचक बताया। विद्यालय के प्रभारी प्रधान अध्यापक जितेंद्र मंगलोरिया ने बताया कि इस प्रकार के भ्रमण से बच्चों को वास्तविक जीवन की स्थितियों के बारे में जानने का अवसर मिलता है और वे अपने ज्ञान को बढ़ा सकते हैं।



खास न्यूज

## छात्राओं को धमकाने वाले प्रभारी प्राचार्य पर केस दर्ज

**उज्जैन।** माकडोन के ग्राम परसोली में शासकीय हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य बनेसिंह परमार के खिलाफ सोमवार को पुलिस ने छात्राओं की शिकायत पर अभद्रता करने, धमकाने और गाली-गलौच करने का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी प्रदीपसिंह राजपूत ने बताया कि कक्षा 10 वीं की छात्राओं ने शिकायत करते हुए बताया कि स्कूल में वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था, इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ने गलत शब्दों का प्रयोग किया। परिजनों को घटना बताई तो उनके साथ भी अभद्रता कर धमकाया। बताया जा रहा है कि प्रभारी प्राचार्य काफी समय से छात्र-छात्राओं के साथ अभद्रता करता आ रहा है। पांच माह बाद सेवानिवृत्त होने वाली है बावजूद उसकी हरकते काफी बढ़ गई है।

## जहरीली शराब के साथ हिरासत में आया कुख्यात बदमाश

**उज्जैन।** विवेकानंद झुग्गी बस्ती में रहने वाले कुख्यात बदमाश अजय उर्फ डमरू पिता अक्कूडा की 2 दिन पहले जिलाबदर अवधि खत्म हुई थी। सोमवार दोपहर नीलगंगा थाना पुलिस ने उसे वाकणकर ब्रिज के पास से हिरासत में लिया। वह जहरीली शराब ठिकाने लगाने जा रहा था। उसके पास से प्लास्टिक की केन में भरी शराब बरामद होने पर आबकारी एक्ट अधिनियम की धारा 49-ए और 34 (1) का प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार बदमाश के खिलाफ 12 से अधिक अपराध दर्ज है। जहरीली शराब मामले में उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

## देवासगेट पर बस वालों के बीच चले थप्पड़-मुक्के

**उज्जैन।** देवासगेट पर सिटी लिंक ट्रेवल्स ऑफिस के सामने रविवार-सोमवार रात 2 बसों के टकराने की बात पर दोनों बसों के एजेंटों और ड्रायवर-क्लीनरों के बीच थप्पड़-मुक्के चल गये। दोनों ने ओर से मारपीट करने के साथ जान से मारने की धमकी दी गई। विवादित स्थल पुलिस थाने से कुछ दूरी पर था, विवाद की जानकारी लगते ही पुलिस पहुंची और मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार एक पक्ष से संतोष पिता बाबूलाल राठौर निवासी बजरंग नगर और दूसरे पक्ष से सोनू उर्फ अमरदीप पिता दिलीपसिंह चौहान निवासी फ्रीगंज की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 2 महिलओं ने खाया जहरीला पदार्थ, 1 की हालत गंभीर

**उज्जैन।** सोमवार को 2 महिलाओं ने जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों को परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। बताया जा रहा है कि विधायक नगर पंवासा में रहने वाली संगीता पति प्रहलाद चौहान 40 साल की हालत नाजुक बनी हुई है। जिसे उपचार के लिये आईसीयू में भर्ती किया गया है। वहीं केसरबाई पति अम्बाराम 36 साल निवासी आंचलपुर झरिन्या माकडोन का उपचार वार्ड में चल रहा है। दोनों ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया इसकी सही वजह सामने नहीं आई है। ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा दोनों महिलाओं के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई है। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते दोनों ने मौत को गले लगाने का प्रयास किया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की 8 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** महिदपुर-खेड़ाखजूरिया के बीच 30 जनवरी को बाइक सवार कनीराम पिता तेजाराम 28 साल निवासी ग्राम खूरचिनया प्रताप महिदपुर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। कनीराम गंभीर घायल हुआ था, जिसे महिदपुर से उज्जैन रैफर किया गया था। परिजन उपचार के लिये आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज लेकर आये थे। जहां 8 दिनों तक चले उपचार के दौरान रविवार रात मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने सोमवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। उपचार के दौरान मौत का मामला नीलगंगा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल से भी सामने आया है। ग्राम दोंता जागरी के रहने वाले जुझार पिता गोपालसिंह ने रविवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत होने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया।

## सात जन्मों का बंधन 10 माह में टूटा

**उज्जैन।** 10 माह पहले सात जन्मों के लिये बंधन में बंधे पति-पत्नी का रिश्ता पत्नी की मौत होने के बाद टूट गया। पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। माकडोन के बिरियाखेड़ी में रहने वाली भावना 20 वर्ष का 10 माह पहले आगर के ग्राम खेकरिया में रहने वाले अम्बाराम से विवाह हुआ था।

### चार मकान पूरी तरह स्वाहा, विधायक द्वारा की गई आर्थिक मदद

# योगेश्वर टेकरी पर फ्रीज में ब्लास्ट के बाद फैली भीषण आग





**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

अतिप्राचीन योगेश्वरी टेकरी के रास्ते पर बने मकान में सोमवार शाम फ्रीज खोलते ही ब्लास्ट हुआ और भीषण आग फैल गई। चार मकान लपटों से घिर गये। फायर बिग्रेड कर्मी आग पर काबू पाते उससे पहले लाखों का नुकसान हो चुका था। पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

आर्य समाज मार्ग पर अतिप्राचीन योगेश्वर टेकरी बनी हुई है। जिसके एक हिस्से की चढ़ाई पर कई मकान बने हुए है, जो कच्चे और लकड़ी के है। यहां रहने वाले मदनलाल तंवर द्वारा शाम को चाय बनाने के लिये फ्रीज में रखा दूध निकाला। उसी दौरान फ्रीज में शार्ट सर्किट हुआ और चिंगारी कम्प्रेशर पर गिरते ही ब्लास्ट हो गया। मदनलाल कुछ समझ पाता उससे पहले आग तेजी के साथ फैली और पूरा घर लपटों से घिर गया। आग पड़ोस में रहने वाले रमेश द्रोणावत के मकान से होती हुई ओमप्रकाश लालावत और अनिल के मकान तक पहुंच गई। कुछ देर में ही योगेश्वर टेकरी का हिस्सा धुआं-धुआं हो गया, मकानों से ऊंची लपटे उठने लगी। रहवासियों ने तत्काल फायर बिग्रेड को सूचना दी, 3 दमकल मौके पर पहुंची लेकिन ऊंचाई भरा क्षेत्र होने पर दमकलें ऊपर तक नहीं पहुंच पाई। दमकल कर्मियों ने पाइप बिछाये और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किये। करीब 1 घंटे से अधिक समय आग बुझाने में लग गया। इस बीच 2 मकानों में रखा घरेलू सामान पूरी तरह से जलकर स्वाहा हो गया था। 2 मकानों में भी काफी नुकसान हुआ। आगजनी की खबर मिलते ही कोतवाली सीएसपी राहुल देशमुख, थाना प्रभारी दीनबंधूसिंह तोमर टीम के साथ पहुंच गये थे। जिन घरों से आग से नुकसान हुआ वह परिवार बदहवास हो गये थे। उनके जीवनभर की कमान राख में बदल चुकी थी।

### विधायक ने परिवारों से मिलकर की आर्थिक मदद

योगेश्वर टेकरी पर लगी आग और चार से पांच परिवारों के बेघर होने की खबर मिलते ही विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा मौके पर पहुंच गये थे। उन्होने परिवारों से मुलाकत की और ढांढस बंधाया। परिवारों के मकान टीन शेड़, बल्ली से बने हुए थे। विधायक ने परिवारों को आर्थिक मदद करते हुए टीन शेड,बल्ली दिलाने का आश्वासन दिया और 20-20 हजार की आर्थिक मदद दी। परिवारों के नुकसान की भरपाई कराने के लिये मुख्यमंत्री से भी चर्चा कर मदद दिलाने का आश्वासन दिया। बेघर हुए परिवारों को फिलहाल आसपास के लोगों ने आश्रय दिया है।



### आगजनी का दर्ज किया गया मामला

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम के बाद मामले में मयूर पिता मदनलाल तंवर की शिकायत पर आगजनी दर्ज की गई है। मयूर तवंर के साथ ओमप्रकाश, रमेश, अनिल के मकान को क्षति पहुंची है। वही सीएसपी राहुल देशमुख ने कहा कि प्रारंभिक रूप से शार्ट सर्किट के बाद ब्लास्ट होने की जानकारी सामने आई है। शार्ट सर्किट कैसे हुआ, इसकी जांच की जायेगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी।



## चोरों की तलाश में निकली पुलिस को बंद मिले कैमरे

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



महानंदानगर और बसंत बिहार कालोनी में शनिवार-रविवार रात हुई चोरी की वारदात में चोरों का पता लगाने के लिये पुलिस कैमरों के फुटेज खंगालने निकली। लेकिन इंदौररोड पर स्मार्ट सिटी के कैमरे बंद होना सामने आये। अब प्रायवेट कैमरों के फुटेज खंगालने का प्रयास किया जा रहा है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र की बसंत बिहार कालोनी में रहने वाले इंदौर केनरा बैंक के असिस्टेंट मैनेजर विकास पंवार और महानंदानगर में रहने वाले राजेन्द्र भार्गव के मकान में रविवार सुबह चोरी की बड़ी वारदात होना सामने आया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और मकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे। जिसमें स्कूटी पर सवार 2 बदमाश और एक युवती दिखाई दी। तीनों ने नकाब ओढ़ रखा था। फुटेज सामने आने के बाद उनके भागने का रूट ट्रेस किया तो पता चला कि महामत्युंज्य द्वार की ओर गये है। सोमवार को पुलिस ने महामत्युंज्य द्वार से इंदौर रोड पर लगे स्मार्ट सिटी के कैमरों को देखने का प्रयास किया, लेकिन सिक्स लेन निर्माण के चलते मार्ग पर लगे कैमरे बंद होना सामने आये। पुलिस ने अब प्रायवेट कैमरों को देखना शुरू किया है। पुलिस इस बात का पता लगाने में जुटी है कि स्कूटी सवार युवती दोनों बदमाश साथियों के साथ इंदौर की ओर भाग की है या फिर इंदौर-नागदा बायपास मार्ग का रूख किया है।

### कार-बाइक भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी घायल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

कार और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में बाइक सवार दंपति गंभीर घायल हो गये थे, जिन्हे उपचार के लिये उज्जैन लाया गया। सोमवार दोपहर पति की मौत हो गई। पत्नी की हालत गंभीर होने पर इंदौर रैफर किया गया है।

माधवनगर थाना प्रधान आरक्षक सियाराम भदौरिया ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती अशोक पिता लक्ष्मीनारायण शर्मा 40 निवासी बेलाखेड़ा राघवी की दुर्घटना में घायल होने पर उपचार के दौरान मौत होने की खबर मिलने पर मर्ग कामय किया और पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि लक्ष्मीनारायण शर्मा और उनकी पत्नी सुबह घर से शादी में शामिल होने के लिये बाइक से निकले थे। रास्ते में कार ने टक्कर मारी थी। पत्नी को इंदौर रैफर किया गया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। मर्ग डायरी जांच के लिये संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

**प्रधानाचार्य शासकीय धन्वन्तरी आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक/स्टोर/2022/351 उज्जैन दिनांक 09/02/2026

**संक्षिप्त नीलामी विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय मंगलनाथ रोड, उज्जैन में निम्नलिखित कार्य हेतु संक्षिप्त विज्ञप्ति।

| क्रं. | कार्य का विवरण | पुराने छात्रावास की ऑफसेट वेल्यू | धरोहर राशि (रूपये) | नीलामी का समय/दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय, मंगलनाथ मार्ग, उज्जैन का पुराना बालक छात्रावास भवन को डिसमेंटल कर भूमि का समतलीकरण | 1,00,000/- अक्षरी -एक लाख रू. मात्र | 10,000/- अक्षरी -दस हजार रू. मात्र | 18/02/2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| 2. | संस्था को पुराने कबाड़ की नीलामी (लकड़ी एवं लोहे का फर्नीचर, प्लास्टिक सामग्री सहित) | 50,000/- अक्षरी -पचास हजार रू. मात्र | 5,000/- अक्षरी -पांच हजार रू. मात्र | 18/02/2026 को प्रातः 10:00 बजे |

1. निविदा प्रपत्र विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 16.02.2026 तक कार्यालय समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त की जा सकेगी। दोनों कार्यों की पृथक - पृथक निविदा प्रपत्र हेतु मूल्य रू. 500/- महाविद्यालय के स्टोर कक्ष में नगद राशि जमा कर निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्तें प्राप्त की जा सकती है।
2. इच्छुक निविदाकार कार्यालयीन समय में भवन एवं कबाड़ सामग्री का अवलोकन कर सकते है।

**डॉ. जे.पी. चौरसिया, प्रधानाचार्य, शास. धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. 9893169434**

## सावधान रहें तो साइबर अपराध से बचा जा सकता है : थाना प्रभारी विवेक कनोडिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भारत में साइबर सुरक्षा पर गम्भीर विचार विमर्श की जरूरत है । भारत में प्रतिदिन नागरिक साइबर अपराध का शिकार हो रहे हैं । इस का मुख्य कारण यह है कि लोग साइबर अपराध के प्रति जागरूक नहीं हैं । इसको रोकने के लिए हमें साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी होना चाहिए । साइबर फ्रॉड से बचने के लिए सुरक्षित मोबाइल चलाना सीखना चाहिए, ताकि आप लोग धोखाधड़ी का शिकार नहीं हों । ये उद्गार प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस माधव महाविद्यालय में साइबर सुरक्षा पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता जीवाजी गंज पुलिस थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने व्यक्त किए । शुभारंभ कार्यक्रम में उन्होंने विधार्थियों से कहा कि आप लोग बुद्धिमानी से साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं । अपनी सुरक्षा आप को ही करना है। यद्यपि पुलिस आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है । साइबर अपराध की तत्काल रिपोर्ट करें । एआई के प्रति जागरूकः सुरक्षित, स्मार्ट और नियंत्रण विषय पर आयोजित कार्यशाला में स्टेट साइबर सेल की निरीक्षक सुश्री पूजा मुवेल ने कही।

### जाहिर सूचना

सूचित किया जाता है कि खसरा न. 243/9 ग्राम कमलिया शुभ आँगन रेसीडेन्सी 2 (रेरा क्रमांक -P-SJL-25-6018) विकसित की जा रही है जो की ग्राम कमलिया तहसील शुजालपुर में स्थित है । एततः कॉलोनी EWS एवं LIG, EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग), LIG ( निम्न आय वर्ग) के प्लाट उपलब्ध है इस हेतु इच्छुक क्रेता जो की EWS, LIG की केटेगरी में आते है अपने आवेदन के साथ आज दिनांक 09/02/2026 से 180 दिन के अन्दर अपना आवेदन आय का प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, आधार कार्ड सहित जाकर कॉलोनी में अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर देवे । उक्त भूमि का क्षेत्रफल 8775.63 वर्ग मीटर है। कॉलोनी का विधिवत नक्शा पास कर डायवर्सन विकास अनुमति, रेरा रजिस्ट्रेशन का प्रमाण पत्र प्राप्त हो चुका है।

**संपर्क हेतु-शुभ आँगन रेसीडेन्सी 2 ग्राम कमलिया शुजालपुर रेरा नंबर+ P-SJL-25-6018**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष संजय नागर पिता स्वर्गीय श्री बालकृष्ण नागर निवासी-58, लक्ष्मी विला, विवेकानंद कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) एवं मनीष नागर पिता स्वर्गीय श्री बालकृष्ण नागर निवासी-बी 257, जवाहर नगर, एम पी एच बी कॉलोनी, महू गांव, महू (म.प्र.) द्वारा भूखण्ड क्रमांक 58 का भाग, जिसका कुल क्षेत्रफल 125.26 वर्गमीटर, स्थित विवेकानंद नगर, कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भूखण्ड क्रमांक 57 जैन साहब का, पश्चिम में-रोड़, उत्तर में-रोड़ एवं दक्षिण में-भूखण्ड क्रमांक 59 है, को बंधक कर हेतु ऋण सुविधा की मांग की है । उक्त भूखण्ड को श्री बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर निवासी-उज्जैन (म.प्र.) द्वारा इसके पूर्व स्वामी श्याम सहकारी गृह निर्माण संस्था समिति, उज्जैन द्वारा अध्यक्ष सरदारमल पिता श्री भंवरलाल जैन निवासी-उज्जैन (म.प्र.) से विधिवत पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 2403 दिनांक 05.06.1970 के द्वारा क्रय किया गया है, श्री बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर का स्वर्गवास हो गया है, उनकी मृत्यु के पश्चात उक्त संपत्ति उनके पुत्र संजय नागर, मनीष नागर पुत्रगण स्वर्गीय श्री बालकृष्ण नागर को उनके वैध वारिस एवं उ×राधिकारी होने के नाते उ×राधिकार में प्राप्त हुआ है, तथा उनके द्वारा यह कथन किया है कि, उनके अतिरिक्त स्वर्गीय श्री बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उत्तराधिकारी नहीं है, यदि उक्त भूखण्ड को बंधक किये जाने के संबधं में कोई आपत्ति हो या स्वर्गीय स्वर्गीय श्री बालकृष्ण नागर पिता श्री बापुलाल नागर का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उ×राधिकारी हो या उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध या गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-09.02.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 9827228461**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक शाखा उज्जैन के समक्ष श्रीमती दीपा गुप्ता पति श्री सचिन गुप्ता एवं सचिन गुप्ता पिता श्री कृष्णदास जी गुप्ता निवासी-66/1, राजाभाऊ महाकाल मार्ग, गली नंबर 06, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा प्रकोष्ठ/फ्लेट क्रमांक 2/13 जिसका कुल क्षेत्रफल 35.71 वर्गमीटर सोनी कॉम्पलेक्स, बहुमंजिला भवन खत्रीवाड़ा, गोपाल मंदिर के सामने चंद्रशेखर आजाद मार्ग, गली नंबर 02, जो कि, भवन म्युनिसिपल क्रमांक 2 2/1 एवं 2/2 पर निर्मित होकर जिसके पूर्व में-फ्लेट क्रमांक 2/14 एवं पैसेज, पश्चिम में-तल पर रोड़, उ×र में-फ्लेट क्रमांक 2/12 एवं दक्षिण में-गली है, को बंधक रखकर ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त फ्लेट को नंदकिशोर पिता भगवानलाल सोनी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 6069 दिनांक 07.03.2001 के द्वारा श्रीमती पुष्पाबाई पति श्री मोहनलाल गुप्ता को विक्रय किया गया था श्रीमती पुष्पाबाई पति श्री मोहनलाल गुप्ता का स्वर्गवास हो जाने पर उक्त फ्लेट पर उनके पति श्री मोहनलाल गुप्ता पिता श्री वल्लभदास जी गुप्ता द्वारा स्वयं को पुष्पाबाई पति श्री मोहनलाल गुप्ता का एकमात्र उ×राधिकारी बताते हुवे द्वारा अपने नाम का नामांतरण उज्जैन नगर, पालिक निगम उज्जैन के संप×िकर अभिलेखों में दर्ज करवा लिया गया है । श्री मोहनलाल गुप्ता पिता श्री वल्लभदास जी गुप्ता द्वारा उक्त फ्लेट को पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक ड्च432022021।1599242 दिनांक 20.07.2021 के द्वारा विक्रय कर दिया गया है, यदि उक्त फ्लेट/प्रकोष्ठ को बंधक किये जाने के संबधं में कोई आपत्ति हो या स्वर्गीय श्रीमती पुष्पाबाई पति श्री मोहनलाल गुप्ता का अन्य कोई वैधानिक वारिस या उ×राधिकारी हो या उक्त दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास उपलब्ध या गिरवी हो एवं उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त फ्लेट/प्रकोष्ठ को मेरी पक्षकारा आई.डी.एफ.सी. फर्स्ट बैंक शाखा उज्जैन द्वारा बधंक कर लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांकः-09.02.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर 9827228461**

# प्रेम सफल क्यों नहीं होता



प्यार का मौसम आ रहा है। आई लव यू के संदेशे हवाओं में उछाले जाएंगे। प्रेम के बारे में इतना लिखा जाता है, फिल्मों में दिखाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद कोई प्रेम कहानी सफल होती नहीं दिखती। लोग प्यासे के प्यासे रह जाते हैं, क्योंकि प्यार रोमांस में ही उलझकर रह जाता है। प्रेम के बारे में गलतफहमियां बहुत हैं। ओशो ने एक अद्भुत बात कही है : आई लव यू के जुमले से सावधान! यह एक आक्रामक वक्तव्य है। इसके बदले में दूसरे को फौरन कहना पड़ता है- आई लव यू टू। यह एक शिष्टाचार बन गया है। इसका निहित अर्थ है कि मैं तुमसे सिर्फ इसलिए प्यार करता हूं, क्योंकि मैं चाहता हूं कि तुम मुझसे प्यार करो। इसमें एक शर्त है कि तुम्हें किसी और से प्यार नहीं करना चाहिए। हर कोई चाहता है कि मेरे प्यार में कोई हिस्सेदार न हो। यह बहुत बड़ी भ्रांति है। रोमांस सिर्फ ख्यालों में जी सकता है। जब लोग साथ रहने लगते हैं, तो रोमांस यथार्थ की आग में जल जाता है। एक दूसरे की छोटी-छोटी बातें चुभने लगती हैं, अखरने लगती हैं। प्यार करने वाले एक-दूसरे की जासूसी कर रहे होते हैं। जब प्रेम का रंग उड़ जाता है, तब प्रेमी एक-दूसरे को दोष देते हैं, फिर प्यार एक लगातार संघर्ष बन जाता है। समस्या यह है कि प्रेमी एक-दूसरे को बांधकर रखना चाहते हैं। प्रेम कोई एक वस्तु नहीं है, वह सीमित नहीं होता कि एक को मिले, तो दूसरे को नहीं मिल सकता। इंसान का संकीर्ण मन सोचता है कि प्यार को एक व्यक्ति के साथ बांधकर रखना है। ऐसा बंधा हुआ प्रेम सड़ जाता है। जिनसे प्रेम हो, उनका भरोसा करना सीखें। प्रेम की बुनियाद है भरोसा। खासकर स्त्री के लिए भरोसा बहुत बड़ी चीज है, क्योंकि वह इतनी असुरक्षा में जीती आई है कि उसका किसी पर भरोसा नहीं रहा। हर कोई उसका शोषण करता है। स्त्री या पुरुष का दिल जीतना है, तो पहले उनका भरोसा जीतें। आई लव यू की जगह कहें, आई ट्रस्ट यू। अगर भरोसा है, तो प्रेम उसके पीछे छाया की तरह चला आता है। प्यार खूबसूरत होगा, अगर वह भरोसे का हिस्सा बनकर आए। भरोसे के बिना प्यार विफल होता है, क्योंकि अंदर ही अंदर उसमें जलन, शक, अविश्वास, बंधन वगैरह छिपे हुए दुश्मन सक्रिय होते हैं। भरोसे का फूल हृदय में खिलता है। भरोसे में आपको हमेशा खुद में कमियां ही मिलेंगी; सतही प्यार में आपको हमेशा उस इंसान में कमियां मिलेंगी, जिससे आप प्यार करते हैं। भरोसे में आपका ध्यान दूसरे पर नहीं होता, खुद पर होता है कि मेरे अंदर क्या कमियां हैं, मैं कैसे अपने आपको निखारूं। भरोसा हृदय में पलता है, पनपता है। भरोसेमंद बनना बहुत बड़ा वरदान है।

**सम्पादकीय**

## अच्छे समझौते की ओर

एक लंबी और तल्ख कवायद के बाद भारत और अमेरिका ने अंतरिम व्यापार समझौते का खाका आधिकारिक रूप से संयुक्त बयान में पेश कर दिया है। यह एक उम्मीद भरी पहल है, जिसे अंतिम मुकाम पर पहुंचाने के लिए भारत को बहुत सतर्कता के साथ कदम बढ़ाने होंगे। फिलहाल समझौते का जो प्रारूप सामने आया है, वह तलवार की धार की तरह है, जिस पर अगर संतुलन साधकर न चला गया, तो नुकसान हो सकता है। व्यावहारिक रूप से देखें, तो अनेक उद्योग क्षेत्रों में खुशी है, मगर कृषि और डेयरी जैसे क्षेत्रों में चिंता का आलम है। बहरहाल, यह स्पष्ट है कि भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क 50 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो गया है। साझा बयान के मुताबिक, दोनों देश चुनिंदा उत्पादों पर शून्य शुल्क, बाजार खोलने के उपाय और समग्र रूप से गहरे आर्थिक संबंधों के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत ने अगले पांच वर्षों में 500 अरब डॉलर के अमेरिकी सामान खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है, तो यह खरीद इस तरह होनी चाहिए कि भारत को भी लाभ हो। अंतरिम समझौते को अंतिम न माना जाए और भारतीय वातार्कार आगे की व्यापार वार्ता में बहुत सतर्कता से भारतीय हितों का संरक्षण कर सकें, ऐसी उम्मीद हर भारतीय को होगी।

कोई दोराय नहीं कि इस समझौते से भारत के भविष्य पर असर पड़ेगा। इतिहास में लिखा जाएगा कि जो समझौता भारत ने किया, उससे देश के किसानों, दुग्ध उत्पादकों को क्या लाभ हुआ? यह भूलना नहीं चाहिए कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और हमारा व्यावसायिक ढांचा अमेरिका जैसा नहीं है। हमारी एक बड़ी आबादी गांवों में रहती है, जो अपनी जीविका के लिए कृषि और डेयरी पर निर्भर है। भारत सरकार के लिए असली चुनौती इन्हीं दो क्षेत्रों में होगी और सरकार के आलोचकों की निगाह भी इन्हीं दो क्षेत्रों पर टिकी रहेगी। यही वे दो क्षेत्र हैं, जिनकी वजह से भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता हो नहीं पा रहा था और अमेरिका ने भारी टैरिफ भारत पर लाद रखा था। खैर, अन्य अनेक उद्योग हैं, जहां उद्यमी-निर्यातक राहत की सांस ले रहे हैं। श्रम-प्रधान कई क्षेत्रों- वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, प्लास्टिक और रबर पर लगने वाले कुल 50 प्रतिशत टैरिफ में 32 प्रतिशत अंकों की कमी आई है। मतलब, भारतीय निर्यातक फिर अन्य देशों से प्रतिस्पर्द्धा की स्थिति में आ गए हैं, इससे भारतीय निर्यात में निश्चित ही बढ़त दर्ज की जाएगी।

### प्रश्न जिम्मेदारी का

# जहरीले बयान से विषैले पानी तक कटघरे में सरकार



नरेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

किसी भी सरकार की दृढता और जन सामान्य से जुड़े विषयों में उसकी संवेदनशीलता सरकार की कीर्ति, ख्याति और गुणगान का महत्वपूर्ण आधार होती है। इस लिहाज से मध्यप्रदेश राज्य सरकार जिसने अपने नवीन नैतृत्व के साथ दो बरस से अधिक की कार्य अवधि पूर्ण कर ली है, अब यह जानना बहुत जरुरी हो जाता है की जनसामान्य से जुड़े आवश्यक विषयों के प्रति सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, नेता और अफसरों का दृष्टिकोण क्या है? जब किसी राज्य में केंद्रीय नैतृत्व ने नव प्रयोग करते हुए वरिष्ठता के क्रम को उलांघकर मोहन यादव को मध्यप्रदेश की सरकार का मुखिया बनाया हो, तब राज्य सरकार का मूल्यांकन और भी जरुरी हो जाता है। सरकार के कार्यों का मूल्यांकन जनता की नजर से करने का पैमाना वैसे तो पांच बरस में होने वाले चुनाव है। इस पैमाने पर अब से दो बरस पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नैतृत्व में एमपी की जनता ने भाजपा को व्यापक जन समर्थन देकर राज्य में राज्य में पांच वर्षीय कार्यकाल सौपा है, जनादेश इतना बड़ा की बहुमत से 50 सीटें अधिक याने की 230 में से 163 सीट जीतकर भाजपा ने इतिहास रचा। किंतु यह सफलता भाजपा को पूर्व मुख्यमंत्री, वर्तमान में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान के नैतृत्व में प्राप्त हुई थी। शिवराज के नैतृत्व में भाजपा को मिले व्यापक जन समर्थन के बाद भाजपा हाईकमान ने शिवराज के स्थान पर महाकाल की नगरी उज्जैन दक्षिण के विधायक एमपी सरकार के पूर्व शिक्षामंत्री मोहन यादव को प्रदेश की कमान सौपी। मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को राज्य के 19 वें मुख्यमंत्री के रुप में शपथ ग्रहण की थी।

मध्यप्रदेश जिसकी बागडोर शिवराज के हाथों से मोहन यादव के हाथों में आ चुकी थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री के रुप में अपने शुरूवाती निर्णयों में मोहन यादव सरकार की दृढता स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही 13 दिसम्बर 2023 को धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर निर्धारित डेसिबल से अधिक तेज आवाज वाले लाउडस्पीकरों और डीजे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया। यह कदम सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निदेर्शों के तहत ध्वनि प्रदूषण कम करने और जन स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए उठाया गया था। इस निर्णय को सम्पूर्ण प्रदेश में समान रुप से लागू करने में भी सफलता प्राप्त हुई थी। जब गाँव-गाँव, शहर-शहर ऊँचे स्थानों पर लाउड स्पीकर लगाकर धार्मिक कट्टरवाद की प्रतिस्पर्धा का दौर चल रहा था। मोहन यादव की सरकार ने आमजनता के हित में दृढता से कदम उठाया। उक्त निर्णय को समान रुप से लागू भी किया। तेज आवाज से परेशान आमजन को राहत देने का काम किया था। एमपी की सरकार का दूसरा कठोर निर्णय परिवहन चैक पोस्ट समाप्त करने का था। जिसका आधिकारिक निर्णय 30 जून 2024 को लिया गया। और यह 1 जुलाई 2024 से पुरे राज्य में लागू भी हो गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अंतर प्रांतीय सीमाओं पर होने वाली अवैध वसूली को रोकने और गुजरात मॉडल अपनाने के लिए चेक पोस्ट को बंद करने का कड़ा फैसला लिया था। यह फैसला सरकार का भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार था। जनता से जुड़े कठोर निर्णय लेने वाली मोहन सरकार कुछ मामलों में अनिर्णय का शिकार होती दिखी, जिन विषयों पर संवेदनशीलता और दृढता दिखाए जाने की आवश्यकता थी, राज्य सरकार और उसके मुखिया खामोश नजर आए। ऐसा ही राष्ट्रीय अस्मिता से जुडा मामला एमपी सरकार के जनजातीय कार्यमंत्री के रुप में विजय शाह द्वारा दिया गया बयान था। उन्होंने भारतीय सेना की कर्नल सौफिया कुरैशी जिन्होंने आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से दुनियाँ को अवगत कराया स्वयं भी कार्यवाही का हिस्सा रही। उन पर दिए जहरीले बयान में मंत्री विजय शाह ने उन्हें आंतकियों की बहन कहकर सम्बोधित किया। भारत राष्ट्र की जिस नायिका पर देश गौरव कर रहा है, एमपी सरकार के जिम्मेदार मंत्री द्वारा दिए बयान ने मध्यप्रदेश की जनता को शर्मन्दगी से भर दिया था, उनका यह बयान देश की गरिमा को नुकसान पहुंचाने वाला है, किंतु आश्चर्य की 10 माह होने को आए मंत्री अपने पद पर बना हुआ है। एमपी की सरकार उन्हें मंत्री पद से हटाने में नाकाम दिखाई दी, जब से अब तक का हर दिन एमपी की सरकार और उसके मुख्यमंत्री की संवेदना और दृढता को मुंह चिढ़ाता प्रतीत हो रहा है।

एमपी की आर्थिक राजधानी इंदौर जिसे देश के सबसे साफ शहर का तमगा मिला हुआ है। अभी वर्ष 2026 की जनवरी माह में इस शहर के भागीरथ पूरा इलाके में विषैले पानी से फैले डायरिया के कारण एक के बाद एक 33 लोगो की मौत हो गयी। मौत का क्रम अभी भी जारी है, जाने कब रुकेगा, सरकार ने तीन अधिकारियो को निलंबित किये जाने एवं मृतक परिवार को मुआवजे के रुप में मात्र 2 लाख रु की घोषणा कर इस गंभीरतम अपराध पर पर्दा डालने का प्रयास किया। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री ने एक पत्रकार को दिए बयान में फोकट प्रश्न और घंटा जैसे शब्दों के इस्तेमाल ने प्रदेश की जनता को झकझोर दिया। इस बयान ने प्रदेश को गहरे रुप से शर्मिंदा किया। एमपी के इंदौर में विषैले पानी से हुई मौत के सम्पूर्ण घटनाक्रम पर सरकार संवेदन शून्य नजर आई। यह विषय प्रदेश के विपक्ष को सरकार पर हमलावर होने का मौका था, विपक्ष ने ऐसा ही किया। सरकार और मुख्यमंत्री विपक्ष को दोष देते दिखे। इस अति गंभीर विषय पर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा की फायर ब्राड नेता उमा भारती का बयान काबिले गौर रहा, जिसमे जनमत की आवाज सुनाई दी उन्होंने 7 पर अपनी पोस्ट में लिखा ' सिर्फ इंदौर के मेयर ही नहीं, मध्यप्रदेश का शासन एवं प्रशासन कटघरे में खडे है, इस महापाप के सभी जिम्मेदार लोग जनता के प्रति अपराध के कटघरे में खडे है, उमा भारती ने लिखा इंदौर दूषित पानी के मामले में यह कौन कह रहा है की हमारी चली नहीं, जब आपकी चली नहीं तो आप पद पर बैठे बीसलेरी का पानी क्यों पीते रहे जनता के बिच क्यों नहीं गए ऐसे पापों का कोई स्पष्टीकरण नहीं होता या तो प्रायश्चित या दंड!' उमा भारती की इस पोस्ट में सरकार को सख्त कदम उठाने का संदेश था।

## ठलुआई का लायसेंस

शहर के उस कोने में जहाँ नालियों का पानी और दर्शनशास्त्र की बातें एक साथ सड़ती हैं, वहाँ एक पुराने बरगद के नीचे 'मूर्ख शिरोमणि' सभा जमी थी। यहाँ चतुर लोग नहीं आते थे, क्योंकि चतुरों को डर था कि कहीं उनकी बुद्धि की किश्तें समय पर न चुकने के कारण जब्त न हो जाएँ। शुक्ल जी (जो कि मोहल्ले के इकलौते पढ़े-लिखे बेरोजगार थे और चतुर होने का दंड भुगत रहे थे) एक कोने में दुबक कर इस दृश्य को देख रहे थे। सामने एक शुद्ध उजड्ड बैठा था, जिसका पेट दुनिया के तमाम भ्रष्टाचारों को पचाने के बाद इतना बड़ा हो गया था कि उस पर एक छोटी-सी रियासत का नक्शा बनाया जा सकता था। वह उजड्ड नहीं था, वह तो साक्षात ईश्वर का वह अवतार था जिसने 'सोचने' की मेहनत को त्याग दिया था। उसके चेहरे पर वैसी ही शांति थी, जैसी किसी श्मशान में रात के दो बजे होती है। वह अपनी उँगलियों से नाक के बालों को सहलाते हुए जीवन के उस सत्य की व्याख्या कर रहा था, जिसे समझने के लिए बड़े-बड़े दार्शनिकों ने अपनी आँखें और बुद्धि दोनों फोड़ ली थीं। वह कह रहा था कि भाई, बुद्धि तो एक बीमारी है, जो एक बार लग जाए तो आदमी को अपनी परछाईं से भी डर लगने लगता है।

दरअसल, चतुर होना एक ऐसी सजा है, जिसमें आदमी खुद ही जेलर भी होता है और कैदी भी। शुक्ल जी ने देखा कि कैसे एक जाहिल व्यक्ति बिना किसी 'इंडियन पैनल कोड' की परवाह किए, एक डंडे के दम पर उस पूरी व्यवस्था को हाँक रहा था जिसे चतुर लोग फाइलों के अंबार में दबाकर बैठे थे। चतुर आदमी सलीके के रेशमी धागों में बँधा हुआ अपनी इज्जत की लाश ढोता है, जबकि उजड्ड आदमी अपनी नग्नता को ही अपना आभूषण बना लेता है। इस देश में चतुरों ने हमेशा पुल बनाए, सड़कें बनाईं और नियम रचे, लेकिन उन पर राज हमेशा उन्हीं का रहा जिन्होंने कभी स्कूल की दहलीज तक नहीं लांघी थी। राज करने के लिए दिमाग की नहीं, बल्कि उस 'गुर्दे' की जरूरत होती है जो केवल बेवकूफी की खाद पर पनपता है। उजड्ड आदमी को न तो इतिहास का बोझ दबाता है और न ही भविष्य की चिंता सताती है; वह तो केवल वर्तमान की उस रोटी पर नजर गड़ाए रहता है जिसे छीनने के लिए चतुरों को दस बार नैतिकताओं का पाठ पढ़ना पड़ता है।

समाज के इस तमाशे में सबसे बड़ा दुख यह है कि यहाँ 'एजुकेटेड फूल' होना सबसे बड़ी त्रासदी है। शुक्ल जी जैसे लोग, जो मार्क्स और हीगेल को घोट कर पी चुके थे, आज उस उजड्ड के सामने हाथ जोड़कर खड़े थे जो 'अ' और 'आ' में अंतर नहीं जानता था।

## पञ्चांग राशिफल


दिनांक - 10 फरवरी 2026
मंगलवार
सूर्योदय - 07:07 सूर्यास्त 18:16
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:30 से 16:30 तक
तिथि - अष्टमी 07:27 उपरांत नवमी
नक्षत्र - विशाखा 07:55 उपरांत अनुराधा
योग - ध्रुव 25:42 उपरांत व्याघ्र
करण - कौलव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण वृश्चिक में रहेगा
मुस्लिम मास - सावान मास 21 तारिख

**मेष-** अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। विवाद न करें। आर्थिक स्थिति में सुधार की संभावना है।
**वृषभ-** व्यापार में नए अनुबंध होंगे। व्ययों में कमी करना चाहिए। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यापार में लाभकारी परिवर्तन होंगे।
**मिथुन-** दुःखद समाचार मिल सकता है। विरोध होगा। व्यर्थ भागदौड़ होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। विवाद न करें।
**कर्क-** कार्य निर्णय बहुत शांति से विचार करके करना ही शुभ है। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें। रुका धन मिलेगा।
**सिंह-** कुसंगति से बचें। लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। विवाद न करें।
**कन्या-** सार्वजनिक कार्यों में समय व्यतीत होगा। संतान की ओर से शुभ समाचार मिलेंगे।
**तुला-** नई योजना बनेगी। कार्य का विस्तार होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।
**वृश्चिक-** अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। काम के प्रति दृढ़ता से कार्य में अनुकूल सफलता मिल सकेगी।
**धनु-** पुराना रोग उभर सकता है। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। आय में कमी रहेगी।
**मकर-** धैर्य रखें। स्वास्थ्य की समस्या हल होगी। ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी। आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा।
**कुंभ-** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।
**मीन-** रोजगार की चिंता रह सकती है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। मानसिक दृढ़ता से निर्णय लेकर कार्य करना चाहिए।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

# सुबह पिएंगे तुलसी का पानी तो मिलेंगे गजब के फायदे

भारत में तुलसी पौधे की पूजा सदियों से की जा रही है। ये एक ऐसा पौधा है जो हर घर में आसानी से मिल जाएगा। इसके औषधीय गुणों के कारण इसका इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज में किया जाता है। तुलसी की पत्तियों का सेवन खास तरह से रोजाना किया जाए तो इससे हेल्थ को खूब फायदे मिल सकते हैं। तुलसी को सिर्फ पानी में कुछ देर छोड़ कर उसका पानी पीने से ही शरीर में कई तरह के फायदे मिलते हैं। जानिए, सुबह खाली पेट तुलसी का पानी पीने के फायदे।



### तनाव होगा दूर

तुलसी की पत्तियों में एडाप्टोजेन्स की अच्छी मात्रा होती हैं जो आपके शरीर में तनाव के लेवल को कम करने में मदद करती हैं। यह आपके तंत्रिका तंत्र को आराम देने और ब्लड फ्लो को बढ़ाने में भी मदद करती हैं। इससे इंद्रियों को शांति मिलती है और तनाव कम करने में मदद मिलती है।

### पाचन को मिलता है बढ़ावा

जब नियमित रूप से तुलसी के पानी को पिया जाता है, तो इससे मल त्याग में सुधार होता है जिससे पाचन में आसानी होती है। यह एसिड रिफ्लक्स को संतुलित करता है और पीएच लेवल को बनाए रखता है। इससे पाचन स्वस्थ रहता है।

### सांसों की बदबू से निपटने में मदद

इसके एंटी-बैक्टीरियल गुण सांसों की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं। सुबह-सुबह इस पानी को पीने से आपका मुंह फ्रेश महसूस करें।

### इम्युनिटी बूस्टर की तरह करता है काम

यह एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं। यह आपके शरीर को अलग-अलग संक्रमणों से बचा सकता है। ये बैक्टीरिया और वायरस से लड़ता है। साथ ही हेल्दी इम्यूनिटी की कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देता है।

### वजन घटाने में मदद करता है

तुलसी पाचन में मदद करती है और आपके शरीर से टॉक्सिंस को भी बाहर निकालता है। रोजाना अगर कोई व्यक्ति इसे पीता है तो इससे शरीर के मेटाबॉलिज्म को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जिससे वजन घटाने भी कम होता है।

**व्यंग्य**

## आप कतार में है



कमलेश कंवल
(दैनिक अवन्तिका)

यदि आप सिंगल है तो शादी या लिव इन में रहने वालों की कतार में है। यदि आप शादीशुदा है तो नीले ड्रम में या फ्रिज में किश्तों में रखे जाने वालों की कतार में है।यदि सफल शादीशुदा है तो धर्म की रक्षा के लिए जो कभी गृहस्थ नहीं हुए उनके आह्वान पे आधा दर्जन बच्चे पैदा करने वालों की कतार में है। यदि बच्चे पैदा कर लिए है तो नर्सरी में ही लाखों रुपए की फीस देकर उनको पढ़ने पढ़ाने वालों की कतार में है। यदि बच्चों को पढ़ा लिखा लिया है तो उनके लिए लिए शिक्षा ऋण को चुकाने की जुगत में भिड़े चूसे हुए गन्ने की तरह बार बार मशीन में डाल के रस निकलवाने वाले मध्यम वर्गीय लोगों की कतार में है। यदि बच्चे बड़े हो गए है तो उनके जीवन साथी की तलाश में ज्योतिषियों, नजूमियों ,तांत्रिकों ,मैरिज ब्यूरो आदि इत्यादि के भ्रामक प्रचार के शिकार होने वालों की कतार में है। यदि बच्चों की शादी कर दी है तो शादी के लिए ले रखे कर्जों को चुकाने वाले की कतार में है ।यदि कर्जे भी चुका दिए है और बच्चे भी सेटल हो गए है तो आप बगीचों में, सड़क के किनारे सीमेंट की पट्टियों पे, समय गुजारने वालों फोकटिए बूढ़ों की कतार में है। यदि आप समय गुजारने वाले बूढों की कतार में है तो रात दिन देश की चिंता में घुलने वालों की कतार में है। यदि देश के लिए घुलने वालों की कतार में है तो धर्म की पुनर्स्थापना करने में अन्य धर्मों के लोगों की मां बहनों का पावन पुण्य स्मरण करने वाले कट्टर धर्मावलंबियों की कतार में है। और यदि आप शाम ढलते ढलते अनमने अनमने घर लौटने वाले बूढ़े है तो घर पे पहुंचते ही बीबी बहु बेटे पोते की झिड़कियां सुनने वाले बूढों की कतार में है। यदि आप अपने ही बनाए हुए घर में ही रह रहे है तो अपने लिए उस बड़े सारे घर में कोई एक सुरक्षित कोना ढूंढ रहे बुड्ढों की कतार में है।

यदि आप सुपर रिच है तो आप किसी और देश की नागरिकता पाने वालों की कतार में हो सकते है, बैंकों के गहन सहयोग से मिले अरबों रुपए के ऋण को राइटऑफ करवाने के लिए व्याकुल लोगो की कतार में हो सकते है और यदि सारी तिकड़म असफल हो गई है तो आप देश छोड़ कर भागने वालों की कतार में हो सकते है।आप यदि वकील है तो जज बनने वालों की कतार में है और यदि जज है तो मुख्य न्यायाधीश बनने वालों की कतार में है। यदि मुख्य न्यायाधीश है तो सांसद या राज्यपाल बनने वाले की कतार में है। यदि आप साहित्यकार है तो आप पुरस्कार पाने वालों की कतार में है ।यदि आप पुरस्कार जुटा चुके है तो आप पुरस्कार भुनाने वालों की कतार में है।यदि आप पुरस्कार भुना चुके हैं तो आप पट्ठे पट्ठी पालने वालों की कतार में है। यदि कवि है तो कवि सम्मेलन पाने वालों की कतार में है। यदि कवि सम्मेलन पा चुके हैं तो संचालक बनने वालों की कतार में है ।यदि संचालक है तो किसी नवोदित कवियत्री को स्थापित करने वालों की कतार में है। यदि किसी शायरा को स्थापित कर चुके है तो गुरु दक्षिणा वसूलने वालों की कतार में है ।यदि गुरु दक्षिणा वसूल चुके है तो फिर किसी और नवोदित कवियत्री को स्थापित करने वालों की कतार में है। आप लेखक है तो भांड बनने वालों की कतार में है। यदि भांड बन चुके हो तो पुरस्कृत होने वालों की कतार में है। यदि आप पेंटर है तो मकबूल फिदा हुसैन बनने वालों की कतार में है। यदि आप मकबूल फिदा हुसैन है तो प्राण बचाने के लिए किसी और देश के नागरिक बनने वालों की कतार में ह। यदि आप सहृदय है तो धोखा खाने वालों की कतार में है। यदि आप धोखा खा चुके है तो आप जला के राख कर दूंगा वाली भावना के संरक्षक बनने वालों की कतार में है। यदि आप संरक्षक बन चुके है तो आप देश के कर्णधार होने वालों की कतार में है।यदि आप विपक्ष में है तो सरकार की बखिया उड़ेलने वालो की कतार में है। आप आशावादी है कि निराशा वादी, यादव है कि जाटव , पत्रकार है कि फनकार, भांड है कि सरकारी सांड, बाहुबली है कि अनारकली ,शर्मा है कि वर्मा, खान है कि डॉन, यूट्यूबर है कि प्रोफेसर,वैज्ञानिक है कि सैनिक ,मोड़ा है मोडी है या कि है किन्नर, आप सभी किसी न किसी कतार में है। कृपया प्रतीक्षा करे।

**धर्म-आस्था**

# नमामि देवी नर्मदा के दर्शनीय घाट



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

नर्मदा नदी की विशेषता है की ये पूर्व से पश्चिम दिशा की और बहती है।मध्यप्रदेश की जीवन रेखा है।नदी के तट पर कई प्रसिद्ध धार्मिक नगर ,मंदिर ,महल और किले एवं,कई एक से बढ़कर एक सुन्दर घाट निर्मित है इनके महत्व का पुराणों ,ग्रंथों में उल्लेख मिलता है।इनमे से कुछ डूब क्षेत्र में प्रभावित होने से उन्हें ज्यों का त्यों सुरक्षित जगह बसाया गया है।धार्मिक पर्व पर श्रद्धालु तथा परिक्रमावासी स्नान,पूजन का कार्य करते है।नदियों को प्रदूषण से मुक्त रखने हेतु कई स्थानों पर सामाजिक संस्थाएं कार्य कर रही है।ताकि पानी स्नान ,आचमन योग्य हो सके।ऐसी ही सुचारू व्यवस्था का संकल्प लेना होगा।नर्मदा नदी के तट स्थित रहने वाले कई रहवासी अपने घर के निकले गंदे पानी का निकास घर के पीछे करते है और उस गंदे पानी को सोख्ता गड्ढे में समाहित करते है ताकि सीधे गन्दा पानी माँ नर्मदा के स्वच्छ जल में न मिले ।वर्तमान में ऐसी ही प्रक्रिया को अपनाने की आवश्यकता है ।ताकि सीधे तौर पर गंदा पानी पावन नदी में न मिल पाए।देखा जाए तो नदियों में गंदा पानी नहीं जाना चाहिए किंतु वाटर ट्रीटमेंट व्यवस्था न होने से वर्तमान में कई जगह गन्दा पानी मिलता है।शासन ने नर्मदा शुद्धिकरण अभियान के द्वारा नर्मदा के किनारे बसे सभी शहरों में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किये जाने की योजना रखी है । साथ ही नर्मदा को स्वच्छ बनाने के लिए नागरिकों से सहयोग का आव्हान भी किया है ।जिससे माँ नर्मदा के जल को प्रदूषण से मुक्त रखने में हर व्यक्ति अपनी भूमिका सही तरीके से अदा कर सके ।साथ ही नदी के तट में मिटटी का कटाव रोकने हेतु नदी के तट पर फलदार वृक्ष ज्यादा मात्रा में लगाया जाना चाहिए जिससे परिक्रमा वासी,नदी में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं जल उपयोगकताओं को गर्मी में सुखद छांव एवं फल की प्राप्ति हो सकें ।जहा तक हो सके डेकोरेटेड पेड़ ० जिसमे फल न लगते हो न लगाए।नदियो को प्रदूषण से मुक्त करने का दायित्व निभाने वाली संस्थाओ को पुरस्कृत कर उन्हें शासन से सहायता मुहैया होना चाहिए ताकि नदियो के शद्धिकरण के द्वारा सभी को शुध्द जल का लाभ मिलकर जल संक्रमण से होने वाली बीमारियो से निजात मिल सके ।साफ - सफाई न होने से भी बीमारिया पनपती है जिसके कारण इंसान आर्थिक और शारीरिक रूप से कमजोर हो जाता है।स्वच्छता न होने से पनपे विभिन्न रोगो से जब पीड़ित होते है तब स्वच्छता की बाते अपने आप ही समझ में आ जाती है। स्वच्छता का संदेश और जागरूकता लाना हर इंसान का कर्तव्य है`क्योंकि स्वच्छता से ही बीमारियो ,प्रदूषण को मुक्त रख कर स्वस्थ्यता का लाभ हमें एक नई दिशा प्रदान कर सकता है` साफ सफाई करने हेतु आपस में सहयोग की भावना को बढावा देकर स्वच्छ नदी एवम प्रदूषण मुक्त नदी बनाने का संकल्प लेना होगा ताकि स्वस्थ गाँव -शहर समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित किया जा कर नमामि देवी नर्मदे अभियान के लक्ष्य को पूरा करने में अपनी भूमिका नदियों की स्वच्छता बनाये रखने में बेहतर तरीके से अदा कर सके।नर्मदा यात्रा का स्वागत सत्कार करें नर्मदा का विरल प्रवाह और निर्मलता सदैव बनी रहे।इस हेतु हम सबका एक ही उद्देश्य हो की नर्मदा का संरक्षण कर उसे प्रदूषण मुक्त करे। मनोरम घाट की बात करे तो नर्मदा परिक्रमा पर बहुत से सुंदर घाट और उनका पौराणिक महत्व है। बने हुए है।महेश्वर घाट और भी मनोरम घाट बने हुए है और कई स्थानों पर घाट बनाए जाने की पहल की जा रही है। मध्य प्रदेश की जीवनदायिनी नर्मदा सर्वत्र पूजनीय है।मां रेवा के प्राचीन घाट सरदार सरोवर के बैक वाटर से प्रभावित होने के कारण आने वाले दिनों में धार जिले की कुक्षी तहसील में नर्मदा तट स्थित मेघनाद घाट के बारे में प्राचीन ग्रंथो में उल्लेख हैजब मेघनाद यहाँ से गुजरा तो उसके पास दो शिव लिंग थे` एक शिवलिंग हाथ से छूट कर माँ नर्मदा नदी में जा गिरा`मेघनाथ उसी स्थल पर विश्राम कर तपस्या की` किवदंती है कि नर्मदा नदी के मेघनाथ घाट में स्नान करने से सौ अश्वमेध का फल प्राप्त होता है।मेघनाद का जन्म रावण के पुत्र के रूप में हुआ था और उसे इंद्रजीत का नाम तब मिला जब उसने इंद्र को हराया और बंदी बना लिया. रामायण में, मेघनाद एक शक्तिशाली योद्धा के रूप में वर्णित है, जो मायावी विद्याओं में निपुण था और राम-रावण युद्ध में एक प्रमुख भूमिका निभाता है. अन्ततः मेघनाद अपनी कठोर तपस्या में सफल हुआ और भगवान शिव ने उसे दर्शन दिए। भगवान शिव ने उसे कई सारे अस्त्र-शस्त्र, शक्तियां और सिद्धियां प्रदान की। परन्तु उन्होंने मेघनाद को सावधान भी कर दिया कि कभी भूल कर भी किसी ऐसे ब्रह्मचारी का दर्शन ना करे जो 12 वर्षों से कठोर ब्रह्मचर्य और तपश्चार्य का पालन कर रहा हो ।कोटेश्वर घाट सरदार सरोवर के बेक वाटर के चलते डूब प्रभावित होने के कारण कुक्षी तहसील के अधिकांश आसपास के गांव के श्रद्धालु मेघनाथ घाट आते है। यह घाट कोटेश्वर के पश्चिम क्षेत्र में स्थित पहाड़ी क्षेत्र नर्मदा तट ग्राम चंदनखेड़ी में है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1000-2975 चना काबली- 2910-8470, चना बड़ा- 5160-5915, बटला- 3317, रायड़ा- 7580, उड़द- 4350, धनिया- 8551, सोयाबीन- 1751-6212, मैथीदाना- 4720, असली- 6100, मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,57,500, रवा- 1,57,300 चांदी- टंच- 2,62,000 पाट- 2,61,200।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com




तराना प्रेस क्लब का पत्रकार मिलन समारोह संपन्न

## कार्यकारिणी का विस्तार,नवीन सदस्यों को पहचान पत्र किए वितरित

**कायथा** । तराना प्रेस क्लब का पत्रकार मिलन समारोह वराह मिहिर की नगरी कपित्थ नगर कायथा स्थित श्री देव वासुकी नाग मंदिर काली कराड़ कायथा मे आयोजित किया गया,कार्यक्रम तराना प्रेस क्लब के मार्गदर्शक वरिष्ठ पत्रकार मुकेश शर्मा, पत्रकार अनिल पांडे के आतिथ्य एवं तराना प्रेस क्लब अध्यक्ष अर्पित बोड़ाना की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा नाग वासुकी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अतिथियों ने निष्पक्ष पत्रकारिता के साथ ही जरूरतमंद की आवाज उठाने एवं पत्रकार एकता पर बल दिया। इस दौरान तराना प्रेस क्लब का विस्तार करते हुए नवीन सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई जिसमें कार्यकारी अध्यक्ष शिवनारायण गुर्जर ,उपाध्यक्ष अशोक मेहता सह कोषाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह सिसोदिया ,सचिव अजय नवरंग, सह सचिव लक्ष्मण सिंह चावड़ा मिडिया प्रवक्ता पप्पू अकेला को बनाया गया। साथ ही नवीन सदस्यों को तराना प्रेस क्लब के पहचान पत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर पत्रकार सतीश जायसवाल, उपाध्यक्ष विष्णु माली कोषाध्यक्ष विकास कसेरा, पत्रकार श्याम कारपेंटर,पत्रकार गोपाल सौलकी भरत जायसवाल आदि उपस्थित थे। आभार सचिव नवरंग ने माना।

## ऑल इंडिया रैंक 330 लाकर स्नेहा ने बढ़ाया नगर का गौरव, पाटीदार ने किया स्वागत



**सुसनेर।** होनहार बेटी स्नेहा मालवीय का एसएससी जीडी परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 330 के साथ उकरऋ में चयन हुआ है। उनकी इस उपलब्धि पर रविवार को डाक बंगला परिसर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार द्वारा स्वागत कर शुभकामनाएँ दी गईं। स्नेहा, स्वर्गीय बालचंद मालवीय की सुपुत्री हैं और सीमित संसाधनों के बीच उन्होंने यह सफलता प्राप्त की। उनकी उपलब्धि को महिला सशक्तिकरण की मिसाल माना जा रहा है। नगरवासियों ने स्नेहा के उज्वल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर पार्षद राकेश कानुडिया, विधायक प्रतिनिधि दीपक राठौर, आस्था एकेडमी स्कूल संचालक शैलेंद्र पाटीदार, कालू खान, रईस एहमद मेव, करण सिंह, तेजुसिंह कायरा, पंकज मालवीय, राहुल मालवीय, वारिस मंसूरी सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद थें।

# यूजीसी की नई गाइडलाइंस के विरोध में उमड़ा जनसैलाब, काले कानून के खिलाफ आर-पार की लड़ाई का ऐलान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



शहर की सड़कों पर सवर्ण समाज के आक्रोश का ज्वालामुखी फूट पड़ा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई गाइडलाइंस के विरोध में सुलग रही चिंगारी ने अब दावानल का रूप ले लिया है। यही कारण रहा कि सवर्ण एकता मंच के बैनर तले हजारों की संख्या में समाजजनों ने रविवार को ऐतिहासिक शक्ति प्रदर्शन किया और केंद्र सरकार के नए प्रावधानों को सिरे से नकारते हुए इसे काला कानून करार दिया।

युवा, बुजुर्ग और प्रबुद्धजन, हर वर्ग के लोग हाथों में तख्तियां थामे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतर आए। बस स्टैंड से शुरू हुई यह आक्रोश रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान काला कानून वापस लो के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रदर्शनकारियों का जोश बता रहा था कि वे अब पीछे हटने के मूड में नहीं हैं।

### राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन, प्रशासन को अल्टीमेटम

शहर भर में अपनी एकता का परिचय देने के बाद रैली पुनः बस स्टैंड पहुंचकर सभा में परिवर्तित हुई, यहां सवर्ण एकता मंच के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित एक ज्ञापन शाजापुर एसडीएम मनीषा वास्कले को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि झूठी शिकायतों पर नकेल कसी जाए। यूजीसी की नई गाइडलाइंस पर तुरंत रोक लगाकर इनका पुनरीक्षण किया जाए, अकादमिक स्वतंत्रता की रक्षा हो और झूठी शिकायतों पर सख्त दंडात्मक प्रावधान लागू हो। मंच ने प्रशासन को दो टूक शब्दों में चेताया है कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई, तो यह आंदोलन अब रुकेगा नहीं, बल्कि और तेज होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

दिवंगत शिक्षकों के परिजनों को एकत्रित की 78 लाख की आर्थिक सहायता

# पीएमयूएम शिक्षक संघ की पहल, शिक्षक बना शिक्षक का सच्चा साथी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना



प्रदेश पीएमयूएम शिक्षक संघ द्वारा शिक्षकों के लिए निःशुल्क पंजीयन की व्यवस्था की गई है। संघ द्वारा निर्धारित तीन माह की लॉकिंग अवधि पूर्ण होने के पश्चात यदि कोई पंजीकृत शिक्षक आकस्मिक रूप से दिवंगत हो जाता है, तो संघ उसके आश्रित एवं नामांकित परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करता है।

अब तक गुना जिले से लगभग 2,000 एवं पूरे प्रदेश से 80,000 से अधिक शिक्षक इस योजना में पंजीकृत हो चुके हैं। संगठन के सभी सदस्य निःस्वार्थ भाव से अपने साथी के परिवार को संबल देने हेतु एकजुट हैं। संघ के जिला संयोजक धर्मेन्द्र रघुवंशी एवं जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रथम अवसर पर दमोह जिले के स्व. दिलीप सिंह लोधी के परिजनों को 40 लाख रुपये तथा दतिया जिले के शिक्षक स्व. राकेश अहिरवार के आकस्मिक निधन पर उनके परिजनों को 38 लाख रुपये की सम्मानजनक आर्थिक सहायता प्रदान की गई। संभागीय उपाध्यक्ष प्रमोद श्रीवास्तव एवं सचिव चंद्रलेश श्रीवास्तव ने बताया कि जनवरी 2005 के बाद नियुक्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अंशदायी पेंशन योजना का लाभ मिलता है, जिसमें मात्र 3 से 5 हजार रुपये तक की पेंशन होती है, जिससे परिवार का भरण-पोषण अत्यंत कठिन हो जाता है। ऐसे में यह योजना पीड़ित परिवारों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है।

योजना के संस्थापक सतीश खरे, प्रांत संयोजक पवन खरे एवं प्रदेश अध्यक्ष मनोहर अजनारिया ने कहा कि संगठन ईश्वर से प्रार्थना करता है कि किसी भी शिक्षक परिवार को ऐसी स्थिति का सामना न करना पड़े, किंतु यदि विधि का विधान ऐसा है, तो प्रदेश का शिक्षक समाज दुख की घड़ी में परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा। संगठन का लक्ष्य एक लाख सदस्यों तक पहुँचना तथा अधिकतम 50 लाख रुपये तक की सहायता प्रदान करना है। जिला गुना आईटी सेल प्रभारी विनीत श्रीवास्तव, प्रांतीय आईटी सेल आर. के. गुप्ता एवं हिरदेश श्रीवास्तव द्वारा शिक्षकों को पंजीयन, आर्थिक सहयोग एवं रसीद को संगठन की वेबसाइट पर अपलोड करने संबंधी जानकारी 24 घंटे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी जा रही है। इस मानवीय पहल को सफल बनाने में गुना प्रभारी रामप्रकाश रघुवंशी, कमलेश बंसल, केशव शर्मा, गोविंद मीना, दिनेश शर्मा, ब्रजकिशोर शर्मा, रश्मि बुनकर, लक्ष्मीनारायण शर्मा, सुधीर रंजन दुबे, विनोद शर्मा, सोनू मीना, महिला जिला अध्यक्ष रानी बैरागी, महासचिव नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष शिवनारायण जाटव, राजेन्द्र मेहरा सहित अनेक शिक्षक सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



## औंकारेश्वर मंदिर में सप्त दिवसीय श्रीरुद्र महायज्ञ से शुरु

**कायथा** । अति प्राचीन प्रसिद्ध चमत्कारी श्री औंकारेश्वर मंदिर प्रांगण मे प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि महोत्सव के अन्तर्गत 47 वां सप्त दिवस श्री रुद्र महायज्ञ 9 से प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पं. भुवनेश चंद्र त्रिवेदी द्वारा बाबा औंकारेश्वर महादेव का अभिषेक पूजन यजमान से करवाया गया, यज्ञाचार्य पं. कपिल मेहता बाजार बरखेड़ा सिहोर के साथ पं.औंम प्रकाश दिक्षित विदिशा,पं.जगदीश शर्मा उज्जैन, द्वारा यज्ञ के प्रथम दिवस यजमान पुष्कर निगम का हेमाद्रि प्राश्चित कर्म ( पवित्री करण ) के साथ ही दश विधि स्नान कराया गया तथा यज्ञ मंडप प्रवेश देव आव्हान अर्चन किया गया, इस अवसर पर यज्ञ के वर्णित ब्राह्मण पं लक्ष्मी नारायण शर्मा पं.अशोक मेहता पं.श्री निवास व्यास पं.औंम प्रकाश शर्मा पं. स्वरुप नारायण नागर आदी रहेंगे यज्ञ के यजमान पुष्कर निगम सपत्नीक इस महायज्ञ मे विभिन्न प्रकार की जडी.बुटियो से क्षैत्र मे सुख शांति अच्छी वर्षा के लिए आहुतियां प्रदान करेंगे द्वितीय दिवस मंगलवार को अरुणी मंथन कर अग्नि देवता को प्रकट किया जाऐगा।

## महाविद्यालय डिविजनल इंटर कॉलेज कराटे कॉम्पीटिशन में जीता मेडल

**राजगढ़।** ब्यावरा-राजगढ़ के 2 खिलाड़ियों का चयन राजगढ़ कराटे टीम में हुआ था ये महाविद्यालय डिविजनल इंटर कॉलेज कराटे कॉम्पीटिशन भोपाल के एमवीएम कॉलेज में 5, 6 फरवरी को आयोजित हुई क्रीड़ा भारती राजगढ़ जिला मंत्री ओर राजगढ़ कराटे संघ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की जिले के घनश्याम पिता राजेश कुशवाह ने - 80 वजन समूह में 6 फाईट जीती और सेमीफाइनल में पहुंचकर सिल्वर मेडल हासिल किया है, वही निखिल शाक्यवार पिता हरिबाबू शाक्यवार ने सहभागिता की है। इन 2 खिलाड़ियों का शासकीय कॉलेज खेल शिक्षक दिनेश जाटव, क्रीड़ा भारती और कराटे संघ के पदाधिकारी, कंचन सोनी, सचिन शर्मा, सुनील जाटव, विक्रम गुर्जर, सुनील बाफना, रणजीत अटकवार, नरेंद्र खिची, गौरव अग्रवाल, सुभाष जंगले, इन्द्रनारायण श्रीवास, नगर, जिला और मध्यप्रदेश के विभिन्न खिलाड़ियों और इनके इष्ट मित्रो ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी ।

## महिला पटवारी को जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को जेल भेजा गया

**ब्यावरा।** थाना कोतवाली राजगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत प्रेमपुरा में पदस्थ महिला पटवारी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर गंभीर धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्राप्त शिकायत के अनुसार महिला पटवारी तहसीलदार राजगढ़ के आदेश के पालन में ग्राम पानसरा में फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित शासकीय कार्य का निर्वहन कर रही थीं। इसी दौरान ग्राम पानसरा निवासी जितेन्द्र तंवर पिता गंगाराम तंवर द्वारा सी.एम.हेल्पलाइन पर की गई शिकायत के संबंध में चर्चा हेतु महिला पटवारी द्वारा संपर्क किया गया, जिस पर आरोपी द्वारा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए महिला लोक सेवक को जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत की गई। घटना से महिला पटवारी मानसिक रूप से भयभीत हो गईं तथा उनके शासकीय कर्तव्यों के निर्वहन में बाधा उत्पन्न हुई। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली राजगढ़ में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। महिला लोक सेवकों की सुरक्षा एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों के विरुद्ध पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## 5 करोड़ रुपये मूल्य का अवैध मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल जप्त

**ब्यावरा।** थाना माचलपुर में पदस्थ उप निरीक्षक गुड्डू कुशवाह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम आदमपुरा के जंगल क्षेत्र में खेत में बनी खंती में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अवैध मादक पदार्थ निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल ड्रमों में छिपाकर फेंका गया है। त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर साक्षियों की उपस्थिति में तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान खंती में 05 ड्रम मिले, जिनमें प्लास्टिक की पन्नियों में भरा हुआ सफेद रंग का क्रिस्टल जैसा कैमिकल पाउडर पाया गया, जिससे तीव्र एवं कसैली गंध आ रही थी। परीक्षण एवं अनुभव के आधार पर उक्त पदार्थ एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त कैमिकल होना पाया गया। इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटे से तौल करने पर ड्रमों सहित कुल वजन 266.9 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 05 करोड़ रुपये है। संपूर्ण मादक पदार्थ को सीलबंद कर जप्त किया। जप्तशुदा माल को सुरक्षित रूप से मालखाने में जमा किया गया। थाना माचलपुर में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन जांच जारी है।

मक्सी पुलिस की तत्परता

# बिना मोबाइल और सुराग के घर से निकले नाबालिग को इंदौर से सकुशल खोज निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मक्सी

मक्सी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घर से बिना बताए कहीं चले गए एक 14 वर्षीय नाबालिग बालक को महज 3 दिन के भीतर इंदौर से सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के लिए यह चुनौती बड़ी थी क्योंकि बालक के पास न तो मोबाइल था और न ही घर छोड़ने का कोई स्पष्ट कारण सामने आया था। जानकारी के अनुसार ग्राम गड़रोली निवासी फरियादी समद शाह ने मक्सी थाने में सूचना दी थी कि उनका 14 वर्षीय बेटा मन्नान शाह अचानक लापता हो गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल भारतीय न्याय संहिता की धारा तहत प्रकरण दर्ज किया। एसपी यशपाल सिंह राजपूत, एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी संजय वर्मा ने बालक की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की।

### सीसीटीवी ने दी दिशा

जांच टीम के सामने सबसे बड़ी समस्या सायबर सेल की मदद न मिल पाना थी, क्योंकि बच्चे के पास मोबाइल नहीं था। ऐसे में पुलिस ने पारंपरिक पुलिसिंग और तकनीक का सहारा लिया। मक्सी कस्बे के शासकीय और निजी सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। फुटेज में बालक मक्सी रेलवे स्टेशन से मालवा एक्सप्रेस में बैठकर उज्जैन-इंदौर की ओर जाता दिखाई दिया। सुराग मिलते ही पुलिस की अलग-अलग टीमें उज्जैन, देवास और इंदौर के लिए रवाना की गईं। रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों के कैमरे चेक करने और फोटो के आधार पर पूछताछ करने पर पता चला कि बालक को इंदौर के सरवटे बस स्टैंड के पास देखा गया है। पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर बस स्टैंड के पास एक होटल के करीब से मन्नान को सकुशल दस्तयाब कर लिया। बाद में उसे परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस सफल ऑपरेशन में थाना प्रभारी संजय वर्मा के साथ, उप निरीक्षक अरविंद सिंह तोमर, विजय खत्री, सउनि संतोष रघुवंशी, नरेंद्र सिंह बुंदेला, रणकेंद्र सिंह चौहान, अभिषेक दीक्षित, प्र.आर. राजेश जाट, रामेश्वर जाटव, राजेश पटेल, धीरेंद्र पाण्डेय और आरक्षक सुरेश मालवीय, नवीन यादव, जगदीश मीणा व राहुल जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सेंट मार्टिन स्कूल बड़नगर के विद्यार्थियों ने किया नखराली ढाणी इंदौर का शैक्षणिक भ्रमण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



सेंट मार्टिन स्कूल बड़नगर द्वारा शनिवार को नखराली ढाणी इंदौर का शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस भ्रमण में शैक्षणिक तथा नॉन शैक्षणिक स्टॉफ सहित कुल 146 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

पिकनिक के दौरान, छात्रों ने नखराली ढाणी के राजस्थानी वातावरण में डूबकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने राजस्थानी लोक नृत्य, रास-गरबा, डिस्को डांस, गुड सवारी, ऊंट सवारी, बैल गाड़ी सवारी ,कठपुतली नृत्य जैसे आकर्षक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने आधुनिक वाटर पार्क ,डिस्को डांस क्लब और गेमिंग जोन का भी आनंद लिया।राजस्थानी परंपरा से अवगत होते हुए विद्यार्थियों ने राजस्थानी व्यंजनो जैसे कि दाल बाफले,बाजरे का खिचड़ा,गुलाब जामुन सहित अनेक व्यंजनों का लुफ्त उठाया। स्कूल की प्राचार्या जेनेट जॉर्ज ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को राजस्थानी संस्कृति से जोड़ना और उन्हें स्थानीय परंपराओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करना था। उन्होंने कहा, ₹हमारा उद्देश्य छात्रों को एक अनोखा अनुभव प्रदान करना था।₹इस आयोजन ने छात्रों को एक साथ मिलकर काम करने और नई चीजों का अनुभव करने का मौका दिया। संस्था संस्थापक एंथनी जॉर्ज ने इस सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं दी। जानकारी विद्यालय की शिक्षिका किरण सुखवाल ने दी।

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार श्री नानकसिंह पिता बहादुरसिंह, निवासी-193, नागझिरी, देवास रोड़ उज्जैन की और से दिनांक 29.01.26 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में प्रकाशित जाहिर सूचना द्वारा गणेश राठौर एडव्होकेट का प्रतिवाद निम्नानुसार करते हैं कि उक्त जाहिर सूचना में श्रीमती मायाबाई पति अंतरसिंह ने वर्णित सर्वे क्रमांकों की भूमियों को किसी राजेन्द्रसिंह पिता कालुसिंह सिसौदिया, को अंतरित करने बाबत जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया है जबकि उक्त समस्त कृषि भूमि के संबंध में स्व. मांगीलाल जी ने अपने जीवनकाल में ही श्रीमती मायाबाई व उसके पति अंतरसिंह द्वारा उक्त भूमि के फर्जी व कूटरचित दस्तावेज बनाकर नामांतरण करवा लिया था व स्व. मांगीलाल जी उक्त नामांतरण की अपील कर निरस्त करवा दिया है तथा वर्तमान में उनका ही नाम राजस्व अभिलेखों में बहैसियत भूस्वामी दर्ज है व इसी के साथ उनके द्वारा एक दिवानी वाद प्र.क्र. 10ए/2015 माननीय एकादश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (श्रीमती प्रियंका सोलंकी) उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत कर मायाबाई व अंतरसिंह द्वारा बनाये गये फर्जी विक्रयपत्र को निरस्त किये जाने हेतु वाद लंबित है व इस वाद में मेरे पक्षकार को स्व. मांगीलाल जी के वारिसान एवं उक्त भूमि के किये गये वसीयतनामे के आधार पर पक्षकार के रूप में माननीय न्यायालय द्वारा संयोजित भी किया गया है इसलिए सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उक्त जाहिर सूचना में प्रकाशित भूमि सर्वे नंबरों के संबंध में उक्त मायाबाई या अंतरसिंह से किसी भी प्रकार का विक्रय या अन्य संव्यवहार सम्पादित ना करें अन्यथा उसके हर्जे खर्चे व परिणामों का उत्तरदायित्व संबंधित व्यक्ति का होगा।

अतः सूचित हो। इति दिनांक-08.02.2026

**श्रवण कुमार शर्मा वेंकटेश शर्मा हायकोर्ट एडव्होकेट्स**
**कार्यालय- 101. प्रथम मंजिल, गुरुकृपा रेसीडेंसी, दरगाह मण्डी, पेट्रोल पंप के पास, आगर रोड़ उज्जैन (म.प्र)**
**मोबा. 98262-77233, 8602549005**

# केंद्रीय बजट विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बजट - सांसद फिरोजिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में रविवार को केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर प्रेस वार्ता संपन्न हुई। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश किए गए बजट को विकसित भारत-2047 के संकल्प को सिद्ध करने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया ने कहा कि केंद्रीय बजट महज आंकड़ों का दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट में युवा, गरीब, महिला और अन्नदाता (किसान) को केंद्र में रखा गया है। सांसद ने बताया कि रोजगार सृजन, अधोसंरचना विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं को इस बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है, जो भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

### आम जनमानस की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब

प्रेसवार्ता में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नवनियुक्त जिला प्रभारी डॉ. प्रभु लाल जाटव ने कहा कि यह बजट आम जनमानस की आकांक्षाओं के अनुरूप तैयार किया गया है। यह गांव, गरीब, किसान और मध्यम वर्ग के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने वाला बजट है, जो विकसित भारत के लक्ष्य को मजबूती प्रदान करेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट मध्य प्रदेश और शाजापुर जिले के विकास को नई गति देगा। इससे स्थानीय व्यापार, उद्योग और कृषि को लाभ मिलेगा, साथ ही युवाओं के लिए स्वरोजगार और महिला सशक्तिकरण के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने इसे मोदी सरकार के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का साक्षात उदाहरण बताया। संचालन भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शिवहरे ने किया। आभार जिला महामंत्री राय सिंह मालवीय ने माना।

**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उज्जैन**

## लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितों को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एसओ 1533 दिनांक 14.9.2006 के प्रावधानों के अन्तर्गत M/s Kumari Deepa Sisodiya D/o Shri Kaluram Sisodiya Gunaikhalsa Stone (Gitti) Quarry, Mining of Minerals, Capacity: 13,000 cum per annum, Area 1.00 Hect. Khasra No. 311 Village Gunaikhalsa, Tehsil and District Ujjain (M.P.) के लिए भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रस्तावित परियोजना से संबंधित परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर उज्जैन (2) कार्यालय जिला पंचायत, उज्जैन (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उज्जैन (4) ग्राम पंचायत गुनईखालसा तहसील एवं जिला उज्जैन (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3, राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड 17, भरतपुरी उज्जैन में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की वेबसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उज्जैन जिला उज्जैन म.प्र. के कार्यालय मे लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस प्रस्तावित परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक **16.03.2026 को समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान आवेदित स्थल, ग्राम गुनईखालसा तहसील एवं जिला उज्जैन** में आयोजित की जायेगी, जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका / टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**(क्षेत्रीय अधिकारी) उज्जैन**

## जाहिर सूचना

आम जनसंघटन को सूचना दी जाती है कि हमारे मुवक्किल भूमि सर्वे नंबर 52/1 रकबा 1.600 हेक्टेयर में से रकबा 1.558 हेक्टेयर, सर्वे नंबर 52/2 रकबा 0.990 हेक्टेयर में से रकबा 0.969 हेक्टेयर स्थित ग्राम अकोलिया, तहसील बड़नगर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश (विषयक सम्पत्ति) को उसके मालिक 01 शिवमंगल पिता नारायण, 02 नारायण पिता सवाईसिंह जाति राजपूत, निवासी ग्राम अकोलिया, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से लीज पर लेने के इच्छुक है।

कोई भी कम्पनी/व्यक्ति सहित कोई बैंक या वित्तीय संस्थान, विशक सम्पत्ति या उसके किसी हिस्से के सम्बंध में कोई हक, स्वामित्व, दावा मांग या अधिकार रखता हो या दावा करता हो या किसी कम्पनी/व्यक्ति सहित किसी बैंक या वित्तीय संस्थान को कोई जानकारी हो या विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी विकय, अदला-बदली, सुपुदर्गी, दान, पट्टा, विरासत, गिरवी, भार में पक्षकार हो, लम्बित कानूनी कार्यवाही, कब्जा समझौता, विकास का अधिकार, साझेदारी, पारिवारिक समझौता, बंदोबस्त डिक्री या किसी अदालत द्वारा जारी आदेश, सरकार या किसी कम्पनी द्वारा अधिग्रहण, प्रतिबन्ध या किसी अन्य बाधा में पक्षकार हो तो ऐसी कम्पनी/व्यक्ति इस नोटिस के प्रकाशन के तिथि से 07 (सात दिन) दिन की अवधि के अन्दर निम्न वर्णित पते पर लिखित में नोटरीकृत दस्तावेजी सबूतों के साथ निम्न हस्ताक्षरकर्ता को सूचित कर सकते है, जिसमें असफल होने पर यह माना जायेगा कि किसी प्रकार को कोई प्रतिकूल हक, हिस्सा, स्वामित्व, अधिकार, हिस्सा, दावा या मांग विशयक सम्पत्ति के सम्बन्ध में अस्तित्व में नहीं है और उपरोक्त वर्णित मालिकों का विशयक सम्पत्ति पर पूर्ण, स्पष्ट और बाजारयोग्य अधिकार एवं कब्जा है।

**दीपक शर्मा एडव्होकेट**
**बड़नगर मो.नं. 9826562344**

## आबकारी विभाग ने गुना शहर में की बड़ी कार्यवाही

**गुना।** जिला आबकारी विभाग द्वारा जिले में मदिरा सेवन एवं परोसने की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान आधा दर्जन से अधिक सार्वजनिक स्थानों एवं छुपे हुए होटल-ढाबों पर दबिश दी गई। उक्त छापेमार कार्यवाही की सूचना पूर्व में लग जाने के कारण कुछ होटल सूने पाए गए। कार्यवाही के अंतर्गत होटल राजपूताना (हाईवे), होटल शूटर द होटल (इंडस्ट्रियल एरिया), सरदारजी होटल (इंडस्ट्रियल एरिया), जज्जी बस स्टैंड, पुरानी साइकिल फैक्ट्री क्षेत्र, अंडरब्रिज बस स्टैंड के पास एवं होटल अमन (बस स्टैंड) सहित अन्य स्थानों की जांच की गई। उक्त कार्यवाही कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी गुरुप्रसाद केवट के मार्गदर्शन में की गई। दबिश की कार्यवाही वृत्त एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी राधाकिशन अटारिया द्वारा की गई। जांच के दौरान उक्त स्थानों पर नवयुवकों सहित विभिन्न व्यक्तियों को मदिरा सेवन करते पाया गया। होटल-ढाबा संचालकों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। साथ ही कई व्यक्तियों को समझाइश देकर भविष्य में होने वाली कानूनी कार्यवाही एवं संभावित दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। आबकारी विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ होटल-ढाबों पर नवयुवक मदिरा सेवन जैसी बुरी आदत का शिकार हो रहे हैं, जिससे उनका भविष्य प्रभावित हो रहा है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जिला आबकारी अधिकारी द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। कार्यवाही के दौरान मदिरा पीने एवं पिलाने वालों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 36(अ) एवं 36(ब) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किए गए। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा निर्देशित किया गया है कि इस प्रकार की कार्यवाही सभी होटल-ढाबों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निरंतर जारी रहेगी, तथा जिन होटलों में शादियाँ एवं अन्य आयोजन होते हैं, उन पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन

**गुना।** लोकल यूथ महासंघ ने सोमवार मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। जिसमें उन्होंने अपनी समस्याओं का उल्लेख करते हुए युवा राजस्व सर्वेयर की मांगों को जिला प्रशासन के समख रखा। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में लोकल यूथ महासंघ ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा नोकल यूथ की नियुक्ति फसल गिरदावरी (डिजिटल क्रॉप सर्वे) कार्य के लिए प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में जुलाई 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी। लोकल यूथ ने शासन द्वारा प्रदाय कार्य को विकट परिस्थितियों के बावजूद पूरी ईमानदारी के साथ तय समय सीमा में पूर्ण किया है और वर्तमान में शासन द्वारा प्रदाय कार्य फार्मर आईडी, भूमि ई-केवाईसी बनाने में पूरी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। उक्त सभी लोग ठंड, बरसात व धूप में एक-एक खेत में जाकर जहरीले जानवरों के खतरों से खेल कर ग्रामीणों के अभद्र व्यवहार को सहकर सर्वे कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद उनका मात्र 8 रूपये खसरा के हिसाब से पेमेंट समय पर नहीं होता है। इस मौके पर लोकल यूथ महासंघ मप्र के जिला अध्यक्ष मनोज कुमार रघुवंशी ने अपने साथियों के साथ मुख्यमंत्री से मांग की है कि सर्वेयरों का नियमितकरण किया जाए, लोकल यूथ सर्वेयर को ग्राम रोजगार सहायक की तर्ज पर राजस्व सहायक का दर्जा दिया जाए। सुरक्षा बीमा सहित खसरे की दूरी 0 मीटर से 50 मीटर की जाए और उनका परिचय पत्र बनवाया जाए। ग्रामीणों के अभद्र व्यवहार के लिये शासन द्वारा सख्त निर्देश ग्रामीणों को दिया जाए। लोकल यूथ सर्वेयर की नई भर्ती पर तत्काल रोक लगाई जावे एवं लोकल यूथ सर्वेयर को बिना किसी ठोस कारण के ना हटाया जावे।

## मामूली बात ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया

**आगर मालवा।** जिले के बड़ौद नगर में सोमवार सुबह एक मामूली बात ने देखते ही देखते उग्र रूप ले लिया। बैंक ऑफइंडिया के समीप स्थित एक दुकान के बाहर घूरने की बात को लेकर सुबह करीब 11 बजे दो पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हुई, जो कुछ ही देर में मारपीट और दुकानों में तोड़फोड़ तक पहुँच गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बाजार का माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलते ही बड़ौद थाना पुलिस के साथ सीएसपी मोतीलाल कुशवाह पुलिस बल सहित तत्काल मौके पर पहुँचे और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग कर हालात संभालने का प्रयास किया, लेकिन घटना से नाराज हिंदू पक्ष के लोग बड़ी संख्या में बड़ौद थाने पहुँच गए और थाने का घेराव कर दिया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने वर्ग विशेष के आरोपियों की गिरफ्तारी, उनका जुलूस निकाले जाने तथा उनके घरों पर बुलडोजर कार्रवाई की मांग को लेकर कड़ा रुख अपनाया। थाने के बाहर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन के चलते माहौल काफी तनावपूर्ण हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक रविन्द्र कुमार बोयट ने जानकारी देते हुवे बताया कि नगर में पूर्ण रूप से शांति है और पांच आरोपीयों को गिरफ्तार किया गया था जिन्हें जैल भेज दिया गया है।

## शिविर आज जिला अस्पताल में किया जाएगा आयोजित

**गुना।** मध्यप्रदेश शासन एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल व रोटरी क्लब गुना के सयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को जिला चिकित्सालय गुना में 17वाँ मेगा रोटरी मेडिकल मिशन स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन आज दस फरवरीमंगलवार को जिला चिकित्सालय गुना में किया गया हैं। इस विशाल स्वास्थ शिविर में जटिल बीमारियों का होगा इलाज किया जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 458-7 | 250-7 |
| मेन बाजार | 135-9 | 360-9 |
| कल्याण नाइट | 447-7 | 126-9 |
| मिलन डे | 460-0 | 800-8 |
| मिलन नाइट | 270-9 | 467 -7 |
| मधुर डे | 890-7 | 250 -7 |
| मधुर नाइट | 246-2 | 230-5 |
| शुभांक | 1 6 | 0 |

# आगर पुलिस का अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर कड़ा प्रहार

**अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के साथ 2आरोपी गिरफ्तार - 81.25 ग्राम एमडी, मोबाइल एवं मोटर साइकिल सहित कुल मशरुका 08.70 लाख का मशरूका जप्त**

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों के क्रय-विक्रय, संग्रहण एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निरंतर अभियान संचालित किया जा रहा है।

इन्हीं निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर मोतीलाल कुशवाहा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली आगर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण और बड़ी कार्यवाही की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-** दिनांक 08.09 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि थाना कोतवाली आगर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बटावदा थाना कानड़ निवासी अरबाज खान एवं कादर खान मोटरसाइकिल से एमडीएमए (एमडी) ड्रग्स लेकर कानड़ रोड से आगर की ओर आ रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए त्वरित रूप से योजना बनाकर कानड़ रोड पर परसुखेड़ी तालाब, हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी की गई।

रात्रि नाकाबंदी के दौरान मुखबिर के बताए हुलिये अनुसार मोटरसाइकिल पर सवार दोनों व्यक्तियों को रोका गया। तलाशी एवं वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने पर उनके कब्जे से 81.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए (एमडी) ड्रग्स, एक हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल तथा एक वीवो कंपनी का एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किया गया।बरामद मादक पदार्थ को विधिवत तौल कर सीलबंद कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

आरोपी को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 59/2026, धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।तथा आरोपीयो से अवैध मादक पदार्थ के क्रय विक्रय व अवैध परिवहन के सम्बंध में पूछताछ की जा रही है। **गिरफ्तारशुदा आरोपी-** (1) अरबाज खान पिता सरफराज खान, निवासी ग्राम बटावदा, थाना कानड़, जिला आगर मालवा, (2) कादर खान पिता सलाउद्दीन खान, निवासी ग्राम बटावदा, थाना कानड़, जिला आगर मालवा **जब्तशुदा मशरुका-** अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए (एमडी) ड्रग्स 81.25 ग्राम, (कीमत लगभग 8,00,000/-), एक वीवो कम्पनी का मोबाइल फ ोन - (कीमत लगभग ?10,000/-), हिरो एच एफ डीलक्स मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 70 झेडडी 1226 , (कीमत लगभग 60,000 -), कुल जब्तशुदा मशरुका की अनुमानित कीमतरू ? 8,70,000/- **सराहनीय भूमिका-** इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, उपनिरीक्षक संजय गुनेरा, सउनि कालूराम मंडोवर , प्रधान आरक्षक संदीप सिंह ठाकुर , प्रधान आरक्षक रुदेश मीणा, प्रधान आरक्षक गिरजा शंकर त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह, आरक्षक विजय दांगी, आरक्षक शिवम यादव, आरक्षक बनवारी वर्मा, आरक्षक वीरेंद्र पांचाल, आरक्षक आशीष शुक्ला, आरक्षक मेहरबान दांगी, आरक्षक राजेश दांगी की भूमिका सराहनीय रही।

## कमलिया बायपास पर बुलेट बाइक हादसा

**शुजालपुर।** शहर के कमलिया बायपास पर रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब बुलेट बाइक चालक सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को बचाने की कोशिश कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसारए ग्राम ढाबला हुसैनपुर निवासी चांद सिंह, धीरज सिंह और मानसिंह बुलेट बाइक से शुजालपुर के पास ग्राम मंडावर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रविवार शाम करीब 7 बजे जब वे कमलिया बायपास पर पहुंचे तभी 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला हेमलता पाटीदार अपने पति की चाय दुकान से अयोध्या बस्ती स्थित अपने घर जाने के लिए सड़क पार कर रही थीं।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1-श्रीमती आशा पति स्व. महेन्द्र कुमार 2-नितिशा पिता स्व. महेन्द्र कुमार निवासीगण 27 बी साईनाथ कालोनी सांवेर रोड उज्जैन के स्वामित्त्व एंव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 497/1/1 रकबा 0.42 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम खुरचन्याप्प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने बाबत करार किया होकर आंशिक राशि भी उन्हे अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य का बकाया हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे आकर मेरे कार्यालयीन समय में संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथादशा में बाद व्यतित होने अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीययन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 09.02.2026

**संजय बसल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र आर.टी.ओ. कार्यालय के पिछे देवास रोड उज्जैन समय - सुबह 11.00 से 07.00 बजे**

### जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार ने 1 श्रीमती रतन बाई पति कन्हैयालाल जी 2- श्रीमती सुन्दर बाई पति मदनलाल जी निवासीगण व कृषकगण- ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व स्वत्व तथा आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 44 रकबा 0.48 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 43 रकबा 0.50 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.98 हेक्टेयर स्थित ग्राम शंकरपुरजागीर तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि दी है तथा अनुबंधपत्र लेख किया गया है अब उक्त भूमिस्वामी को शेष विक्रयधन राशि अदा कर उनसे तत्पश्चात विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करवाया जाना है, यदि उक्त वर्णित भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार, मतालबा हो, या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, पेनल्टी, दण्ड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो वा उक्त वर्णित भूमि में किसी का कोई स्वत्व, हित, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 5 दिवस के अन्दर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति पेश करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा, अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा शेष विक्रयधन अदा किया जाकर भूमिस्वामी से विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जायेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही की जायेगा सो सूचित हो। इति दिनांक 09/02/2026 स्थान उज्जैन

**अजय कुमावत एडवोकेट**
**कार्यालय-पुलिस कंट्रोल रूम के सामने उज्जैन**
**मो. 9993364312**

### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा - श्रीमती कविता शर्मा पति राजेन्द्र शर्मा निवासी 3-9. विवेकानंद कोलोनी उज्जैन-नरेन्द्र तिवारी पिता स्व. काशीप्रसाद जी तिवारी निकाली 43. उदयन मार्ग, विद्यावानी, बहालीपाद्धा उज्जैन म.प्र. के स्वामित्य एवं आधिपत्य का भवन म्यु क्रमांक 43 का भाग तल मंजिल का रियत बढ़ा तेहीकाडा उदयन मार्ग उज्जैन में जिसका कुल क्षेत्रफल 198 वर्गफीट है जिसमें दो रूम गार्डर ऊर्जी के निर्मित है जिसके पूर्व में मकान स्य गोकुलप्रसाद का, परिचन ने-मकान लियाकत व मुबारीक अली का, उत्तर में रास्ता दक्षिण में रोष सान कालनाप्रसाद वर्फ काशीप्रसाद जी तिवारी आदि का एवं भवन म्यु क्रमांक 43 का माम तल मंजिल का स्थित बडा वेलीवाडा उदयन मार्ग उज्जैन में जिसका कुल क्षेत्रफल 297 वर्गफीट है जिसने एक हाल लेटबाघ, व चढ़ाव आरसीसी से निर्मित है तथा प्रथम मंजिल में 9 बाय 33 फीट तथा प्रथम का कुल क्षेत्रफल 4 बाय 55 फीट अर्थात 495 वर्गफीटर पर जिसमें दो रूम लेटबाथ बने होकर शेष आपन भूमि है जिसके पूर्व में मकान पुष्पाबाई पति स्व. काशीप्रसाद जी तिवारी एवं उस्मान, पश्थिस में मकान लियाकत व मुबारीक तली में कॉमन गली. उत्तर में मकान कविता शर्मा का व तल पर सड़क सरकारी दक्षिण में मकान उस्मान का है को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदाकर दी है तथा विधिवत अनुबंध का निष्पादन करतागा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है यदि उक्त भवन में कोई अपना हित के हिस्स्त रखता हो या उका भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी पिलाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके. अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरा पक्षकार उक्त भवन के विक्रय पत्र का संपादन करवाने हेतु स्वतंत्र रहेगा, सूचित हो। इति दिनांक 09-02-2026 उज्जैन

कार्यालयीन समय- सुबह 9-30 से 11-00 बजे तक
सांय 7-30 बजे से रात्रि 9-30 बजे तक

**अचिंतदास कुशवाह (एडवोकेट) एवं नोटरी**
**बसंल टायपिंग सर्विस कंकाल चौराहा**
**उज्जैन म.प्र. मो. 98273-79240**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी तेजराम भागीरथ चोडिया पिता श्री भागीरथ चोडिया निवासी ग्राम धनखेडी तहसील सांवेर जिला इन्दौर व कृषक ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 1160/1/1/1/2/2 रकबा 0.50 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि 13,75,000/- अक्षरी तेरह लाख पिचहत्तर हजार रूपयें प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष था किन्तु क्रेता द्वारा समया-वधि में शेष राशि अदा नहीं होने के कारण विक्रेता पक्ष द्वारा क्रेता से प्राप्तत बयाना राशि 13,75,000/- अक्षरी तेरह लाख पिचहत्तर हजार रूपयें पुन: लोटा दी गई है तथा दोनों पक्षों की सहमति से सोदा निरस्तं कर दिया गया है तथा विक्रेता उक्त भूमि किसी अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र है जिसमें किसी कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक - 09-02-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा ने श्री प्रकाश कुलकर्णी पिता मनोहर कुलकर्णी निवासी 40, विघा नगर सांवेर रोड़, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन जो कि अर्पिता एन्क्लेव कॉलोनी में भवन कमांक 74, टाईप बी को कय करने का अनुबंध कर बयाना राशि भी चुका दी गई है। मेरे पक्षकार ने उक्त भवन सम्पूर्ण हक हिस्सा मय तला व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया है। मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता व उसके वारिसों के समक्ष बयाना भी अदा कर दिया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विधिवत् रजिस्ट्रड विक्रय पत्र ई पंजीयन के माध्यम से उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों से निष्पादित किया जाना है यदि उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य व्यक्ति संस्था, बैंक, अर्द्धशासकीय बैंक का कोई ऋण स्वत्व हो या अन्य कोई अधिकार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की अवधि में मय दस्तावेज प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर ताकि उसका निराकरण कराया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतित होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत् ई-पंजीयन विकय पत्र का निष्पादन करा लिया जावेगा व उसके पश्चात् कोई आपत्ति दर्ज नहीं होवेगी सूचित हो।

इति दिनांक 09/02/2026

**चंदन कुमार गेरा, एडव्होकेट**
**कार्यालय- चेम्बर नं. 57, सर्विस बिल्डिंग न्यू कोर्ट परिसर, उज्जैन मो.नं-9827244410**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामीगण 1. श्रीमति प्रभाकुंवर पति स्वर्गीय शंकरसिंह, 2. अजयसिंह पिता स्वर्गीय शंकरसिंह, 3. गोपाल सिंह पिता स्वर्गीय शंकरसिंह, निवासीगण 16, ग्राम बच्चुखेडा, पानबिहार, उज्जैन के संयुक्त स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य की सर्वे क्रमांक 3002/3 रकबा 0.02 हैक्टर, सर्वे क्रमांक 3003/7 रकबा 0.09 हैक्टर भूमि कुल किता 02 कुल संयुक्त रकबा 0.11 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम पानविहार, तहसील घटिया व जिला उज्जैन में है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है। अत: उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बावत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 05 (पांच) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद: म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि का विधिवत विक्रय अनुबंध पत्र तथा विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 09-02-2026
स्थान- उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मोबाईल नंबर- 99264 66157**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी सीमा पति सूरज जाति चमार निवासी ग्राम जैतपुरा तहसील सांवेर जिला इन्दौर व कृषक ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 395 रकबा 0.98 हेक्टर, भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.98 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम डाबरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विकय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 09-02-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन**
**मो.नं.8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी धर्मेन्द्र सिंह पिता श्री भारत सिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम टिटावदा तहसील सांवेर जिला इन्दौर व कृषक ग्राम बमौरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मप्र ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 293 रकबा 1.45 हेक्टर, सर्वे नम्बर 299/3 रकबा 0.23 हेक्टर, भूमि कुल किता 02 कुल रकबा 1.68 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बमौरी तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 09-02-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07**
**ग्राम घटिया जिला उज्जैन मो.नं.8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर-146/2/2 रकबा 0.4900 हेक्टेयर ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) पटवारी हल्का नंबर 01 में स्थित हैं, उपरोक्त वर्णित भूमि सर्वे नंबर-146/2/2 रकबा 0.4900 हेक्टेयर इस प्रकार कुल किता 1-एक कुल रकबा 0.4900 हेक्टेयर ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) को मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी रामसिंह पिता श्री मयाराम जी, निवासी ग्राम नलवा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से क्रय करने का अनुबंध कर सम्पूर्ण राशि भू-स्वामी को अदा कर दी है, जल्द ही विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना हैं। उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बख्शीश, क्लेम आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिन में अपनी आपत्ति या क्लेम मय प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई क्लेम, आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के पश्चात उक्त भूमि के संबंध में कोई भी व्यक्ति उक्त भूमि क्रय करने का व्यवहार नही करे। इति दिनांक-09/02/2026

**दीपिका सावरकर, अभिभाषक**
**मो. 98272-99159**

### विज्ञप्ति

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे प्रक्षकार इरशाद पिता बाबूखों निवासी हीरा मिल की चाल उज्जैन के द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देश अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के हक व हिस्से की एक संयुक्त प्रैत्रक संपत्ति जो कि स्थित भवन भूखण्ड क. 3 से 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नंबर 33 उज्जैन में स्थित है जो कि उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार संयुक्त स्वामित्य की पैत्रक संपत्ति है जिसमें मेरे पक्षकार एवं उसके परिजनों का हक, हिस्सा निहित है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी प्राप्त हुयी है कि मेरे पक्षकार के रिश्तेदार 1, श्रीमती शमा बी पुत्री स्व. हिसामुद्दीन 2. अकीला बी पति इदरिस 3 शाकिरउद्दीन पिता हिसामुदद्दीन 4 शबाना बी पति ताज मोहम्मद निवासीगण 3. रामघाट मार्ग उज्जैन के द्वारा असत्य दस्तावेजो तथ्यों एवं दस्तावेज के आधार पर मेरे पक्षकार के एवं उसके परिजनों की जानकारी व स्वीकृति के बगैर उक्त् संपत्ति को शासकीय दस्तावेजों में असत्य आधार पर अपना नामांतरण करवा लिया है जबकि उक्त संपत्ति में मेरे पक्षकार का व उसके परिजनों का हक हिस्सा निहित है एवं उक्त संपत्ति को उनके द्वारा बाले-बाले मेरे पक्षकार की जानकारी एवं स्वीकृति के बगैर सौदा कर, विक्रय करने एवं विक्रय अनुबंध करने आदि के लगातार प्रयास किये जा रहे है जिस हेतु मेरा पक्षकार उनके विरूद्ध कानूनी एवं न्यायालयीन कार्यवाही करने हेतु तत्पर हो गया है। अत: उक्त विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया। जाता है कि, उक्त सूचना प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि के द्वारा उक्त संपत्ति भवन भूखण्ड क्र. 3 व 4 रामघाट मार्ग, वार्ड नंबर 33 उज्जैन के संबंध में मेरे पक्षकार की स्वीकृति एवं सहमति के बगेर कोई भी सोदा, विक्रय था विक्रय अनुबंध पत्र एवं दान आदि किसी प्रकार का कोई भी कृत्य किया जाता है वह पूर्णत: अवैधानिक होकर अवैध व निरस्त माना जावेगा एवं उस पर होने वाले नुकसान एवं परिणाम की समस्त जवाबदारी उसकी स्वयं की होगी। अंत सूचित हो।

**मोहम्मद अमजद खान**
**हाईकोर्ट एडवोकेट,**
**मो.नं. 98270-86621**

न्यूज-कॉलम

## दो मंजिला कच्ची दीवार ढहने से मजदूर दबा

**रतलाम।** शहर के कोठारी वास में आज दोपहर गंभीर हादसा घटित हो गया। निमार्णाधीन मकान के पड़ोस की कच्ची दीवार काम कर रहे मजदूर पर अचानक गिर पड़ी। हादसे में एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। रहवासियों की सहायता से मजदूर को मेडिकल कॉलेज भेजा, जहा उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार कोठारी वास स्थित एमएलबी स्कूल के सामने दिनेश पलसोड़ी निवासी राजपुरा माताजी समीप ग्राम चिल्लर का मजदूर निमार्णाधीन मकान का खडडा खोद रहा था तभी उस पर पड़ोस की दो मंजिला कच्ची दीवार भरभरा कर अचानक गिर गई। जिससे मजबूर मलबे में दब गया। वही काम कर रहे मजदूरों और आसपड़ोस के रहवासियों की मदद से काफी मशक्कत के बाद मजदूर को गंभीर अवस्था में बाहर निकाला। घायल मजदूर को तुरंत मेडिकल कॉलेज भेजा।

## जुआं खेलते चार आरोपी पकड़ाएं

**मन्दसौर।** यशोधर्मन थाना क्षेत्र के पित्याखेड़ी मगरा के खुले स्थान पर पुलिस ने चार आरोपियों को ताशपत्ति से जुआं खेलते हुए धर दबोचा। पुलिस ने मौके से 15 हजार रुपये नगदी व जुआं उपकरण जप्त किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रकरण में आरोपी एहसान पिता भूरे खां निवासी मदारपुरा मंदसौर, जय पिता दिनेश निवासी जगतपुरा मंदसौर, रईस पिता रज्जाक निवासी दावतखेड़ी और इरफान निवासी मदारपुरा के खिलाफ यशोधर्मन थाने पर 13 जुआं एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## 11 फरवरी को विद्युत पेंशनरों का धरना प्रदर्शन

**मन्दसौर।** विद्युत पेंशनरों की पेंशन भुगतान गारंटी एवं केन्द्रीय तिथि से महंगाई राहत का भुगतान की मांग विगत कई समय से पूर्ण नहीं होने से जिला पेंशनर्स एसोसिएशन विद्युत मण्डल द्वारा 11 फरवरी को समय 12 से 4 बजे तक चम्बल कॉलोनी परिसर गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। मांगों का ज्ञापन अधीक्षण यंत्री मंदसौर को दिया जायेगा। इसकी जानकारी अध्यक्ष खूबचन्द शर्मा एवं सचिव राजेन्द्रसिंह चौधरी द्वारा दी गई।

## माहेश्वरी महिला मण्डल के नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मंदसौर।** माहेश्वरी महिला मंडल की नवीन कार्यकारिणी समिति की घोषणा की गई है। मंडल की निवृत्तमान अध्यक्ष मंजू जाखेटिया ने नवीन अध्यक्ष सोनल चौधरी को दायित्व सौंप दिया हैं। बैठक में सचिव पद पर राखी परवाल एवं कोषाध्यक्ष के रूप में शिखा चिचानी को नियुक्त किया गया। नवीन कार्यसमिति में उपाध्यक्ष संगीता मंडोवरा एवं संध्या काबरा, सह-सचिव शीला छापरवाल एवं टीना मुंदडा, परामर्शदाता राज चिचानी एवं सुरेखा झवर, संरक्षक इंद्रा झंवर, भावना सोमानी एवं सुनीता बाहेती को मनोनीत किया हैं। साथ ही विभिन्न समितियां भी बनाई गई है जिसमें महिलाओं सदस्यों को शामिल करते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## महाशिवरात्रि पर अभिषेक व महाप्रसादी वितरण होगा

**रतलाम।** अमृत सागर तालाब स्थित श्री चारभुजानाथ जी के मंदिर, राजपूत समाज मंदिर परिसर में समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाशिवरात्रि सहित आगामी पर्वों और सामाजिक आयोजनों को लेकर निर्णय लिए गए। महाशिवरात्रि पर अभिषेक एवं महाप्रसादी बैठक में निर्णय लिया गया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। भगवान भोलेनाथ का अभिषेक अभिषेक ठाकुर भारत सिंह सिसोदिया परिवार द्वारा प्रातः 8 बजे किया जाएगा। इसके पश्चात भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा

पश्चिम रेलवे
रद्दीकरण सूचना
निविदा संख्याः बीसीटी/25-26/307 दिनांकः 29.01.2026 डीओपीः 24.02.2026 हो चुका है तकनीकी कारण से रद्द कर दिया गया। 1104
हमें फालो करें: X.com/WesternRly

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# सुबह और रात ठंडी, दिन में गर्मी,12 फरवरी से बारिश की संभावना

## अधिकतम तामपान 29.6 डिग्री पर पहुंचा

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

पिछले दो दिन से ठंड से राहत है। दोपहर का तापमान बढने से हल्की गर्मी का एहसास भी लोगों को हुआ। सोमवार सुबह से मौसम खुला है। आसमान साफ होने से धूप भी निकली। हल्की हवा का असर बना हुआ है। मौसम में आए बदलाव से दोपहर का तापमान तापमान 29.6 डिग्री पर जा पहुंचा है। जबकि रात का तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है।

रतलाम में सुबह व शाम को ठंड का असर बना हुआ है। तापमान में बढोत्री के कारण लोगों को ठंड से राहत मिली है। लेकिन रात में ठंड बरकरार है। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 9 फरवरी से नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर फिर से प्रदेश में देखने को मिलेगा। 12 फरवरी से मावठा गिरने का अनुमान है। यानी, अगले 5 दिन तक तो प्रदेश में बारिश या ओले गिरने का अनुमान नहीं है।

**रात ठंडी, दिन गर्म**

रतलाम के तापमान में लगातार उतार चढ़ाव बना है। राते ठंडी है तो दिन गर्म है। पिछले दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत मिली है। रविवार को भी मौसम साफ रहा। दिन में लोगों को गर्मी लगने लगी। मौसम विभाग की माने तो अभी ठंड का असर कम नहीं हुआ है। देर रात व अलसुबह ठंड का असर ज्यादा रहेगा।

**पिछले पांच दिन के तापमान पर एक नजर**

पिछले पांच दिनों में मौसम के मिजाज में हल्का उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। 4 फरवरी को अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इसके बाद 5 फरवरी को दिन का तापमान बढ़कर 27.2 डिग्री पर पहुंचा, जबकि रात का पारा गिरकर 11.6 डिग्री सेल्सियस हो गया। 6 फरवरी को अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री और न्यूनतम 12.0 डिग्री दर्ज हुआ। 7 फरवरी को अधिकतम 29.0 डिग्री और न्यूनतम 13.4 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं ८ फरवरी को दिन का तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि न्यूनतम तापमान 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सभी आंकड़े डिग्री सेल्सियस में हैं।

## मानव सेवा समिति रक्त केंद्र ने खरीदे लगभग 16 लाख के नए आधुनिक संसाधन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



मानव सेवा समिति रक्त केंद्र पर नए संसाधनों की विधिवत पूजा अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल, समिति के पदाधिकारीयो, सदस्यों, डॉक्टर्स एवं स्टाफ द्वारा की गई। मानव सेवा समिति पूर्व ब्लड बैंक प्रभारी गोविंद काकानी ने जानकारी देते हुए बताया कि समय-समय पर आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए आवश्यकता अनुसार संसाधनों को खरीदने के लिए समिति के अध्यक्ष सुरेशचंद्र अग्रवाल के साथ समस्त पदाधिकारी रक्त केंद्र को और अधिक जन सुविधाओं एवं रक्तदाताओं की सुविधा के लिए करते रहे हैं। इसी क्रम में लगभग 16 लाख रुपए में दो आधुनिक रक्तदान कोच, चार रक्त कलेक्शन मॉनिटर एवं ४५० यूनिट प्लाज्मा रखने के लिए -40ए सेंटीग्रेड वाला डीप फ्रीजर रक्त कोष के लिए मंगवा कर उनका पूजन अर्चन के साथ सेवाओं में सम्मिलित किये गए।

मानव सेवा समिति के पदाधिकारी ज्ञानमल सिंगावत, मोहनलाल मुरली वाला, नजीर भाई शेरनी, जिनदास लूनिया, राजकुमार सुराणा, अनिल पीपाड़ा, विवेक बक्षी, हेमंत कुमार मेहता, महावीर चोरडिया, राजेश सोमानी, गोपाल कृष्ण सोडाणी, सुरेंद्र सुरेका, सत्यनारायण जोशी एडवोकेट, कांतिलाल वशिष्ठ, गुमानमल नाहर, निर्मल कुमार कटारिया, रविंद्र कुमार बक्षी, गोविंद काकानी एवं सदस्यों ने अपनी सहमति देकर सभी आधुनिक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराने पर डॉ इंदरमल मेहता, डॉक्टर कनुप्रिया, सुरेंद्र जैन एवं स्टाफ द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की। सचिव विवेक बक्षी ने सभी दानदाताओ, रक्तदाताओं एवं समिति सदस्यों का हृदय से आभार माना।

## भादवामाता जी में 'कर्तव्य बोध दिवस' गरिमा के साथ संपन्न

**नीमच।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा नीमच द्वारा मालवा की वैष्णो देवी मां भादवा की नगरी में 'कर्तव्य बोध दिवस' का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पुजा अर्चना व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना श्री मुकेश कनेरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी। कर्तव्य बोध दिवस पर शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आत्म-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का माध्यम बना। शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ,और राष्ट्र सर्वोपरि" होता है यह विचार मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री हिम्मत सिंह जैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कही। आपने कहा कि शिक्षक एक दीप के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। उन्होंने संगठन के मूल मंत्र– "राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज" को आत्मसात करने का आह्वान किया। श्री जैन ने कहा, "व्यक्तिगत पीड़ा से ऊपर लोकहित और कर्तव्य को रखना ही सच्ची भारतीय शिक्षा है। मुख्य वक्ता ने आधुनिकता के दौर में संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता व्यक्त की व पर्यावरण संरक्षण की बात रखी। उन्होंने कहा कि आज बड़े शहरों में पानी समाप्त हो रहा है और दूर-दराज से पानी लाकर प्यास बुझाई जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को संसाधन सुरक्षा और भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा दें।

## नन्हे बच्चों ने प्रदर्शनी के जरिए जाना इसरो का पराक्रम

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मन्दसौर



स्थानीय अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल में च्अंतरिक्ष कार्निवलज् ने बच्चों और अभिभावकों को ब्रह्मांड की अद्भुत दुनिया से रूबरू कराया। इस अनूठे आयोजन में इसरो के विभिन्न अभियानों और देश के अंतरिक्ष प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी लगाकर नई पीढ़ी को विज्ञान के प्रति प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और अंतरिक्ष पर केंद्रित समूह गीतों के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य सीए विकास भंडारी ने विबोध प्रीस्कूल के नवाचार की सराहना करते हुए कहा कि 2047 के विकसित भारत के लिए बच्चों में एस्ट्रोनॉट और मिसाइलमेन बनने का जज्बा पैदा करना जरूरी है। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक तेरसिंह बघैल ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि जब बच्चे प्रत्यक्ष रूप से ऐसी चीजों को देखते हैं, तो उनमें जिज्ञासा और सीखने की ललक बढ़ती है। खेल प्रशिक्षक प्रवीण भंडारी ने भी संबोधित किया। इस दौरान जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचारों के लिए संस्था की प्रिंसिपल डॉ. श्रुति बटवाल को मालवा रत्न अलंकरण से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विजय शंकर मिश्र, प्रेस क्लब संरक्षक ब्रजेश जोशी, जगदीशचंद्र शर्मा, डॉ. रवीन्द्र पाण्डेय, अजीजुल्लाह खालिद,गोपाल गुरु रूपल संचेती आदि उपस्थित थे। संचालन विबोध प्रीस्कूल संस्थापक डॉ घनश्याम बटवाल ने किया। आभार प्रिंसिपल डॉ श्रुति बटवाल ने माना ।

## राष्ट्र संत ललितप्रभ जी से मिले योग साधक, तनाव मुक्त जीवन व आंतरिक शांति का मिला मंत्र

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



सोमवार को राष्ट्र संत श्री ललितप्रभ सागर जी महाराज का मंदसौर शुभ आगमन हुआ। दशपुर योग शिक्षा संस्थान के साधकों ने योग गुरु सुरेन्द्र जैन के सानिध्य में संतश्री से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान संतश्री ने योग के लाभों के बारे में बताया व योग से संबंधित प्रेरक प्रसंग सुनाये। आपने तनाव मुक्त जीवन और आंतरिक शांति मंत्र दिया। संतश्री ने दशपुर योग संस्था द्वारा निःशुल्क योग प्रशिक्षण की सराहना की। योग गुरू श्री जैन ने बताया कि संत ललित प्रभ जी एक संत ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला के अद्भुत प्रशिक्षक भी हैं। आप योग को केवल शारीरिक कसरत नहीं, बल्कि मन को स्वस्थ रखने का माध्यम मानते हैं। उनके सानिध्य में होने वाले ध्यान शिविरों के माध्यम से तनाव मुक्ति और आंतरिक शांति का अनुभव होता है।

योग संस्था के साधकों ने जब संत श्री से दशपुर के साधकों को लाभान्वित करने का आग्रह किया, तो उन्होंने सहर्ष आगामी जून माह में मंदसौर प्रवास के दौरान आशीर्वाद प्रदान करने की बात कही। इस अवसर पर संत श्री ने उपस्थित सभी साधकों को मांगलिक श्रवण कराई और स्वस्थ व सुखी जीवन का आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर योग गुरु सुरेंद्र जैन, सी.ए. दिनेश जैन, लोकेंद्र जैन, जितेश फरक्या, विजय पलोड़, धर्मदास संगतानी, ललित जैन, राजेन्द्र चास्टा, यशवंत पोखरना, महेश सेठिया, दिनेश पारिख, अभय चोरडिया, प्रदीप जैन, संजय गर्ग, प्रीति जैन, कृष्णा पाटीदार, शांकी कश्यप एवं साधना जैन सहित बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर ने परीक्षाओं के मद्देनजर किये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नीमच।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के दौरान कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की सुरक्षाः परीक्षा शुरू होने के दो घंटे पूर्व से लेकर परीक्षा पूर्ण होने तक 100 मीटर के दायरे में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।खोमचा/लारीः परीक्षा केंद्रों से 100 मीटर के दायरे में खोमचा या लारी लगाने वालों को प्रतिबंधित किया गया है।मोबाइल फोनः परीक्षा केंद्र पर केवल कलेक्टर प्रतिनिधि को ही मोबाइल फोन लाने की अनुमति होगी। अन्य किसी को फोन उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।नकल रोकनाः नकल या सामूहिक नकल करने वालों के विरुद्ध सुसंगत अधिनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। छात्राओं की तलाशी महिला शिक्षिकाओं द्वारा ही ली जाएगी।अनाधिकृत मौजूदगीः परीक्षा केंद्रों के आसपास 5 या अधिक अनाधिकृत लोगों की मौजूदगी प्रतिबंधित रहेगी।ध्वनि विस्तारक यंत्रः म.प्र.कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 10 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग प्रतिबंधित हैं। नियम विरुद्ध कार्यवाहीः ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित प्रयोग पर म.प्र.गृह विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ 44-02/2015/दो/सी-1 के निदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

## माँ भादवामाता की नगरी में 'कर्तव्य बोध दिवस' गरिमा के साथ संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला शाखा नीमच द्वारा मालवा की वैष्णो देवी मां भादवा की नगरी में 'कर्तव्य बोध दिवस' का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की पुजा अर्चना व दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना श्री मुकेश कनेरिया द्वारा प्रस्तुत की गयी। कर्तव्य बोध दिवस पर शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए आत्म-चिंतन और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने का माध्यम बना।

"शिक्षक समाज का प्रकाश स्तंभ,और राष्ट्र सर्वोपरि" होता है यह विचार मुख्य वक्ता मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री हिम्मत सिंह जैन ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कही।आपने कहा कि शिक्षक एक दीप के समान है जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश देता है। उन्होंने संगठन के मूल मंत्र– "राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षा के हित में शिक्षक और शिक्षक के हित में समाज" को आत्मसात करने का आह्वान किया।श्री जैन ने कहा, "व्यक्तिगत पीड़ा से ऊपर लोकहित और कर्तव्य को रखना ही सच्ची भारतीय शिक्षा है।

मुख्य वक्ता ने आधुनिकता के दौर में संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता व्यक्त की व पर्यावरण संरक्षण की बात रखी। उन्होंने कहा कि आज बड़े शहरों में पानी समाप्त हो रहा है और दूर-दराज से पानी लाकर प्यास बुझाई जा रही है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को संसाधन सुरक्षा और भारतीय जीवन मूल्यों की शिक्षा दें, तभी भारत पुनः विश्व गुरु बनेगा। "सत्य सनातन राष्ट्र हमारा, जगत सिर मोर बनाएंगे, जगमग करते हैं सारे जग को ज्ञान के दीप जलाएंगे।" आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यदि बच्चा पढ़-लिखकर विदेश चला जाए और माता-पिता अंत समय में अकेले रह जाएं, तो वह शिक्षा असफल है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया।

## 30 मिनिट में 5 हजार पौधे रोपने का नगर निगम ने बनाया वर्ल्ड रिकार्ड

### महापौर प्रहलाद पटेल को वर्ल्ड रिकार्ड के सर्टीफिकेट किये प्रदान

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



अमृत हरित अभियान व ग्रीन रतलाम-क्लीन रतलाम के तहत नगर निगम रतलाम द्वारा राम मंदिर से आरो आश्रम लगभग 2.5 किलोमीटर लम्बाई के रोड डिवाईडर पर सबसे तेज 30 मिनिट में पांच हजार पौधे रोपने का वर्ल्ड रिकार्ड बनाने के सर्टीफिकेट वेब वर्ल्ड रिकार्ड व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा महापौर प्रहलाद पटेल को प्रदान किये।।

ज्ञातव्य है कि 4 अक्टूबर 2025 को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री एवं विधायक रतलाम शहर माननीय श्री चेतन्य काश्यप, महापौर प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक-शिक्षिका, विद्यार्थी, स्वंय सेवी संस्था तथा नागरिकों ने राम मंदिर से आरो आश्रम तक के रोड़ डिवाईडर में एक साथ मानव श्रृंखला बनाकर 30 मिनिट में विभिन्न प्रजातियों के पांच हजार पौधो का रोपण किया था।

महापौर प्रहलाद पटेल को सर्टीफिकेट प्रदान करने के अवसर पर जनप्रतिनिधि व वेब वर्ल्ड रिकार्ड व लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मल्हारगढ़ रोजगार मेले में 84 युवाओं का हुआ प्राथमिक चयन

**मन्दसौर।** मध्य प्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जनपद पंचायत मल्हारगढ़ में विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य कार्यपालन अधिकारी मल्हारगढ़, जिला परियोजना अधिकारी अनिल कुमार मरावी तथा डीएम फौजिया करीम द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। रोजगार मेले में कुल 163 युवाओं ने पंजीयन कराया। मेले में गैल इंस्टीट्यूट गुना, कॉसमॉस प्राइवेट लिमिटेड गुजरात, एस.आई.एस. आरटीए नीमच, आरसेटी मंदसौर तथा आर.एस. सिक्योरिटी चित्तौड़गढ़ सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। इन कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के उपरांत 84 युवाओं का प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। मंदसौर विकासखण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जनपद पंचायत परिसर, मंदसौर में किया जाएगा।

## भारतीय सेना में ट्रेनिग पूरी कर ग्रह गांव पहुचने पर फौजी का हुआ सम्मान



**पिपलिया मंडी।** काचरिया चन्द्रावत के पूर्व सरपंच श्यामलाल लकुम के सुपुत्र आकाश लकुम के भारतीय सेना में ट्रेनिग पूरी कर ग्रह गांव पहुचने पर पूर्व सरपंच श्री लकुम ने अपने अपने पुत्र के सम्मान में विशाल सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें स्थानीय पत्रकारों एवं कांग्रेसनेता पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,बोतलगंज मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, अनिल मुलासिया किशोर उनियारा सहित बड़ी संख्या में स्नेहीजनो ने प्रतिष्ठान पर पहुंच कर उक्त फौजी का पुष्पमाला, शाल ओढ़ाकर शुभकामनाएं प्रेषित की।इससे पूर्व पिपलिया मंडी फौजी का नगर भव्य जुलूस निकाला गया। जगह जगह विभिन्न प्रतिष्ठान पर पुष्प वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत किया गया।

## लाठीबाज शहडोल कलेक्टर पर हो सख्त कार्यवाही-अनिल शर्मा



**मल्हारगढ़।**प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ, मोहन यादव के इशारे पर कांग्रेस के शांतिपूर्ण ठंग से किये जारहे आंदोलनों को पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक लाठियों के दम पर रोकने का प्रयास किया गया ओर अब हद तो जब हो गई जब शहडोल के कलेक्टर द्वारा स्वयं आंदोलनकारी कांग्रेसजनों पर लाठियां भांज कर लोकतंत्र का गला घोंट रहे है जबकि कांग्रेसजन शुद्ध पेयजल को लेकर मुख्यमंत्री यादव को ज्ञापन देना चाहते थे।मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने उक्त बात कहते हुए बताया कि शहडोल कलेक्टर जो भाजपा के एजेंट के रूप में काम करहे है और लाठियां चला रहे है कानून की सरेआम धज्जियां उड़ा रहे है ऐसे कलेक्टर के किलाफ तत्काल सख्त से सख्त कार्यवाही करें।ताकि ऐसे घटनाकर्मो की पुनरावृत्ति नही हो।शर्मा ने कहा कि समय रहते अगर कलेक्टर के खिलाफ कार्यवाही नही हुई तो मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू जी पटवारी के नेतृत्व में कांग्रेसजन सड़को पर उतर कर आंदोलन करेंगे।

## जिला प्रभारी बनने पर शैलेंद्र डागा का ठाकरे मंडल ने किया स्वागत-सम्मान



**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा को इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर कुशाभाऊ ठाकरे मंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे श्री डागा का स्वागत-सम्मान किया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष विप्लव जैन, ठाकरे मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, मंडल महामंत्री भूपेंद्र कावडिया एवं निखिल बोरीवाल सहित मंडल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहें।

## महाशिवरात्रि पर पशुपतिनाथ मंदिर में बंटेगी फरियाली खिचड़ी

**मंदसौर।** श्री कृष्ण कामधेनु सामाजिक एवं धार्मिक लोक न्यास द्वारा प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य आयोजनों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर न्यास के सदस्यों ने पशुपतिनाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया है। संस्था ने बताया कि आगामी 15 फरवरी, रविवार को भूतभावन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में विशेष आयोजन होंगे। प्रातः 11 बजे भगवान की राजभोग आरती और दर्शन के पश्चात, न्यास द्वारा भगवान पशुपतिनाथ को फरियाली खिचड़ी का नैवेद्य अर्पित किया जाएगां। इसके तुरंत बाद मंदिर परिसर में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और शिवभक्तों के लिए प्रसाद वितरण का शुभारंभ होगा। इस वर्ष आयोजन को और अधिक भव्य और प्रकाशमय बनाने के लिए न्यास द्वारा विशेष पहल की जा रही है। संध्या 7 बजे से मंदिर क्षेत्र के आकाश में स्काय लालटेन उड़ाए जाएंगे। सैकड़ों की संख्या में हवा में तैरते ये दीपक पूरे मंदिर क्षेत्र को अलौकिक आभा प्रदान करेंगे, जो भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## ड्राइविंग लाइसेंस कैंप आयोजन 12 को

**नीमच।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग तथा परिवहन विभाग के संयुक्त समन्वय से 18 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं/युवतियों हेतु पिंक ड्राइविंग लाइसेंस कैंप का आयोजन 9 फरवरी को किया जाना था जिसके लिए पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया था जिसमें आज दिनांक तक 138 बालिकाओं/महिलाओं के रजिस्ट्रेशन हो गए है और पंजीयन के रुझान को देखते हुए कैंप की तारीख 3 दिवस आगे बढ़ाई गई है।



## परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने लिया भाग

**गुना।** लोक शिक्षण संचालनालय एवं राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार जिले में गत दिवस परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला और तहसील स्तर पर विद्यार्थियों से परीक्षा पूर्व रखा गया जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सम्बोधित किया गया। उक्त कार्यक्रम का प्रसारण विविध टी.व्ही. चैनल, यूट्यूब सहित अन्य संचार माध्यमों के द्वारा किया गया एवं उक्त प्रसारण विद्यालयों में बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को टी.व्ही., लेपटॉप, टेबलेट, मोबाइल एवं रेडियो के माध्यम से दिखाया। कार्यकम का जिला स्तर पर आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुना पर किया गया जिसमें करीब 575 छात्रों एवं 50 शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में भी उक्त प्रसारण दिखाया गया। यहां पर 107 छात्रों एवं 10 शिक्षकों ने सहभागिता की। विकासखण्ड स्तर पर एवं शालाओं पर आयोजित कार्यक्रम में बढ़चढकर छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने भागीदारी की।

## श्री शांतिनाथ रथ मंदिर में ध्वाजारोहण



**महिदपुर।** श्री शांतिनाथ रथ मंदिर हस्तिनापुर में 20वी वर्षगांठ धूमधाम से मनाई गई। प्रातः स्नात्र महोत्सव के बाद सत्तरभेदी पूजन पढाई गई। ध्वजारोहण का लाभ आंचल्या परिवार ने लिया। पूजन विधिकारक पंकज भाई झारड़ा द्वारा पूजा धूमधाम से करवाई गई। मंदिरजी के सामने सुंदर रंगोली रजनी बहन चैरड़िया द्वारा लगातार बीस साल से बनाने का सुंदर लाभ लिया साथ ही ध्वजारोहण होने पर सभी भाई-बहनों ने सुंदर प्रभु भक्ति कर जिन शासन की शोभा में अभिवृद्धि की। इस अवसर पर महिदपुर सकल श्री संघ के साथ उज्जैन, रतलाम, इन्दौर, झारड़ा, महिदपुर रोड़, डेलची आदि श्री संघ के साधर्मिक भाई बहनों ने पधारकर धर्मलाभ लिया। जैनेन्द्र खेमसरा ने ध्वजा एवं जिन मंदिर का महत्व बताते हुए अपने सुन्दर भाव व्यक्त करते हुए आंचल्या परिवार की खूब अनुमोदना की। अंत में आए हुए सभी महानुभाव एवं श्री संघ का अभिनदंन करते हुए आभार अतुल आंचल्या ने माना।

## गुरु रविदास जयंती पखवाड़े पर चल समारोह और कलश यात्रा का आयोजन



**महिदपुर** । विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के समस्त रविदास समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की जन्मजयंती पखवाड़े को हासौल्लास के साथ मनाते हुवे ऐतिहासिक विशाल चल समारोह ओर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। रविवार प्रातः 10 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में रविदास समाज के महिला पुरुष बड़ी संख्या में एकत्रित हुवे । तत्पश्चात विशाल चल समारोह ओर कलश यात्रा को प्रारंभ किया गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से निकला । संपूर्ण नगर में जनप्रतिनिधियों के साथ संपूर्ण नगर वासियों ने चल समारोह का जगह जगह मंच बनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्री घोड़ा पछाड़ मंदिर समिति ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह में पधारे अतिथियों का स्वागत किया। चल समारोह पुराने बस स्टैंड पर पहुंचा जहां मंच पर सभा का आयोजन किया गया । मंच पर निगुर्णी एवं लोकपरम्परागत आकाशवाणी समूह उज्जैन द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई । मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर सत्यनारायण जटिया उपस्थित हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी ने की विशेष अतिथि ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना रहे मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्प माला पहना कर ओर साफा बांध कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की छवि पर पुष्प माला पहनाकर की गई । मंचासिन प्रबुद्धजनों ने अपनी वाणी से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके सद मार्गो पर चलने का वचन लिया । कार्यक्रम के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिवनारायण सूर्यवंशी ने किया।

## कांकरिया मीना गांव में श्रीराम दरबार की हुई प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न

**सारंगपुर।** समीपस्थ ग्राम कांकरिया मीना में सात दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गांव के श्रीराम मंदिर में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा एवं महायज्ञ पूणार्हूति के साथ श्रीराम कथा का समापन हुआ। इस दौरान मंदिर में भगवान राम व माता सीता सहित लक्ष्मण व हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की गई। मनसा हनुमान मंदिर परिसर में श्रीराम कथा के अंतिम दिन कथावाचक पंडित विजय कृष्ण शास्त्री ने राम-रावण संवाद प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। भगवान श्री राम ने लंका के राजा रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या में प्रवेश किया। पूरी अयोध्या नगरी श्रीराम लक्ष्मण और जानकी माता के आगमन के लिए पलक पांवडे बिछाकर प्रतीक्षा कर रहे थे। पुष्पक विमान से आने के साथ ही अयोध्या में जयकारे लगने के साथ ही पूरा माहौल उत्सव से भर गया। भगवान राम के आगमन के बाद राजतिलक हुआ। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे और मंदिर में आकर्षक सजावट भी की गई थी।

### डीजे का नहीं सुनाई देगा शोर, रात में चैन से सो सकेंगे लोग

# एसडीएम, एसडीओपी ने डीजे मालिकों की बैठक लेकर बताए नियम, दी समझाइश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

डीजे के शोर-शराबा से जन-जीवन त्रस्त हो चला था, ह्दय रोग से परेशान लोग तो डीजे के गुजरते ही कुड़कुड़ाने लगते थे। ध्वनि प्रदूषण की मार झेल रहे कई लोगों ने समय समय पर इसकी शिकायत भी आला अधिकारियों से की, लेकिन संतोष जनक परिणाम सामने न आने से लोग की नाराजगी बरकरार बनी हुई थी। स्थानीय प्रशासन ने सख्ती के साथ इस मामले में संज्ञान लिया है और डीजे मालिकों की बैठक आयोजित कर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम रोहित बम्हौरे, एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बैठक लेते हुए उन्हें आवश्यक नियमों की जानकारी दी। एसडीएम बम्हौरे ने शासन और सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी किए गए निदेर्शों का पालन करने की हिदायत भी दी। श्री बम्हौरे ने कहा कि नियम विरूद्ध कार्य करने वाले डीजे संचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीजे मालिकों ने भी अपनी बात रखी। उन्होंने अपने रोजगार पर गिरने वाली गाज को लेकर चिंता जाहिर की। एसडीएम बम्हौरे ने कहा कि रात्री 10 बजे से सुबह 6 बजे तक बिना अनुमति के कोई वाद्य यंत्र सार्वजनिक स्थान पर बजाना गैर कानूनी है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम



कोर्ट द्वारा डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी कार्यक्रम में दो से ज्यादा म्यूजिक बाक्स की अनुमति ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि बिना एसडीएम की अनुमति के किसी भी निजी या सार्वजनिक कार्यक्रम में अत्यधिक तेज आवाज में म्यूजिक बाक्स बजाना गैर कानूनी है। हिदायत देते हुए बम्हौरे ने कहा कि जब भी किसी सार्वजनिक स्थान पर रैली, धार्मिक कार्यक्रम, चल समारोह में म्यूजिक बाक्स की आवश्यकता हो तो एसडीएम से अनुमति लेकर उसकी एक प्रति अपने पास सुरक्षति रखें। डीजे मालिक अपने डीजे के वाहन पर लगे म्यूजिक बाक्स के ऊपर खड़े होकर नाचने या उछल-कूंद करने की अनुमति न दें, ऐसा करते पाए जाने पर डीजे मालिक के विरूद्ध कार्रवाई की जा सकती है। एसडीओपी अरविंद सिंह ने कहा कि डीजे मालिकों को चाहिए कि वह अपने वाहन का बीमा, रजिस्ट्रेशन और ड्राईबिंग लायसेंस आदि दस्तावेज तैयार रखें। गैर दस्तावेजों के चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई होगी। डीजे संचालकों के कड़ाई से नियमों का पालन करने की हिदायत देते हुए उन्होंने बताया कि वे किसी भी नियम का उलंघन करते पाए गए तो डीजे और वाहन जप्त तक किया जा सकता है और जुमार्ना हो सकता है।

#### संवेदनाओं का डीजे मालिक रखें ध्यान

एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि किसी प्रकार के विवादों से बचने के लिए डीजे मालिकों और चालकों में भी संवेदनाओं का होना आवश्यक है। उन्होने कहा कि मालिकों को चाहिए कि संवेदनाओं को ध्यान रखकर डीजे को स्वतः बंद कर लें। दो-चार मिनिट बाद चालू कर लें। इससे आपसी सौहार्द और भाईचारा भी बना रहेगा। अस्पताल और स्कूल से निकलते समय डीजे की आवाज बंद कर आगे निकलेंगे, जिससे अस्पताल के रोगियों और स्कूली बच्चों को असुविधा न हो।

#### बाइब्रेशन एवं बैस वाले स्पीकर पर लगी रोक

एसडीओपी सिंह ने डीजे के निदेर्शों पर रोशनी डालने के साथ ही डीजे संचालकों को हिदायतें दी। उन्होंने कहा कि बाइब्रेशन एवं बैस वाले स्पीकरों पर रोक लगा दी गई है। कोई भी इस तरह के स्पीकरों का उपयोग नहीं करेगा, जिससे आम लोगों को असुविधा हो। ऐसा करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने चल समारोह के दौरान किसी तरह के भड़काऊ गीतों को न बजाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले गीतों पर रोक लगा दी गई है। गाने के साथ नारे अब नहीं चलेंगे। किसी भी वाहन में अधिकतम आठ स्पीकर बिना बैस वाले लगाकर मनोरंजन किया जा सकता है। इस दौरान डीजे संचालकों ने अपनी सहमति देते हुए इन सभी नियमों का पालन करने की बात कही। बैठक में डीजे मालिकों में आदि मौजूद रहे।

### सी.एम. हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों का

# समाधान करने की बजाय दूसरे विभागों को भेज रहे शिकायतें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद

नगर में महत्वपूर्ण समस्या यह है कि लक्ष्मीबाईमार्ग, फव्वारा चौक, गणेशदेवली पर घरों एंव दुकानों में वर्षा का पानी घुस रहा है जिससे लाखो रुपए का नुक्सान नागरीको को हो रहा है। मामला यह जवाहर मार्ग पर वर्षो पुराना नाला बना हुआ है नाले के आसपास शासकीय भुमि 60 फीट से 80 फीट है अब ये नाला मात्र 8 फीट का रह गया है जिसके कारण बारिश के पानी ने अपना बहाव लक्ष्मीबाईमार्ग की ओर मोड़ लिया जिसके कारण गणेश देवली एंव जवाहरमार्ग पर तेज बारीश में बरसात का पानी कमर तक हो जाता है और पानी घरो व दुकानों में घुस जाता है जिसके कारण लाखो का नुक्सान हो रहा है।

वर्षा थमने के बाद अधिकारी जनप्रतिनिधि भ्रमण करने आ जाते है राजस्व पटवारी आंकलन कर पंचनामा बनाते रहते है। ताकि नागरीको को लगे कि शासन की ओर से मुआवजा राशि आयेगी। नागरीको का ध्यान भटकाने के लिये शासन की ओर से हलचल बनी रहती है। लेकिन मुल समस्या का समाधान कोई करने को तैयार नही है। पानी रूकने का एक कारण यह भी है कि उज्जैन दरवाजा से स्टेशन तक यह आरसीसी की सड़क तत्कालीन सांसद प्रेमचंद गुडडु द्वारा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से बनवाई गई है। जब सड़क का निर्माण हो रहा था तब भी नागरिकों द्वारा आपत्ती ली गई थी कि सड़क को खोद कर नही बनाया जा रहा है। डामर रोड़ के उपर ही सीसीरोड़ बना दी गई। जिससे सड़क की ऊंचाई ओर बढ़ गई। अब इस समस्या को हल करने के लिये नगरपालिका परिषद ने गणेशदेवली से अनंतनारायण चौराहा तक सड़क को नीचा करने का र्निणय परिषद मे तो पास कर लिया। जब सीएम हेल्प लाईन में नागरीकों द्वारा शिकायत दर्ज करवाकर वर्षा के पहलें समाधान चाहा गया तो नपा ने अब यह कह कर हाथ खड़े कर दिये कि ये सड़क लोक र्निमाण विभाग की है हम नही कर सकते है। वही लोकर्निमाण विभाग कहता है हमारे पास बजट कहॉ है ? नपा के पास तो बजट है अब यह दोनों विभाग सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों को इधर से उधर विभागो में भेज रहे है। नपा कहती है कि लोकर्निमाण विभाग का मामला है और लोकर्निमाण विभाग कहती है कि नपा के विभाग का है कहकर शिकायतों को इधर उधर भेज रहे है। इसी चक्कर में जनता को उलझा रहे है जबकि जनप्रतिनिधि शासन से बजट ला सकते है। जनता में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।



## सूने मकानों में चोरी का प्रयास करने वाले दो बदमाश पकड़ाए

**सारंगपुर।** नगर में सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी का प्रयास करने वाले दो शातिर आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल की गई लोहे की हथौडी भी बरामद कर ली है। 6 फरवरी को जैन मंदिर गली के पास अज्ञात चोरों ने सूने मकान के ताले तोडकर चोरी करने का प्रयास किया था।

फरियादी भंवानी शंकर विश्वकर्मा एवं हरीश राठौर द्वारा थाना सारंगपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। फरियादियों ने बताया कि 5-6 फरवरी की दरम्यानी रात को अज्ञात बदमाश उनके सूने मकानों के ताले तोडकर चोरी के इरादों से दाखिल हुए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस ने घटना स्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया।

जांच के दौरान दो शातिर बदमाशों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें आरोपियों ने सूने मकानों में चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया। पकडे गए बदमाशों में पारस भिलाला पिता बनेसिंह भिलाला आयु 30 वर्ष निवासी नगर पालिका के पीछे सारंगपुर एवं आरिफ पिता मोहम्मद हनीफ खान आयु 30 वर्ष निवासी बारीखेल सारंगपुर शामिल हैं। आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे की हथौडी बरामद कर जब्त की गई है।

## सुबह कोहरा, शाम को ठंडक, किसानों को सता रहा कम पैदावार का डर

**सारंगपुर।** सारंगपुर शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में रविवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा, जिससे ठंड का असर बना हुआ है। सड़कों पर कम दृश्यता के कारण वाहन चालकों को सावधानी बरतनी पड़ी। मौसम में लगातार बदलाव से चने की फसल प्रभावित हो रही है। पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में उतार-चढ़ाव दर्ज किया जा रहा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस पर रहा और अधिकतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में लगातार बदलाव का सीधा असर कृषि क्षेत्र पर पड़ रहा है। जिले में बडे पैमाने पर बोई गई चने की फसल प्रभावित हो रही है। सुबह का कोहरा और रात की ठंड फसल की बढवार को रोक रही है, जिससे पैदावार कम होने की आशंका है। किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि ठंड और कोहरे का यह दौर जारी रहा, तो फसल को और नुकसान हो सकता है, जिससे उत्पादन घटने और आर्थिक स्थिति पर असर पडने की संभावना है। किसान शंकर सिंह ने बताया कि ठंड और नमी के कारण चने के पौधों की वृद्धि रुक गई है।

### भेरू महाराज मंदिर के बाहर महिला से मंगलसूत्र लूट, सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

# तीन जिलों में एक जैसा पैटर्न, ब्यावरा में बाइक छोड़ भागे बदमाश, गिरफ्तारी के बाद होगा खुलासा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

मंगलसूत्र लूट मामले में जाँच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है चौंकाने वाली समानताएँ सामने आ रही हैं। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार अंदाजा लगाया जा रहा है कि बडौद में हुई चोरी के दौरान भी एक ही बाइक पर तीन युवक सवार थे। इसके ठीक एक दिन बाद सुसनेर में हुई वारदात में भी इसी हुलिये की बाइक पर तीन युवक दिखाई दिए, जबकि ब्यावरा से मिली ताजा जानकारी में भी वही बाइक और तीन संदिग्धों के होने की बात सामने आई है। इन समानताओं से आशंका गहराती जा रही है कि तीनों घटनाओं को अंजाम देने वाला गिरोह एक ही हो सकता है। सुसनेर में महिला से मंगलसूत्र झपटने के बाद बदमाश तेज गति से भागे थे। पुलिस की घेराबंदी बढ़ती देख वे ब्यावरा में बाइक छोड़कर फरार हो गए। बरामद वाहन से अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान से यह स्पष्ट हो रहा है कि आरोपी बेहद शातिर तरीके से वारदात कर रहे हैं। इलाकों में महिलाओं को अकेला देखकर निशाना बनाते हैं और कुछ ही सेकंड में फरार हो जाते हैं। पुलिस अब



तीनों जिलों की घटनाओं को आपस में जोड़कर जाँच कर रही है। पुलिस का कहना है कि युवकों की गिरफ्तारी के बाद ही पूरे मामले का सही खुलासा हो सकेगा। फिलहाल संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और आसपास के जिलों से भी समन्वय बनाया गया है। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत देने की अपील की है। लगातार हो रही इन घटनाओं से लोगों में भय के साथ आक्रोश भी है। व्यापारियों और नागरिकों ने बाजार क्षेत्र में स्थायी पुलिस गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग और सीसीटीवी नेटवर्क मजबूत करने की मांग की है।

#### इनका कहना

रियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

**केशर राजपूत**
**थाना प्रभारी सुसनेर**

#### बड़ोद की घटना से बढ़ी चिंता

गौरतलब है कि इससे एक दिन पूर्व शुक्रवार रात बड़ोद के कान्हा गार्डन क्षेत्र में भी महिला से मंगलसूत्र झपटने की घटना हुई थी। वहां भी तीन युवकों ने पानी पिलाने के बहाने महिला को झुकाया और मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले थे। दोनों घटनाओं का तरीका लगभग एक जैसा होने से आशंका जताई जा रही है कि जिले मे कोई पेशेवर गिरोह सक्रिय है, जो धार्मिक स्थलों और सुनसान स्थानों पर महिलाओं को निशाना बना रहा है। लगातार हो रही वारदातों से क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश है। लोगों ने मंदिरों और प्रमुख मार्गों पर पुलिस गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध बाइक सवारों की सख्त जांच की मांग की है।



## डॉ.अंबेडकर मांगलिक भवन पर मनाई गई माता रमाबाई की जयंती

**महिदपुर।** 7 फरवरी को त्याग की प्रतिमूर्ति माता रमाबाई अंबेडकर का जन्मदिन बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति महिदपुर द्वारा मनाया गया। सर्वप्रथम माता के छाया चित्र पर माल्यार्पण हुआ तत्पश्चात उपस्थित समस्त संगठनों के विद्वानों ने माता रमाबाई के जीवन समर्पण और बाबा साहब की सहगामी के रूप में उनके महान किरदार को याद किया। माता रमाबाई अंबेडकर पर बात रखनेवालों में समिति अध्यक्ष दिनेश चौहान, डोमा परिसंघ प्रदेश महासचिव एवं समिति के संरक्षक जे के मालवीय, समिति उपाध्यक्ष विक्रम सोलंकी, समिति सहसचिव अनिल दावरे, आसाराम गहलोत, विनोद सिसोदिया, ऋतिक परमार, डॉ. जगदीश परमार, नरेंद्र परमार, अजय राठी, संदीप राठी, कुंदन परमार, जगदीश परमार आदि उपस्थित रहे। अंत में आसाराम गहलोत द्वारा मिठाई का वितरण किया गया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन, खारोल खेड़ा की टीम बनी विजेता



**महिदपुर रोड।** ग्राम डेलची बुजुर्ग में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ श्री गणेश क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्ना मेंट के फाइनल मुकाबले में रोमां चक खेल में खारोल खेड़ा की टीम ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दिनेश जैन 'बोस' उपस्थित रहे। विधायक जैन ने विजेता टीमको ट्रॉफी और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को बढ़ावा देने के लिये क्षेत्र में बेहतर क्रिकेट ग्राउंड की व्यवस्था विधायक निधि के माध्यम से करवा ने की बात कही। प्रतियोगिता में उप विजेता रही डेलची बुजुर्ग की टीम को ग्राम सरपंच कैलाश वर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। सरपंच वर्मा ने खिलाड़ियों की खेल भावना की सराहना की। टूर्नामेंट के समापन पर श्री गणेश क्रिकेट क्लब के विनो द दायमा, लखन गौड़ ने आयोजन में सह योग के लिये सभी का आभार व्यक्त किया।

## बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ नागौरी ने की अनेक शिशुओं का जांच

**महिदपुर रोड।** नगर के निजी चिकित्सालय एस एस हॉस्पिटल में रविवार को अपनी पहली विजिट में पहुंचे



डॉक्टर शहजाद नागौरी (एम बी बी एस एमडी बाल एवं शिशु विशेषज्ञ) ने आसपास के ग्रामीण अंचलों से विभिन्न शारीरिक दिक्कतों से पीड़ित बच्चों का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उचित उपचार की सलाह दी हास्पितल के डायरेक्टर डॉ राहुल सौलंकी ने जानकारी देते हुए बताया डॉक्टर शहजाद नागौरी प्रति शुक्रवार और रविवार को हास्पिटल में उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं प्रदान कर विभिन्न बीमारियों से परेशान बच्चों का उपचार कर उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। डॉक्टर नागौरी के अस्पताल में प्रथम विजिट पर अस्पताल के डायरेक्टर डा.राहुल सौलंकी सहित हास्पि टल स्टाफ ने स्वागत किया

## वैज्ञानिक तरीके से नस्ल सुधार और दुग्ध उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा देना उद्देश्य:शाक्या

**सारंगपुर।** विभिन्ना साझेदारों के सहयोगात्मक दृष्टिकोण से वैज्ञानिक दुग्ध विकास गतिविधियों और संसाधन उपयोग दक्षता को बढावा देकर दुग्ध उद्योग में क्रांतिकारी परिवर्तन लाया जा सकता है। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से दुग्ध उत्पादन में अनेक तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से किसानों की आजीविका में सुधार लाने के प्रयास शासन-प्रशासन द्वारा सतत रुप से किए जा रहे है। वैज्ञानिक पशुपालन, नस्ल सुधार एवं दुग्ध उत्पादन वृद्धि को बढ़ावा देना इसका मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए हमारे अमले को मुस्तैदी के साथ किसान एवं पशु पालकों को इससे जोड़ना होगा, यह हमारी जिम्मेदारी है। यह निर्देश क्षीर धारा ग्राम योजना अंतर्गत विकासखंड सारंगपुर के चयनित गांवों में काम करने के लिए पशुपालन विभाग के मैदानी अमले को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए सारंगपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डा. अमित शाक्य ने दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य चयनित गांवों को आगामी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरणबद्ध तरीके से माडल गांव के रूप में विकसित करना है। डा. शाक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षीर धारा ग्राम योजना में विकासखंड के गुलखेड़ी, सरेडी, छापरा, नारायणगढ खेडा, सादनखेड़ी, छायन, खासपुरा, जयनगर, जोधाना, फूलपुरा, दयाखेड़ी, तीतरी, पटाड़िया धाकड गांव को चयनित किया गया।

दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
इंदौर, मंगलवार 10 फरवरी, 2026



आज के दौर में माइक्रोवेव का इस्तेमाल तेजी से बढ़ता जा रहा है। मगर ध्यान देने वाली बात यह है कि अगर इसका इस्तेमाल सावधानी से न किया जाए तो कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं।

## माइक्रोवेव में गर्म करते समय ये गलती करते हैं...

# ...तो हो सकता है कैंसर, बरतें ये सावधानियां


आज के आधुनिक दौर में बहुत से लोग अपने रसोई में या ऑफिस में माइक्रोवेव का उपयोग करते हैं। माइक्रोवेव एक ऐसा उपकरण है जिससे भोजन को मिनटों में आसानी से गर्म किया जा सकता है। ध्यान देने वाली बात यह है कि अक्सर लोग माइक्रोवेव में भोजन गर्म करते समय कुछ गलतियां करते हैं जिससे कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। इसमें एक बड़ी गलती है प्लास्टिक के बर्तन में भोजन गर्म करना।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों और कैंसर शोधकताओं के अनुसार जब प्लास्टिक को माइक्रोवेव की हाई रेडिएशन में गर्म किया जाता है, तो इसमें मौजूद हानिकारक रसायन जैसे बिस्फेनॉल-ए और थैलेट्स खाने में घुल जाते हैं। ये केमिकल 'एंडोक्राइन डिस्रप्टर्स' के रूप में काम करते हैं, जो शरीर के हार्मोन्स को बिगाड़ सकते हैं और लंबे समय में कैंसर, विशेषकर ब्रेस्ट और प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।

अच्छी बात यह है कि माइक्रोवेव खुद कैंसर का कारण नहीं बनता, बल्कि इसमें इस्तेमाल होने वाले गलत बर्तन और भोजन को अत्यधिक तापमान पर गर्म करने की प्रक्रिया इसे खतरनाक बना देती है। इसलिए माइक्रोवेव का सुरक्षित उपयोग करने के लिए सही तकनीक और बर्तनों का चुनाव करना आपकी सेहत के लिए बेहद जरूरी है।

### प्लास्टिक के बर्तनों का प्रभाव

ज्यादातर प्लास्टिक के डिब्बे, हाई तापमान पर सूक्ष्म मात्रा में रसायन छोड़ते हैं जिसे 'लीचिंग' कहा जाता है। ये रसायन सीधे हमारे ब्लड फ्लो में पहुंचकर कोशिकाओं के डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि प्लास्टिक के बजाय हमेशा कांच या अच्छी क्वालिटी वाले बोरोसिलिकेट बर्तनों का ही उपयोग करना चाहिए।



### इन चीजों को माइक्रोवेव में डालने से बचें

कुछ खास चीजें माइक्रोवेव में डालने से बचना चाहिए, जैसे कि प्लास्टिक रैप, एल्युमिनियम फॉयल या फोम के कप। एल्युमिनियम फॉयल से आग लगने का खतरा होता है, जबकि फोम से निकलने वाले स्टाइरीन कैंसरकारक होते हैं। इसके अलावा, हरी पत्तेदार सब्जियों को बिना पानी के माइक्रोवेव करने पर उनमें मौजूद नाइट्रेट्स, नाइट्रोसैमाइन में बदल सकते हैं, जो सेहत के लिए हानिकारक हैं।

### भोजन को बार-बार और अत्यधिक गर्म करने के खतरे

माइक्रोवेव में भोजन को बार-बार गर्म करने से उसके पोषक तत्व, जैसे विटामिन-इ12 और उ, नष्ट होने लगते हैं। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ जैसे प्रोसेस्ड मीट को माइक्रोवेव करने पर उनमें 'कोलेस्ट्रॉल ऑक्सीकरण उत्पाद' बन सकते हैं, जो धमनियों को नुकसान पहुंचाते हैं। भोजन को केवल उतना ही गर्म करें जितना आवश्यक हो, ताकि उसकी रासायनिक संरचना न बदले।

### क्या करें?

माइक्रोवेव का उपयोग करना गलत नहीं है, बशर्ते आप सही सावधानियां बरतें। हमेशा 'इढअ-फ्री' या कांच के बर्तनों को प्राथमिकता दें और खाने को ढकने के लिए प्लास्टिक रैप के बजाय पेपर टॉवल या कांच की प्लेट का इस्तेमाल करें। छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर आप माइक्रोवेव का लाभ उठाते हुए गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं।

# सावधान! सीने में दर्द के साथ दिख रहे हैं ये चार लक्षण, हो सकता है हार्ट ब्लॉकेज का संकेत



आज के समय में दिल की बीमारियां दुनिया भर में मौतों का सबसे बड़ा कारण बन गई हैं और हमारे देश में भी बहुत से लोग इससे जूझ रहे हैं। हार्ट ब्लॉकेज की स्थिति तब पैदा होती है, जब हमारी धमनियों में कोलेस्ट्रॉल और फैट जैसी चीजें जमा होकर रुकावट पैदा कर देती हैं, जिससे दिल तक खून ठीक से नहीं पहुंच पाता। अक्सर लोग सीने में होने वाले दर्द को मामूली गैस या एसिडिटी मानकर अनदेखा कर देते हैं, लेकिन ऐसी लापरवाही जानलेवा हो सकती है।

चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, हार्ट ब्लॉकेज के लक्षण केवल सीने के दर्द तक सीमित नहीं होते, हमारा शरीर कई अन्य सूक्ष्म संकेतों के माध्यम से भी चेतावनी देता है। अगर आपको सीने में भारीपन के साथ सांस लेने में तकलीफ, अत्यधिक थकान या शरीर के ऊपरी हिस्सों में दर्द महसूस हो रहा है, तो यह संकेत है कि आपके दिल की धमनियां पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं ले पा रही हैं। इन लक्षणों को समय पर पहचानना और डॉक्टर से संपर्क करना ही अचानक होने वाले हार्ट अटैक से बचने का एकमात्र तरीका है। आइए इन्हीं लक्षणों के बारे में विस्तार से जानते हैं।

### सांस फूलना और अत्यधिक थकान की चेतावनी

हार्ट ब्लॉकेज का एक प्रमुख लक्षण बिना किसी भारी काम के सांस फूलना है। जब धमनियां संकरी हो जाती हैं, तो दिल को शरीर में खून पंप करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है, जिससे फेफड़ों पर दबाव बढ़ता है। इसके अलावा अगर आप सामान्य गतिविधियों के बाद भी बहुत ज्यादा थकान महसूस करते हैं, तो यह संकेत है कि आपके अंगों को पर्याप्त ऑक्सीजन युक्त खून नहीं मिल रहा है। इसे 'क्रोनिक फटीग' कहा जाता है।

### शरीर के ऊपरी हिस्सों में फैलता दर्द

हार्ट ब्लॉकेज में दर्द केवल सीने के बीच में ही नहीं रहता, बल्कि यह अक्सर बाएं हाथ, कंधे, गर्दन या जबड़े तक फैलने लगता है। यह दर्द अचानक आता है और थोड़े आराम के बाद कम हो सकता है, जिसे 'एंजाइना' कहा जाता है। अगर यह दर्द आराम करने के बाद भी बना रहे, तो यह एक मेडिकल इमरजेंसी हो सकती है, तुरंत डॉक्टर से दिखाएं। इसे कभी भी साधारण मांसपेशियों का खिंचाव समझने की भूल न करें।

### चक्कर आना और ठंडा पसीना आना

ब्लॉकेज के कारण जब मस्तिष्क तक रक्त का प्रवाह कम हो जाता है, तो व्यक्ति को अचानक चक्कर आना या सिर घूमना महसूस हो सकता है। इसके साथ ही, बिना किसी गर्मी या व्यायाम के बाद अचानक 'ठंडा पसीना' आना एक बहुत ही गंभीर लक्षण है। यह संकेत देता है कि आपका हृदय काफी तनाव में है। अक्सर लोग इसे कमजोरी समझ लेते हैं, लेकिन हृदय रोगों के मामले में यह ब्लॉकेज का सीधा संकेत हो सकता है।

### समय पर जांच और स्वस्थ जीवनशैली है जरूरी

हार्ट ब्लॉकेज को साइलेंट किलर कहा जाता है, इसलिए लक्षणों के दिखने का इंतजार करने के बजाय नियमित जांच (एउॠ ळटळ या लिपिड प्रोफाइल) करवाते रहें। अपने आहार में तेल-मसाले कम करें, रोजाना 30 मिनट पैदल चलें और तनाव को कम करने पर काम करें। ध्यान रखें लक्षणों के प्रति आपकी जागरूकता और समय पर लिया गया डॉक्टरी परामर्श ही आपके दिल को सुरक्षित रख सकता है।

## Sport

पाकिस्तान की एक बार फिर बेइज्जती हो गई है और अब तो खुद बांग्लादेश ने ही उसकी लुटिया डुबो दी है। बताया जा रहा है कि बीसीबी ने ही पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार नहीं करने कहा है।

पाकिस्तान की फिर बेइज्जती!

# जिस बांग्लादेश के दम पर अकड़ दिखा रहा था पीसीबी, उसने ही बहिष्कार खत्म करने की मांग की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने पाकिस्तान को भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप का मैच नहीं खेलने के फैसला बदलने के लिए कहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मिलकर अपना फैसला वापस लेने की मांग कर सकते हैं। मालूम हो कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ खड़े रहने के लिए ही यह पूरा ड्रामा रचा था, लेकिन अब वह खुद इस जाल में घिर गया है।



### बीसीबी अध्यक्ष भी बैठक में रहे मौजूद

सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम आईसीसी के उपाध्यक्ष और स्वतंत्र निदेशक इमरान ख्वाजा की रविवार को लाहौर में नकवी के साथ हुई बातचीत के दौरान मौजूद थे। श्रीलंका और यूएई बोर्ड ने भी पाकिस्तान से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। पीसीबी सूत्र ने कहा कि अमीनुल ने बांग्लादेश क्रिकेट के प्रति पाकिस्तान द्वारा दिखाई गई एकजुटता की सराहना करते हुए नकवी से बहिष्कार खत्म करने का अनुरोध किया।

सूत्र ने कहा कि नकवी संभवतः प्रधानमंत्री से टीम को विश्व कप में भारत के खिलाफ खेलने की अनुमति देने का अनुरोध करेंगे। वह प्रधानमंत्री को विशेष रूप से श्रीलंका, यूएई और बांग्लादेश बोर्ड के आग्रह और हाल में हुई बातचीत का ब्योरा देंगे। इस मामले में हालांकि अंतिम फैसला शरीफ का होगा और पीसीबी उसका पालन करेगी। सूत्र ने कहा कि ख्वाजा के साथ हुई बातचीत में नकवी ने कई मुद्दे उठाए।

### नकवी ने उठाया एशिया कप ट्रॉफी का मुद्दा

सूत्र के मुताबिक, नकवी ने ख्वाजा से सवाल किया कि अगर पाकिस्तान टीम ने एशिया कप ट्रॉफी किसी भारतीय बोर्ड अधिकारी से स्वीकार करने से इनकार कर दिया होता तो क्या आईसीसी ने चुप्पी साधी होती। यह ट्रॉफी फिलहाल दुबई स्थित एशियाई क्रिकेट परिषद मुख्यालय के एक बंद कमरे में है। नकवी ने स्पष्ट किया था कि वह मीडिया की मौजूदगी में ट्रॉफी सौंपेंगे।

समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, नकवी सोमवार को इस मुद्दे पर हालिया घटनाक्रम की जानकारी प्रधानमंत्री शरीफ को देंगे। सूत्र ने कहा, नकवी प्रधानमंत्री को बांग्लादेश, श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) क्रिकेट बोर्ड तथा आईसीसी के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी देंगे और उन्हें इस संकट से अवगत कराएंगे।

### अब तक क्या-क्या हुआ?

- आईसीसी ने बांग्लादेश को भारत में नहीं खेलने की मांग पर टी20 विश्व कप से बाहर किया।
- बांग्लादेश की जगह ग्रुप सी में स्कॉटलैंड को शामिल किया गया।
- पाकिस्तान इस मामले पर बेवजह बीच में आया और उसने बांग्लादेश का खुलकर समर्थन किया।
- पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में खेलना प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के निर्णय पर तय करेगा।
- नकवी ने फिर शहबाज शरीफ से मुलाकात की।
- पाकिस्तान सरकार ने एलान किया कि उनकी राष्ट्रीय टीम टी20 विश्व कप में खेलेगी, लेकिन 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मैच का बहिष्कार करेगी।
- आईसीसी पाकिस्तान के इस फैसले पर काफी नाराज हुआ और उसने संभावित कार्रवाई के बारे में सूचित किया।
- पीसीबी ने आईसीसी से फोर्स मेज्योर प्रावधान लागू करने की मांग की, लेकिन क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने इस बारे में उससे स्पष्टीकरण मांगा।
- पीसीबी और आईसीसी के बीच वर्चुअल बैठक हुई।

# ओमान ने जिम्बाब्वे को दिया 104 रनों का लक्ष्य, मुजरबानी; नगारवा-इवांस की शानदार गेंदबाजी

**कोलंबो।** जिम्बाब्वे और ओमान के बीच टी20 विश्व कप के ग्रुप बी का मुकाबला खेला जा रहा है। गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से जिम्बाब्वे ने ओमान की पारी 19.5 ओवर में 103 रन पर ऑलआउट कर दी। ओमान की बल्लेबाजी इस मैच में काफी खराब रही और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

**ओमान की खराब शुरूआत:** पहले बल्लेबाजी करते हुए ओमान की शुरूआत अच्छी नहीं रही है और जिम्बाब्वे ने उसे शुरूआती झटके दिए। मुजरबानी ने सबसे पहले कप्तान जतिंदर सिंह को बोल्ड किया जो पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नगारवा ने हमाद मिर्जा को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। मुजरबानी ने फिर शानदार गेंदबाजी जारी रखते हुए आमिर कलीम को पांच रन और करन को खाता खोले बिना आउट किया। ओमान को पांचवां झटका वसीम अली के रूप में लगा जो तीन रन बनाकर आउट हुए।

# टी20 विश्वकप डेब्यू मैच में हारी इटली की टीम, स्कॉटलैंड ने 73 रन से हासिल की जीत

**कोलकाता।** आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में ग्रुप-सी के मुकाबले में डेब्यू कर रही इटली ने कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डेन्स में टॉस जीतकर स्कॉटलैंड को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 207 रन बनाए। जवाब में इटली की टीम 16.4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय में स्कॉटलैंड और इटली की टीमें तीन बार आमने-सामने आई हैं और हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 2-1 का है। खास बात यह है कि ये तीनों मुकाबले आईसीसी इवेंट्स में हुए हैं।

**इटली की पारी:** इटली को पारी की पहली ही गेंद पर झटका लगा। स्पिनर लीस्क की गेंद पर जस्टिन मोस्का कैच आउट हो गए। इसके बाद जेजे स्मट्स और एंथनी मोस्का के बीच दूसरे विकेट के लिए 18 गेंद मं 32 रन की साझेदारी हुई। एंथनी 12 गेंद में 13 रन




और स्मट्स 11 गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 22 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद हैरी मेनेंटी और बेन मेनेंटी ने चौथे विकेट के लिए 45 गेंद में 73 रन की साझेदारी निभाई। हालांकि, इस साझेदारी के टूटते ही इटली की पारी लुढ़क गई।

**स्कॉटलैंड की पारी:** स्कॉटलैंड की शुरूआत बेहतरीन रही थी। जॉर्ज मुनसे और माइकल जोंस ने पहले विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी की। मुनसे शतक से चूक गए। वह 54 गेंद में 13 चौके और दो छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ग्रांट स्टीवार्ट ने हैरी के हाथों कैच कराया। इसके बाद माइकल जोंस को जेजे स्मट्स ने पवेलियन भेजा। वह 30 गेंद में एक चौका और दो छक्कों की मदद से 37 रन बना सके।

कप्तान रिची बेरिंग्टन 11 गेंद में 15 रन और टॉम ब्रूस एक रन बना सके। आखिर में ब्रैंडन मैकमुलेन ने 18 गेंद में चार छक्कों की मदद से 41 रन और माइकल लीस्क ने पांच गेंद में दो चौके और दो छक्कों की मदद से 22 रन की नाबाद तूफानी पारी खेली। इटली की ओर से अली हसन, ग्रांट स्टीवार्ट, थॉमस ड्राका और जेजे स्मट्स ने एक-एक विकेट लिया।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की
पैकिंग हेतु महिलाओं की
हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पुलिसकर्मी की पत्नी ने किया सुसाइड, अफसर जांच में जुटे

**इंदौर।** इंदौर के पीटीसी परिसर में एक पुलिसकर्मी की पत्नी ने आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह पति ने पत्नी को फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। पुलिस के अनुसार मृतका का नाम स्नेहा जादौन (24) है। उनके पति का नाम शैलेन्द्र जादौन है, जो पीटीसी में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं और वहीं रहते हैं। पति सोमवार सुबह पत्नी के शव को लेकर एमवाय अस्पताल पहुंचे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीटीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी जांच में जुट गए हैं। स्नेहा का एक तीन साल का बच्चा है। शैलेन्द्र पीटीसी में ड्यूटी लगाने का कार्य करता है। वह मुरैना का रहने वाला है। उनका भाई सत्येन्द्र भी संयोगितागंज थाने में हेड कांस्टेबल के पद पर पदस्थ है। स्नेहा भी मुरैना की रहने वाली है। मायके पक्ष के लोगों को घटना की जानकारी दे दी गई है। स्नेहा के पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। परिवार में दो भाई और एक भाभी हैं, जिनमें से एक भाई व्यापारी है और दूसरा प्रॉपर्टी का काम करता है। सभी परिजन इंदौर के लिए रवाना हो चुके हैं। आजाद नगर टीआई लोकेश सिंह भदौरिया के अनुसार, अभी मौके से किसी भी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।




### दूध विक्रेता ने मरने से पहले दिया बयान क्रिकेट बुकी सहित पांच लोगों के नाम बताए

**इंदौर।** इंदौर के एरोड्रम इलाके में रहने वाले दूध विक्रेता आकाश तिवारी ने बुधवार को जहर खा लिया था। बड़े गणपति से उसने अपने भाई विकास को कॉल किया। दूसरी बार बातचीत होने पर विकास ने आकाश को बाठिया अस्पताल में भर्ती कराया। यहां दिए बयान में उसने एक क्रिकेट बुकी, एक महिला और अन्य तीन लोगों के नाम बताए। पुलिस ने उनकी डिटेल परिजनों से मांगी है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक, आकाश तिवारी की मौत के मामले में परिवार के बयान दर्ज होने के बाद आरोपियों पर एफआईआर दर्ज की जा सकती है। बताया जा रहा है कि क्रिकेट मैच के सट्टे में आकाश पर करीब 20 लाख रुपए का कर्ज था। कर्जदाता उससे 10 से 15 प्रतिशत ब्याज भी वसूल रहे थे, जिसे वह चुका नहीं पा रहा था। आत्महत्या से पहले उसके द्वारा वीडियो बनाने की बात सामने आई, लेकिन पुलिस को वह वीडियो नहीं मिला है। टीआई वेरेन्द्र सिंह कुशवाह के अनुसार, आकाश तिवारी ने आत्महत्या से पहले जांच अधिकारी को एक बयान दिया था, जिसका वीडियो भी बनाया गया है। इस बयान में उसने संजय उर्फ संजू पंवार, पम्मी, हरी सोनी, नरेन्द्र की पत्नी और एक क्रिकेट बुकी के नाम बताए हैं। फिलहाल बयान में प्रताड़ना का उल्लेख नहीं है। पत्नी के बयान के बाद ही आरोपियों पर आगे की कार्रवाई की जा सकेगी।

### पान की दुकान पर कार्य कर रहे युवक की हार्ट अटैक आने से मौत

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र स्थित बिचौली मदार्ना इलाके में एक पान की दुकान पर काम कर रहे युवक की हार्ट अटैक से मौत हो गई। युवक अचानक गश खाकर गिर पड़ा, जिसके बाद आसपास मौजूद लोग उसे तुरंत एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान कुलदीप (22) पुत्र शंभूसिंह निवासी गुलमर्ग परिसर के रूप में हुई है। रिश्तेदारों ने बताया कि कुलदीप अपने परिचित भगवत सिंह की बिचौली मर्दाना स्थित पान की दुकान पर काम कर रहा था। रविवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और वह बेहोश होकर गिर गया। परिजनों के अनुसार कुलदीप करीब छह माह पहले ही इंदौर आया था और अपने चाचा के साथ रह रहा था। वह निजी कंपनी में नौकरी करता था। भगवत सिंह को दो दिन के लिए बाहर जाना था, इसलिए उसने कुलदीप से दुकान संभालने के लिए कहा था। कुलदीप मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला था। उसके पिता खेती करते हैं, जबकि एक भाई और दो बहनें गांव में ही रहते हैं। पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और वे शव लेकर राजस्थान रवाना हो गए।

### शेयर ट्रेडिंग की ठगी में 4 आरोपी गिरफ्तार जबलपुर की महिला से 14.16 लाख ठगे

**इंदौर।** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर महिला से लाखों रुपए की ठगी करने वाले चार आरोपियों को स्टेट साइबर पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर निवेश का लालच दिया और ऑनलाइन धोखाधड़ी की। ठगी की राशि भी बरामद कर ली गई है। रविवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जबलपुर लाया गया और कोर्ट में पेश किया गया। जबलपुर निवासी महिला की सोशल मीडिया के जरिए इंदौर के अनिकेत मात्रे से पहचान हुई थी। महिला व्यवसाय शुरू करना चाहती थी।

### पुलिस चेकिंग देखकर भागा बाइक चोर को घेराबंदी कर पकड़ा, 5 बाइकें जब्त

**इंदौर।** इंदौर की हीरानगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक आरोपी को पकड़ा है। उसके पास से चोरी की पांच बाइकें बरामद हुई हैं। आरोपी शौक पूरा करने के लिए बाइकें चुराता था। उसके खिलाफ हीरानगर थाने में पहले भी चोरी का एक मामला दर्ज है। टीआई सुशील पटेल के मुताबिक, पुलिस टीम ने मयंक उर्फ चिराग, पिता गोपाल अठोनिया, निवासी सेठी नगर, विजयनगर को पकड़ा है। आरोपी पुलिस की चेकिंग देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने पांच बाइकें चुराना कबूल किया है। वहीं क्राइम ब्रांच ने 102 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ चिंटू उर्फ चिट्टी, निवासी भागीरथपुरा को पकड़ा है। आरोपी लक्ष्मीबाई नगर के पास क्राइम ब्रांच को दिखाई दिया था। आरोपी चिंटू के खिलाफ पहले भी अन्य थानों में अपराध दर्ज हैं। वह ब्राउन शुगर की पुड़िया बनाकर बेचता था। क्राइम ब्रांच ने उसे रिमांड पर लिया है। वहीं एरोड्रम पुलिस ने भी सुमित पथरोड, निवासी पंचवटी नगर को 9 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा और आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

#### भूजल संरक्षण जरूरी, जिलों के मौजूदा प्लान लौटाए और संशोधित प्लान मांगे गए

# पर्यावरण प्लान: अब साफ पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैली बीमारी के बाद राज्य सरकार ने पर्यावरण और पेयजल सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देशों के बाद अब सभी जिलों की जिला पर्यावरण योजना (डिस्ट्रिक्ट एनवायरमेंट प्लान) और राज्य स्तरीय पर्यावरण प्लान में बड़ा बदलाव किया जा रहा है।

अब तक स्वच्छता, हरियाली, कचरा प्रबंधन और सतही जल संरक्षण तक सीमित रहे इन प्लान में पहली बार पानी की शुद्धता, भूजल संरक्षण और पराली जलाने के प्रबंधन को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश के बाद सभी जिलों से भेजे गए मौजूदा प्लान पुनरीक्षण के लिए लौटा दिए गए हैं और संशोधित प्लान मांगे गए हैं।

दूषित पानी कांड के बाद सरकार ने पेयजल को इमरजेंसी कैटेगरी में रखा है। प्रदूषण बोर्ड को जिलों के पर्यावरण प्लान को भूजल व सतही जल दोनों के संरक्षण उपायों के साथ अपडेट कराने के निर्देश दिए गए हैं।




प्लान में बदलाव करने के लिए निर्देश मिले हैं। संबंधित विभागों से जानकारी बुलाकर समाहित कर रहे हैं।

**सतीश कुमार चौकसे, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण बोर्ड**

**क्या है जिला पर्यावरण योजना**

एनजीटी के निर्देशों पर तैयार पर्यावरण योजना में जिले के प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, वायु व जल प्रदूषण नियंत्रण शामिल होते हैं। योजना हर साल अपडेट होती है और प्रशासन, निगम, प्रदूषण बोर्ड इसे लागू करवाते हैं।

## सीएसआई को शोकाज नोटिस, दरोगा को फटकारा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने सोमवार को निगम अधिकारियों के साथ भागीरथपुरा और जोन क्रमांक-2 के अंतर्गत लोहारपट्टी इलाके का दौरा किया। इस दौरान लोहारपट्टी में कचरा समय पर नहीं उठाने और सफाई में लापरवाही पर दरोगा को फटकार लगाई और क्षेत्रीय सीएसआई को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयुक्त ने इलाके में पूरी तरह से सफाई के निर्देश दिए हैं।

इससे पहले आयुक्त भागीरथपुरा पहुंचे और जलप्रदाय और ड्रेनेज लाइन से संबंधित कामों को देखा। निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों से काम की जानकारी ली और सभी काम तय समय में क्वालिटी के साथ जल्दी पूरा करने को कहा।

आयुक्त ने इलाके में लोगों को बिना किसी परेशानी के नियमित जलप्रदाय करने के लिए जरूरी व्यवस्थाएं करने को भी बोला। निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त नरेंद्र नाथ पांडे, जोनल अधिकारी, क्षेत्रीय सीएसआई सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। यहां से निगमायुक्त जोनल ऑफिस क्रमांक 14 हवा बंगला इलाके में सफाई व्यवस्था और विकास कामों को देखने पहुंचे।

## नशे में हनुमान मंदिर के पास पेशाब करने वाले तीन युवक गिरफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के रावजी बाजार थाना क्षेत्र स्थित मोती तबेला इलाके में नशे की हालत में हनुमान मंदिर के पास पेशाब करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। रावजी बाजार पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई करते हुए आगे की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को मंदिर के बाहर नशे की हालत में तीन युवकों ने आपत्तिजनक हरकत की थी। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता तन्नू शर्मा ने इस मामले की जानकारी रावजी बाजार पुलिस को दी और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। सोशल मीडिया पर वीडियो सामने आने के बाद बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ने की चेतावनी भी दी थी। पुलिस ने वीडियो और स्थानीय रहवासियों द्वारा उपलब्ध कराए गए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर रविवार को अर्पित चौहान, राजा दुबे और कमल अहिरवार को पकड़ लिया।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
त्रिम्बकेश्वर - घृष्णेश्वर - परली बैजनाथ
अजंता - एलोरा - नासिक पंचवटी
त्रय ज्योतिर्लिंग यात्रा
पहला दिन: रात्रि 8:00 बजे इंदौर से अजंता गुफा के लिए प्रस्थान
दूसरा दिन: प्रातः काल अजंता क्षेत्र आगमन स्नान नाश्ता एवं भ्रमण भोजन पश्चात एलोरा एवं घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान, क्षेत्र भ्रमण पश्चात परली बैजनाथ प्रस्थान
तीसरा दिन: परली बैजनाथ दर्शन उपरांत शनि शिंग्नापुर हेतु प्रस्थान दर्शन उपरांत त्रिम्बकेश्वर ज्योतिर्लिंग हेतु प्रस्थान एवं रात्रि विश्राम
चौथा दिन: त्रिंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग दर्शन, नासिक पंचवटी भ्रमण इंदौर की ओर प्रस्थान
Facilities
चयनित जगह होटल विश्राम
अनुभवी गाइड सेवा
दोनों समय भोजन एवं एक समय चाय नाश्ता
स्लीपर बस सुविधा
यात्रा शुल्क 6,000 रु प्रति सवारी
मध्य भारत की सबसे पुरानी एवं अनुभवी प्राइवेट लिमिटेड यात्रा कंपनी
सभी प्रवेश टिकट, स्मारक शुल्क और अन्य व्यक्तिगत खर्चे यात्रियों द्वारा सीधे भुगतान किए जाएंगे।

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे,
मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com